ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित



'आई लव यू' सीन के लिए 14 घंटे तक पानी में ...
पेज 10 पर

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • आषाढ़ कृष्ण पक्ष 07 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 11 जून 2023 • वर्ष-29 • अंक-235 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

# रांची में बेअसर, ग्रामीण इलाकों में असरदार रहा बंद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नियोजन नीति के विरोध में छात्र संगठनों के द्वारा बुलाए गए झारखंड बंद का राजधानी रांची शनिवार को बेअसर रहा। लेकिन रांची के आसपास के ग्रामीण इलाकों में बंद असरदार रहा। सोनाहातू, नामकुम, राहे, बुंडू, कांके आदि इलाकों में बंद समर्थक सड़क पर उतरे। प्रदर्शनकारियों ने जुलूस निकाल मुख्य मार्गों में आवागमन बाधित किया। इस दौरान सड़क पर टायर जला कर प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं रांची के शहरी इलाकों में समर्थक बंद कराने किसी भी हिस्से में नहीं निकले। बुलाए गए बंद को लेकर शहर में दिन के ग्यारह बजे तक सड़कों पर आवागमन कम हुआ। मगर इसके बाद शहर के तकरीबन सभी मार्गों में आवागमन सामान्य दिनों की तरह ही रही। रांची के मेन रोड में दुकानें खुली रही। ऑटो और सिटी बसों का आम दिनों की तरह ही परिचालन हुआ। वहीं कांटाटोली खादगढ़ा बस स्टैंड से दिन में बसें दूसरे शहरों के लिए कम गई। दोपहर बाद से बसों का परिचालन सामान्य हो रहा। बंद समर्थकों से निपटने के लिए पुलिस अफसर लगातार गश्त लगाते नजर आए।

## बंद समर्थकों से निपटने के लिए मुस्तैद थी पुलिस

**बंद** समर्थकों से निपटने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। शहर के मेन रोड, सुजाता चौक, हरमू रोड, रातू रोड, लालपुर, कांटाटोली आदि मार्गों में बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनात रही। अलबर्ट एक्का चौक पर कोतवाली डीएसपी ने सुबह में पुलिस के जवानों के बीच ब्रीफिंग की। दिनभर पुलिस के जवान अलबर्ट एक्का चौक पर तैनात रहे। एसएसपी किशोर कौशल लगातार पूरी सुरक्षा व्यवस्था की मॉनेट्रींग कर रहे थे। डीएसपी और थानेदारों को लगातार एसएसपी वायरलेस पर दिशा-निर्देश दे रहे थे।



## NEWS इन ब्रीफ

### भारतीय टीम में झारखंड की पहली महिला खिलाड़ी सरिता का चयन

**रांची।** मलेशिया में 14 से 19 जून तक आयोजित एशियन ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप के लिए झारखंड की सरिता कुमारी का चयन भारतीय टीम में हुआ है। सरिता झारखंड की पहली महिला खिलाड़ी होगी, जो इस चैंपियनशिप में भाग लेगी। एशियन जूनियर चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए इंडियन टीम शनिवार को मलेशिया रवाना हुई। साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव सरदार मनिंदर पाल सिंह ने झारखंड साइकिल संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक को यह जानकारी दी।

### 1.5 किलो अवैध अफीम के साथ पति-पत्नी गिरफ्तार

**चतरा।** पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने लावालौंग थाना अंतर्गत ग्राम कोलकोले कला के कटहर टोला में अब्बस के घर छापेमारी कर डेढ़ केजी अवैध अफीम बरामद करने के साथ तस्करी में शामिल पति-पत्नी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। एसडीपीओ अशोक कुमार ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि अवैध अफीम किसी बाहरी व्यक्ति को बेचने की सूचना का सत्यापन करते हुए छापामारी की गई, जहां मो. अब्बस के घर से एक प्लास्टिक के डिब्बे में काले रंग का अर्द्ध ठोस अफीम जैसा पदार्थ (1.5 केजी) बरामद हुआ। अफीम को जब्त करने के साथ मो. अब्बस एवं पत्नी आईसा खातून को गिरफ्तार किया गया।

### कोरोमंडल एक्सप्रेस हादसे वाले स्टेशन पर नहीं रुकेगी कोई ट्रेन

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालेश्वर के पास जिस बहनगा बाजार रेलवे स्टेशन के करीब कोरोमंडल एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हुई थी उस स्टेशन पर अब कोई ट्रेन नहीं रुकेगी। साउथ ईस्टर्न रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आदित्य कुमार चौधरी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद रेल मंत्रालय के अनुरोध पर जांच कर रही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने स्टेशन का लॉग बुकए रिले पैनल और अन्य उपकरण जब्त कर लिया है। साक्ष्यों से छेड़छाड़ ना हो सके इसके लिए स्टेशन पर किसी भी ट्रेन के रुकने पर फिलहाल अस्थाई प्रतिबंध लगाया गया है। चौधरी ने बताया कि गत हफ्ते शुक्रवार को रेल दुर्घटना के बाद सोमवार को अप और डाउन लाइन पर रेलवे यातायात को पुनर्बहाल किया गया था।

## श्री बंशीधर नगर में घटी हृदय विदारक घटना

# डैम में नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 5 नयाखांड स्थित बभनीखांड डैम में स्नान करने के दौरान तीन बच्चों की मौत डूबने के कारण हो गयी। घटना शनिवार सुबह साढ़े 9 बजे की है। मृतकों में गढ़वा थाना क्षेत्र के कुशमाहा निवासी मुन्ना उराव के पुत्र सोनू उरांव (9), जंगीपुर निवासी मुन्ना उरांव का पुत्र अंकज उरांव (7) और जंगीपुर निवासी जवाहर उरांव की 13 वर्षीय पुत्री रूपा कुमारी शामिल हैं। घटना के बाद डैम पर चीख पुकार मच गई।

जानकारी के अनुसार, पांच बच्चे डैम की तरफ घूमने गए थे। इसी दौरान 4 बच्चे डैम में जाकर स्नान करने लगे। डैम में गहराई अधिक होने के कारण चारों बच्चे डूबने लगे तो डैम के बाहर खड़ी रूपा कुमारी इन बच्चों को बचाने के दौरान खुद डूबने लगी। सोहन उरांव का पुत्र रंजीत उरांव और स्व विजय उरांव का पुत्र गोलू उरांव किसी तरह बाहर निकल सके, लेकिन अन्य तीनों बच्चे डूब गए। पास में कपड़ा साफ कर रही एक महिला ने बच्चों को डूबते देख कर शोर करने लगी। शोर सुनकर बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए। आस-पास के लोगों ने डैम से तीनों बच्चों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी। वहीं घटना की खबर पाकर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह सहित पुलिस बल डैम पहुंचकर मामले की जानकारी ली। तीनों शवो को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### बच्चों की मौत पर मंत्री ने जताया दुख

**गढ़वा** जिला अंतर्गत श्रीबंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जंगीपुर स्थित बभनीखांड़ डैम में डूबने से तीन आदिवासी बच्चों के निधन पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दुख व्यक्त किया है। मंत्री ने ट्वीट कर कहा है कि यह घटना अत्यंत ही पीड़ादायक है। इस घटना पर मंत्री ने संज्ञान लेते हुए उपायुक्त शेखर जमुआर को तत्काल सरकारी प्रावधान के अनुरूप पीड़ित परिवार को सहयोग करने का निर्देश दिया है। मंत्री ठाकुर ने कहा कि सरकार पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग करेगी।

# झारखंड में कल से प्री-मानसून बारिश, गर्मी से राहत की उम्मीद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में गर्मी का कहर अगले तीन-चार दिनों तक जारी रहेगा। राज्य के तकरीबन सभी जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेसि के आसपास ही रहेगा। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शनिवार को बताया कि मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने 12 जून से पहले तपती गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिलेगी। 11 जून से राज्य के कई इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। 12 जून प्री-मानसून से भी थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं, 12 जून से कुछ जगहों पर मौसम में बदलाव हो सकता है। कुछ जिलों में आंशिक बादल छाये रहने के साथ, हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की बात कही गयी है। 15 जून के बाद ही पूरे राज्य में लोगों को गर्मी से हल्की राहत की उम्मीद है। विभाग की मानें तो दक्षिणी पश्चिमी मानसून के प्रवेश करने के बाद अब 18 जून तक मानसून झारखंड में पहुंच सकता है, जिसके बाद लोगों को तेज गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम केंद्र ने अगले चार दिनों के लिए अलग-अलग इलाकों को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 11-12 को संताल परगना के सभी जिलों के साथ गिरिडीह के लिए मौसम केंद्र ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। शेष जिलों के लिए येलो अलर्ट है। 13 को केवल गिरिडीह के लिए येलो अलर्ट है। पश्चिमी सिंहभूम जिले के कुछ भागों में अगले एक से तीन घंटे में बारिश के प्रबल संभावना है। इस दौरान हल्के से मध्यम दर्जे की गर्जन और वज्रपात की भी आशंका है।

### स्कूलों में ग्रीष्म अवकाश की अवधि बढ़ाने की मांग

**झारखंड** में भीषण गर्मी पड़ रही है। कई जिलों का पारा 44 से 45 डिग्री के बीच रहने से लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसके मद्देनजर झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्ज्वल तिवारी ने सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड को पत्र लिख कर राज्य में संचालित सभी विद्यालयों में ग्रीष्म अवकाश की अवधि बढ़ाने की मांग की है। उज्ज्वल तिवारी ने पत्र के माध्यम से सचिव को अवगत कराते हुए कहा कि वर्तमान समय में राज्य के लगभग सभी जिलों में लू एवं चिलचिलाती गरमी पड़ रही है। मौसम विभाग द्वारा भी इस संबंध में सूचना प्रसारित है कि आगामी कुछ दिनों तक राज्य में लू एवं चिलचिलाती गरमी की संभावना है। लेकिन राज्य में संचालित कुछ विद्यालयों द्वारा घोषित ग्रीष्म अवकाश की अवधि समाप्त चुकी है एवं विद्यालय में कक्षा का संचालन किया जा रहा है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उज्ज्वल तिवारी ने सचिव से अनुरोध किया है कि गर्मी की वर्तमान स्थिति एवं बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए राज्य में संचालित सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में ग्रीष्म अवकाश की अवधि को विस्तारित करने के लिए आदेश निर्गत करने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाये।

# मुख्यमंत्री की विधि-व्यवस्था की समीक्षा बैठक 15 जून को



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड की विधि व्यवस्था को लेकर 15 जून को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समीक्षा बैठक करेंगे। इस बाबत पुलिस मुख्यालय ने झारखंड के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दे दी है। बैठक में मुख्यमंत्री नक्सल, संगठित आपराधिक गिरोह, अवैध खनन, नारकोटिक्स के साथ-साथ कई अन्य मसलों पर बात करेंगे। बैठक को लेकर पुलिस मुख्यालय तैयारियों में जुट गया है।

विधि व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री समीक्षा तो करेंगे। इसके अलावा राज्य में अवैध खनन, अवैध खनन से हो रहे हादसों की भी समीक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री यह भी समीक्षा करेंगे की अवैध खनन को रोकने के लिए जो टास्क फोर्स बनाया गया है उसने अब तक कैसा परफॉर्मेंस दिया है। 15 जून की समीक्षा को लेकर झारखंड के सभी जिलों के एसपी डीआईजी आईजी के अलावा दूसरे पुलिस अधिकारियों को भी पुलिस मुख्यालय के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## नये हाईकोर्ट में कल से होगी सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के नये भवन में 12 जून से दोपहर लगभग दो बजे सुनवाई शुरू हो जायेगी। इस नये भवन में जिस मामले की सबसे पहले सुनवाई हो रही है वो मामला है झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (जेट) के आदेश के खिलाफ की गयी अपील। पहले ही दिन यहां संविधान पीठ बैठेगी, जिसमें चीफ जस्टिस समेत 5 जज शामिल रहेंगे। इस मामले में सुनवाई के बाद पीठ यह फैसला लेगी कि जेट के आदेश के खिलाफ अपील हाईकोर्ट की एकलपीठ में होगी या खंडपीठ में। नये भवन में लिया जाने वाला यह अहम फैसला होगा। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा, जस्टिस रत्नाकर भेंगरा, जस्टिस अनुभा रावत चौधरी, जस्टिस दीपक रौशन और जस्टिस नवनीत कुमार की संविधान पीठ सुनवाई के बाद फैसला करेगी।

# पीएलएफआई का एरिया कमांडर विश्राम कोनगाड़ी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

रनिया थानांतर्गत उड़ीकेल बड़काटोली गांव के समीप से पुलिस ने शुक्रवार को पीएलएफआई के एरिया कमांडर विश्राम कोनगाड़ी उर्फ मोटा उर्फ सुकरात को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उग्रवादी के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा एक जिंदा गोली सहित पीएलएफआई का पर्चा और चंदा रसीद बरामद किया है। उसके खिलाफ तोरपा, रनिया और गुमला जिले के कमडारा थाने में 11 मामले दर्ज हैं। यह जानकारी खूंटी के प्रभारी एसपी नौशाद आलम ने शनिवार की शाम एसपी कार्यालय खूंटी में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार एरिया कमांडर सुप्रीमो दिनेश गोप का विश्वस्त कमांडरों में से एक था। दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद कमजोर हो चुके संगठन को वह मजबूत करने के प्रयास में जुटा था। प्रभारी एसपी ने बताया कि शुक्रवार को उन्हें गुप्त सूचना मिली कि एरिया कमांडर विश्राम कोनगाड़ी उड़ीकेल गांव के आसपास भ्रमणशील है। इस सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए तोरपा के एसडीपीओ ओमप्रकाश तिवारी के नेतृत्व में टीम गठित कर गिरफ्तार कर लिया गया।



## अंचल कार्यालय का प्रधान सहायक घूस लेते गिरफ्तार



**धनबाद।** डीएसपी नितिन खंडेलवाल के नेतृत्व में एसीबी की टीम ने गोविंदपुर अंचल कार्यालय के प्रधान सहायक परमानंद प्रसाद को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों धर दबोचा है। एसीबी उससे पूछताछ कर रही है। प्रधान सहायक गोरतोपा पंचायत के डोमनडीह निवासी सनातन हेंब्रम से उनके 28 एकड़ जमीन की रशीद काटने के एवज में दो लाख अस्सी हजार रुपये की घूस की मांग कर रहे थे। इसी की पहली किस्त के रूप में पंद्रह हजार रुपये लेते हुए उसे गिरफ्तार किया गया है। जैसे ही एसीबी की छापेमारी हुई अंचल और ब्लॉक दोनों ही जगह पर हड़कंप मच गया। वहां से बीडीओ-सीओ फरार हो गए।

## प्रस्ताव — राज्य समन्वय समिति की बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

# निजी क्षेत्रों-परियोजनाओं में 75 प्रतिशत आरक्षण को लागू हो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य समन्वय समिति की पहली बैठक शनिवार को समिति के अध्यक्ष सह सांसद शिबू सोरेन की अध्यक्षता में मोरहाबादी स्थित उनके आवास में हुई। बैठक की जानकारी देते हुए विनोद पांडेय ने पत्रकार वार्ता में कहा कि कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी। सबसे पहले सरकार की ओर से जो भी निर्णय लिये गये थे उन निर्णयों को सरकार मजबूती से लागू करे। जहां भी त्रुटी है, उन त्रुटियों को दूर करते हुए जो राज्य के लोगों की जनभावना है उस जनभावना को पूरा करने का प्रयास करने के लिए सरकार को परामर्श दिया है। निजी क्षेत्रों और परियोजनाओं में 75 प्रतिशत आरक्षण को जो प्रावधान लागू किया गया है उसे सख्ती से लागू करने का परामर्श सरकार को दिया गया है। जो छात्र और युवा हैं, उनका नियोजन हो और जो सरकार से उनकी जो उम्मीदें हैं, वह पूरा हो। उन्होंने कहा कि दूसरा जो महत्वपूर्ण विषय सरना आदिवासी धर्म कोड है। राज्य सरकार ने कैबिनेट और विधानसभा से पास कर केंद्र सरकार को भेजने का काम किया। सरना आदिवासी धर्म कोड इस राज्य के लोगों की भावना से जुड़ा मामला है। राज्य सरकार ने इस मामले का निष्पादन किया। इसी प्रकार केंद्र सरकार भी भावना के अनुरूप अनुमोदित करे। उन्होंने कहा कि समिति ने सरकार को सुझाव दिया है कि उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर इस पर राष्ट्रपति से मिलकर लागू करवाने का अनुरोध किया जाये।

उन्होंने कहा कि स्थानीय नीति राज्य सरकार की ओर से बनायी गयी। विधानसभा ने उसे ध्वनि मत से पारित किया। राज्यपाल के पास अनुमोदन के लिए भेजा गया लेकिन राज्यपाल के यहां से बिना अनुमोदन के सरकार को लौटा दिया गया। समिति ने सरकार से निवेदन किया है कि जनभावना को देखते हुए इस स्थानीय नीति पर निर्णय लिया जाये। उन्होंने कहा कि एसटी, एससी और ओबीसी का आरक्षण को भी विधानसभा से पारित कराकर राज्यपाल के यहां भेजा गया। राज्यपाल की ओर से इस विधेयक को समीक्षा करने की बात कहकर लौटा दिया गया। सरकार इस पर निर्णय लेकर उसे लागू करें।

इसी प्रकार जनभावना के अनुरूप नियोजन नीति बनायी गयी लेकिन भाजपा के रवैया से यह मामला हाईकोर्ट8शेष पृष्ठ 11 पर से खारिज हो गया। पांडेय ने कहा कि कैबिनेट और विधानसभा में मॉब लिंचिंग को पास कर राज्यपाल को अनुमोदन के लिए भेजा था। उसे राज्यपाल की ओर से वापस कर दिया गया। उन्होंने कहा कि जनभावना के अनुरूप लिये गये सरकार के निर्णय को भाजपा के हस्तक्षेप करने पर राज्यपाल की ओर से लौटाया जाता है। समिति ने सभी विधेयकों के त्रुटि को ठीक कर सभी मामलों को दोबारा भेजने को कहा है।

मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य समन्वय समिति के सदस्य राजेश ठाकुर ने कहा कि सरकार हर स्तर पर काम करना चाहती है लेकिन विपक्ष का सहयोग नहीं मिल रहा है। ये भाजपा वाले हाईकोर्ट और राज्यपाल का सहारा लेकर विधेयकों को लागू करने में अड़ंगा डाल रहे हैं। एक सवाल के जवाब में ठाकुर ने कहा कि समिति का काम है समय-समय पर सरकार को सलाह देना, जो समिति कर रही है। राजेश ठाकुर ने कहा कि बैठक में कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद किये जाने के मामले पर चर्चा हुई। समिति के सदस्यों ने सरकार से आग्रह किया है कि जबतक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो जाती तब तक कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई चालू रहने दिया जाये। बैठक में टीवीएनएल विस्तारीकरण पर भी विधिवत चर्चा की गयी। साथ ही समिति ने फैसला लिया कि हर महीने समिति बैठक करेगी।

बैठक में अध्यक्ष शिबू सोरेन के अलावा सदस्य आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, सरफराज अहमद, राजेश ठाकुर, योगेंद्र महतो, फागु बेसरा और विनोद पांडे मौजूद थे।



# पटना व रांची वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन 12 को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन (जेएसएसयू) के झारखंड बंद के मद्देनजर रेलवे ने पटना-रांची वंदे भारत ट्रेन के ट्रायल रन को रिशेड्यूल किया है। पटना से रांची तक वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन 11 जून को होना था लेकिन तारीख को एक दिन आगे बढ़ा दिया गया है। अब 12 जून को पटना से रांची और रांची से पटना के लिए ट्रेन का ट्रायल रन होगा।

उल्लेख है कि जेएसएसयू ने राज्य सरकार की 60-40 नियोजन नीति के खिलाफ 10 और 11 जून को झारखंड बंद का आह्वान किया है। पटना से 12 जून को सुबह 6.55 बजे ट्रायल रन शुरू होगा। यह ट्रेन सुबह 8.20 बजे गया पहुंचेगी। बरकाकाना पहुंचने का टाइम 11.30 रहेगा। दोपहर एक बजे यह ट्रेन रांची रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इस दौरान जहानाबाद स्टेशन, कोडरमा, हजारीबाग और मेसरा में भी ट्रेन रुकेगी। अभी तक की प्लानिंग के मुताबिक गया में 10 मिनट और बरकाकाना में पांच मिनट ट्रेन रुकेगी।



12 जून को ही रांची रेलवे स्टेशन से 14.20 बजे ( 2 बजकर 20 मिनट) वंदे भारत ट्रेन पटना के लिए रवाना होगी। टाटीसिल्वे में बिना रुके 3.30 बजे बरकाकाना पहुंचेगी। इसके बाद शाम सात बजे गया और फिर 20.25 बजे (शाम 8 बजकर 25 मिनट) पटना पहुंचेगी। इस दौरान ट्रेन को मेसरा, हजारीबाग, कोडरमा और जहानाबाद में प्रस्तावित स्टॉपेज पर रोका जाएगा। इस बाबत पूर्व मध्य रेलवे के सीपीटीएम ने दानापुर, मुगलसराय और धनबाद डिवीजन के सीनियर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

## जाति आधारित जनगणना कराने की मांग

**सतबरवा।** राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के पलामू जिला कार्यकारी अध्यक्ष अशोक प्रसाद के नेतृत्व में जाति आधारित जनगणना कराने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम से पलामू उपायुक्त को एक पत्र सौंपा है कार्यकारी अध्यक्ष अशोक प्रसाद ने कहा कि ओबीसी वर्ग के संवैधानिक अधिकारों की उपेक्षा केंद्र व राज्य सरकार करती आ रही है। विगत दिनों राज्य सरकार द्वारा आरक्षण रोस्टर प्रकाशित हुआ था, जिसमें पिछड़ी जातियों को सात जिला में आरक्षण शुन्य एवं शेष जिला में न्यूनतम कर दिया गया है। इस कृत से राज्य के तमाम पिछड़ा समाज उपेक्षित एवं मर्माहत है। दूसरी तरफ पिछड़ी जाति के लिए क्रीमीलेयर भी एक यक्ष प्रश्न बना हुआ है ,फिर जाति आधारित व्यवस्था आज भी जीवंत है, तो जाति आधारित जनगणना क्यों नहीं। अशोक प्रसाद ने कहा कि ओबीसी को 27% आरक्षण दिया जाये।और जाति आधारित जनगणना भी कराई जाए।

## कुत्ते को बचाने के दौरान बाइक से गिरकर युवक घायल

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के बड़कागांव निवासी अंकित कुमार तिवारी उम्र 28 वर्ष कुत्ते को बचाने के दौरान बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर अंकित अपने घर से बाइक पर सवार होकर मेदिनीनगर जा रहा था।तभी रास्ते में वह एक कुत्ते को बचाने के दौरान बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां सदर अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है।

## आवास कॉर्डिनेटर के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन

**हुसैनाबाद ।** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय में आवास कॉर्डिनेटर को स्थानांतरण के बाद विदाई दी गई। विदाई समारोह के इस मौके पर आवास कॉर्डिनेटर को कार्यालय कर्मियों की ओर से अंगवस्त्र व बुके देकर भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर सीओ नंद कुमार राम ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे पदस्थापन स्थल पर भी इसी तरह से अच्छे कार्य करने और मनोबल को ऊंचा रखने पर बल दिया।

# दो माह के बाद लगा ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में खुशी



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हैदरनगर पूर्वी पंचायत अंर्तगत कोईरियाडीह टोला टीकर पर गत दो माह से जले ट्रांसफार्मर उपभोक्ताओं की लंबी भागदौड़ के बाद शुक्रवार की देर शाम विद्युत कर्मियों ने ट्रांसफार्मर लगाने का काम किया है।इससे ग्रामीणों में खुशी हैं। ग्रामीण रविन्द्र मेहता, रमेश मेहता, शंभू सोनी, राजेश्वर मेहता, अनूप कुमार सिंह, अखिलेश मेहता सहित अन्य विद्युत आपूर्ति से प्रभावित उपभोक्ताओं ने कहा कि 14 अप्रैल को ही ट्रांसफर्मर जलने के बाद लिखित शिकायत सहायक अभियंता व कनीय अभियंता को दी गयी। इस ट्रांसफार्मर से कुल 24 पंजीकृत उपभोक्ता सहित सैकड़ों परिवार इस भीषण गर्मी में बिजली, पानी के अभाव में झुलसते रहे। उक्त ट्रांसफार्मर टाटा कंपनी की ओर से 25 केवीए के पांच वर्ष पूर्व लगाये गये थे। इसे बदलने के लिये विभागीय अभियंताओं ने कहा कि वारंटी अवधि के इस उपकरण को बदलने की जिम्मेवारी उक्त कंपनी की ही है। टालमटोल करते करीब डेढ़ माह बीत गये। हालांकि इस पीड़ा को क्षेत्रीय विधायक के समक्ष भी रखा गया था। उन्होंने कहा कि इस स्थान पर ट्रसंफार्मर को बदलवाने में स्पष्ट तौर पर भेदभाव प्रतिनिधियों ने बरती है। ग्रामीणों ने थक हारकर इस समस्या को स्थानीय भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. अजय जयसवाल व पार्टी नेता विनोद कुमार सिंह के पास गत पखवाड़े ही रखने का कार्य किया। उनके पहल पर इस मामले को सांसद वीडी राम को संज्ञान में दिये जाने पर सांसद ने तत्काल महाप्रबंधक को पत्र देकर यहां ट्रांसपार्मर बदलने की अनुशंसा कर दी। सांसद के पहल पर ही विभाग ने नया ट्रांसफार्मर को स्थापित कर इस गर्मी से राहत दिलाने का कार्य किया है। उन्होंने इसके लिये सांसद के प्रति अभार जताया है।

# अनियंत्रित बाइक पलटने से पति-पत्नी दोनों हुए घायल



नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर-रेहला मुख्य पथ पर गोदरमा गांव के समीप अनियंत्रित होकर बाइक पलट गई,जिसमे सवार पति व पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनकी पहचान सोहदाग निवासी गोधन सिंह व उनकी पत्नी रिना देवी के रूप में हुई है। जिन्हे स्थानीय भाजपा नेताओं ने आनन फानन में सीएचसी विश्रामपुर में लाकर भर्ती करवाया। जहां चिकित्सक डॉ मनोज कुमार थॉमस ने दोनों घायल पति-पत्नी का प्रथमिक उपचार किया। वहीं पत्नी रिना की गंभीर स्थिति को देखते हुए 108 एंबुलेन्स की मदद से आरएमएमसीएच जिला अस्पताल मेदनीनगर रेफर कर दिया है। वहीं घायल पति व पत्नी को दुर्घटना स्थल से सीएचसी तक पहुंचने वालो मे भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, भाजयुमो ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी,भाजपा नगर मंडल महामंत्री मनीष कुमार गुप्ता,इसरार हवरी सहित कई अन्य लोगों का अतुलनीय सहयोग रहा।


## कार्यालय; उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,पलामू,मेदिनीनगर
### (जिला स्थापना शाखा)

दूरभाष सं0–06562–224033 का/224044 (आ) Emai ID dc-pal@nic.in/edcpalamu@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

सरकार के सचिव, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक 1730 दिनांक 19.05.2023 द्वारा झारखण्ड राज्य कर्मचारी चयन आयोग, रांची के विज्ञापन सं0 01/2017 (नियमित रिक्ति) एवं 02/2017 (बैकलॉग रिक्ति) द्वारा इंटरमीएिट स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा,2017 के राज्य स्तर मेधा सूची के आधार पर निम्नवर्गीय लिपिक (जिला समाहरणालय) के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसित अभ्यर्थियों के कंडिका–4 के आलोक में सभी प्रमाण पत्रों एवं अन्य कागजात की जाँच कर संतुष्ट होने के उपरान्त नियुक्ति करने का निदेश है। पूर्व में अनारक्षित–26 एवं अनुसूचित जाति का–10, कुल–36 पद का जाँच (Counselling) किया जा चूका है। प्रोन्नति उपरान्त कुल 21 अनुशंसित अभ्यर्थियों का जाँच (Counselling) किया जाना है।

उक्त निदेश के आलोक में इस जिले में अनुशंसित अभ्यर्थियों में से मेधा क्रमांक (i) 27 से 31 तक, 33 से 37 एवं 92 कुल–11, (ii) 84 से 93 (89 एवं 92 को छोड़कर) कुल–08 एवं (iii) 72 से 73 कुल–02 तक के अभ्यर्थियों का शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं अन्य कागजात की जाँच (Counselling) दिनांक 12.06.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से 4.00 बजे अपराह्न तक ब्लॉक–ए के द्वितीय तल स्थित सभा कक्ष में निर्धारित की जाती है।

अतः उक्त अनुशंसित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपना सभी मूल प्रमाण पत्र (दो स्व–अभिप्रमाणित सहित), चरित्र प्रमाण पत्र, नवीनतम दो पासपोर्ट आकार का फोटो, आधार कार्ड, फोटो मतदान पहचान पत्र एवं अन्य कागजात के साथ निर्धारित तिथि को ससमय उपस्थित होकर जाँच कराना सुनिश्चित करें।

शेष अनुशंसित अभ्यर्थियों की नियुक्ति हेतु अन्य विभाग से रिक्ति की मांग की गई है। रिक्ति प्राप्त होने के उपरान्त जाँच (Counselling) आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

उपायुक्त,
लामू

PR 299705 Palamu(23-24).D


# बरकाकाना-वाराणसी मेमू पैसेंजर का परिचालन होगा पुनर्बहाल

### 12 जून से बरकाकाना-वाराणसी ट्रेन का परिचालन शुरू होने से लोगो की समस्या दूर होगी




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डाल्टनगंज होकर चलने वालीगाड़ी संख्या 03359/03360 बरकाकाना-वाराणसी मेमू पैसेंजर स्पेशल का परिचालन 12 जून से पुनर्बहाल किया जा रहा है। परंतु वाराणसी में यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के कारण इस ट्रेन का आंशिक समापन/प्रारंभ फिलहाल पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से/तक किया जाएगा। 12 जून से वाराणसी तक परिचालन प्रारंभ होने तक गाड़ी संख्या 03360 वाराणसी-बरकाकाना मेमू पैसेंजर स्पेशल का परिचालन पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन और बरकाकाना के मध्य संशोधित समय से किया जाएगा। इस दौरान यह ट्रेन पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से संशोधित समय 16.15 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 03.25 बजे बरकाकाना पहुंचेगी। जबकि गाड़ी संख्या 03359 बरकाकाना-वाराणसी मेमू स्पेशल बरकाकाना से पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन तक अपने पूर्ववर्ती निर्धारित समय से चलेगी। मेमू ट्रेन में पलामू जिले के सैकड़ों यात्री सफर करते है। इस ट्रेन से भारी संख्या में स्कूली और ट्यूशन करने वाले छात्र छात्रा इस ट्रेन के सहारे अपने पढ़ाई करने जातेथे। साथ ही मजदूर से लेकर नौकरी करने वाले सैकड़ों लोग इस ट्रेन पर आश्रित थे। ट्रेन बंद हो जाने से लोगो को काफी समस्या होती थी। 12 जून से इस ट्रेन का परिचालन शुरू होने से लोगो की समस्या दूर होगी। इस संबंध में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि ट्रेन के पुनः परिचालन प्रारंभ करने की मांग पलामू जिला एवं विशेषकर हुसैनाबाद अनुमंडल की जनता द्वारा लगातार की जा रही थी। इस संबंध में लोकसभा में भी मामले को उठाया गया था।साथ ही श्री अनुपम शर्मा, महाप्रबंधक रेलवे हाजीपुर, एवं माननीय सांसद जी ने व्यक्तिगत रूप से माननीय रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव जी से मुलाकात कर अनुरोध किया था एवं पत्राचार भी किया था। जिसके फलस्वरूप 12 जून 2023 यह ट्रेन पुनः प्रारंभ होगा। इस संबंध में महाप्रबंधक रेलवे, हाजीपुर जोन के कार्यालय द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल एवं धनबाद मंडल को अधिसूचना भेज दी गई है।

# नाला निर्माण में अनियमितता की शिकायत, एनसीपी नेताओं ने आकर देखा



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के ढाब, चंदा व बिजनीवार में शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा एनएच 98 फोरलेन किनारे नाला निर्माण में भारी अनियमितता का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है।ग्रामीणों द्वारा हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह से मौखिक रूप से शिकायत की गयी थी।इस आलोक में शनिवार को विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर एनसीपी के हरिहरगंज प्रखंड इकाई ने प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यस्थल पर आकर देखा। ग्रामीणों ने एनसीपी नेताओं को सब कुछ दिखाया।इस दौरान मनीष कुमार सिंह व एनसीपी नेताओं ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा घटिया निर्माण का आरोप लगाया गया है, वह सही है।वहीं एनसीपी नेताओं ने कहा कि नाला निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है।साथ ही 3 से 4 इंची की ढलाई की जा रही है। ढलाई जगह-जगह फट गयी है। जो साफ देखा जा सकता है। साथ ही नाला निर्माण के लिए खोदे गये गड्ढे को ठीक ढंग से समतल नहीं किया गया है। जिस कारण आए दिन खोदे गए नाले के गड्ढे में बच्चें व मवेशी गिरकर घायल हो रहे हैं।इसे लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है।इस संबंध में पूछे जाने पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी तरह का अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कंस्ट्रक्शन कंपनी की ओर से घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। साथ ही प्राक्कलन के अनुसार काम नहीं किया जा रहा है।इसकी उच्चस्तरीय जांच कराऊंगा और जो भी दोषी होगा, उस पर करवाई होकर रहेगी।इस मौके पर एनसीपी के वरिष्ठ नेता प्रिंस सिंह, प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, विनोद मेहता, अजय मेहता सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## हैदरनगर के दीवान बिगहा में आगलगी, सभी सामान नष्ट

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर थाना के दीवान बिगहा गांव में शनिवार की दोपहर चिलचिलाती धूप के बीच घर में आग लग गई। जिससे घर के अगले भाग व कई सभी सामान जलकर राख हो गये। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि पीड़ित परिवार रंजन चंद्रवंशी अत्यंत गरीब है। अगलगी में उनके पूरा घर का सामान जल गया है। जिससे पीड़ित के परिवार का स्थिति दयनीय हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से घंटों प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया?। इसकी सूचना हैदरनगर अंचल पदाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी को दी गई है।

# एनसीपी की बभंडी व दलपतपुर पंचायत कमेटी का गठन



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज ।** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के बभंडी व दलपतपुर गांव में शनिवार को एनसीपी कार्यकताओं की बैठक आयोजित हुयी।बैठक में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान, हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, जनेश्वर भुइयां, झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, बीस सूत्री अध्यक्ष रविंद्र सिंह विशेष रुप से मौजूद थे।बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व मुखिया संजय भुईयां को बभंडी पंचायत अध्यक्ष बनाया गया।वही अरुण भुइयां को अध्यक्ष, सुदीप सिंह को कोषाध्यक्ष, देवनारायण चंद्रवंशी को युवा सचिव, रामराज भुइयां पंचायत प्रभारी, पिंटू सिंह को पंचायत अध्यक्ष बनाया गया। जबकि अखिलेश यादव को दलपतपुर पंचायत अध्यक्ष के पद पर मनोनयन किया गया। जबकि दलपतपुर पंचायत में सुदर्शन बैठा को पंचायत अध्यक्ष, संजय पासवान को सचिव, सुरेश चंद्रवंशी व शिवकुमार सिंह को उपाध्यक्ष सहित दर्जनाधिक एनसीपी कार्यकताओं को पद दिया गया।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने कहा कि पंचायत समिति बनने के बाद पार्टी को क्षेत्र में नई पहचान और मजबूती मिलेगी।

## डाउन ट्रेन की समय सारणी से यात्री हुए असंतुष्ट

**हुसैनाबाद।** रेलवे कार्यों के विभिन्न कारणों से लंबे समय से बंद पड़ी बरकाकाना से वाराणसी ईएमयू स्पेशल पैसेंजर ट्रेन नंबर 03359 / 03360 का परिचालन रविवार से किये जाने की सूचना जारी की गयी है। यह ट्रेन वाराणासी न जाकर पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से बरकाकाना तक चलेगी। अप में यह ट्रेन तो पूर्ववत समयानुसार चलेगी, पर डाउन में जो संशोधित समय सारणी जारी की गयी है। उसे अनुपयोगी बताकर असंतुष्ट यात्रियों ने कहा कि इसी समय में दो अन्य ट्रेनों का परिचालन पुर्व से ही होता आया है। यह ट्रेन पलामू जिला क्षेत्र में प्रवेश करते ही रात के साये से गुजरेगी। जिससे आम यात्रियों का किसी भी दृष्टिकोण से लाभ नहीं दिखता। रेल उपभोक्ताओं का कहना है कि एक ही रेक से अप और डाउन ट्रेन का परिचालन समय से चलाना कतई संभव भी नहीं है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के प्रति सांसद को त्वरित पहल करने की जरुरत है।

**सांत्वना** महिला आयोग टीम सहित पलामू प्रशासन सामूहिक गैंगरेप पीड़िता से मिले

# गैंगरेप पीड़िता को न्याय का दिया भरोसा

### महिला आयोग के साथ साथ पूरा प्रशासन उनके साथ है : ममता



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद के एक गांव में गत दिनों एक युवती के साथ हुए गैंग रेप की घटना को लेकर शनिवार को युवती के ननिहाल हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के एक गांव में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा के निर्देश पर सदस्य ममता कुमारी पहुंची। ममता कुमारी ने पीड़ित लड़की और उनके परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि किसी से डरने की जरूरत नहीं है। महिला आयोग के साथ साथ पूरा प्रशासन उनके साथ है। उन्होंने पीड़ित युवती का मनोबल बढ़ाने का काम किया। साथ ही परिजनों को धैर्य रखने की सलाह दी। महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी के आने के पूर्व पलामू उपायुक्त ए दोड्डे, पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा, कमलेश्वर नारायण अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद, पूज्य प्रकाश अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हुसैनाबाद, सेवाराम साहू जिला कल्याण पदाधिकारी, रतन कुमार सिंह प्रखंड विकास पदाधिकारी हुसैनाबाद, नंदकुमार रामअंचल अधिकारी हुसैनाबाद, प्रभाकर ओझा बीडीओ मोहम्मदगंज, यशवंत नायक सीओ मोहम्मदगंज, जगन्नाथ धान थाना प्रभारी हुसैनाबाद, अक्षय कुमार, थाना प्रभारी मोहम्मदगंज, एएस आई मुरारी दास, झरगड़ा(हुसैनाबाद) ने भी पीड़ित युवती और उनके परिजनों से मिलकर हर संभव मदद के साथ साथ उन्हें न्याय दिलाने की बात कही। उन्होंने किसी परिस्थिति में स्थानीय प्रशासन से भी सहयोग का भरोसा दिलाया। जानकारी के अनुसार पीड़ित युवती और उसके परिजनों में भय व्याप्त है। वह भय की वजह अपने घर नहीं रहकर अपने ननिहाल में रह रही है। जबकि आज भी पीड़िता के गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस बल तैनात है।


## झारखण्ड सरकार
### श्रम,नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
### जिला नियोजन कार्यालय–सह–जिला कौशल कार्यालय, गढ़वा

Email Id- employmentexchangegarhwa@gmail.com

पत्रांक–................

**अति अल्पकालीन निविदा**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम :– जिला कौशल पदाधिकारी, गढ़वा।
2- EOI जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक–24.06.2023, समय–05.00 बजे अप0
3- EOI खोलने का स्थान :– उप–विकास आयुक्त के कार्यालय प्रकोश्ठ, गढ़वा।
4- EOI खोलने का तिथि एवं समय :– दिनांक–26.06.2023, समय–11.30 बजे पूर्वा0
5- EOI जमा करने का स्थान :– जिला नियोजन कार्यालय–सह–जिला कौशल कार्यालय,गढ़वा।

श्रम,नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के अंतर्गत झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाइटी, रॉची के पत्रांक–झा0कौ0वि0मि0–लेखा–177/2022/900 दिनांक–17.05.2023 के आलोक में संकल्प योजना के तहत गढ़वा जिला में विभिन्न गतिविधियां कराई जानी है।

उपरोक्त के आलोक में निम्नांकित विशिश्टियों के अनुरूप करने हेतू इच्छुक संस्थान/प्रतिशठान दिनांक–24.06.2023 को समय–05.00 .बजे तक अति अल्पकालीन निविदा निम्नाकिंत शर्तों के अधीन जिला नियोजन कार्यालय–सह–जिला कौशल कार्यालय,गढ़वा में जमा कर सकते है।

**कार्यों की विवरणी:–**

| Sr. No. | Activity | Proposed No | Work Location | Work Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Moblization Camp | 10 | ब्लॉक परिसर– मेराल, धुरकी,चिनियां,केतार, नगरउंटारी, रंका, मंझिआंव, भण्डरीया, रमकण्डा, काण्डी | चयनित एजेंसी को कैम्प से संबंधित गतिविधियां जिसमें 30'X20' size का सुंदर सजावट के साथ पण्डाल, 10'X10' size का सुंदर सजावट के साथ 10' स्टॉल लगा होना चाहिए, प्रत्येक स्टॉल में 1 टेबल, 3 कुर्सी एवं कारपेट लगा होना चाहिए साथ ही स्टॉल के सामने एक VIP पंडाल 20'X20' size का सुंदर सजावट के साथ Walling Work+Carpet+2 VIP Table + 10 VIP Chair+75 Chair+दीप प्रज्वलन सेट+75 लोगों के लिए Refreshment+ 10'X10' size का स्टेज बैनर+2 Standee +4 Air Cooler +Sound System with mike +Drinking Water + इत्यादि लगा होना चाहिए। |
| 2 | Apprentices SD Programmes | 1 | एस0जे0एस0एस0नाम धारी कॉलेज परिसर,गढ़वा। | |
| 3 | Kaushal Mela – Cum- Mega Youth Career Guidance Session | 1 | Forest Colony Ground Garhwa. (विशेष परिस्थिति में स्थल परिवर्तित किया जा सकता है।) | चयनित एजेंसी को कौशल मेला से संबंधित गतिविधियां जिसमें 10'X10' size का सुंदर सजावट के साथ 20' स्टॉल (पंखा सहित) लगा होना चाहिए, प्रत्येक स्टॉल में 1 टेबल, 4 कुर्सी एवं कारपेट लगा होना चाहिए, साथ ही एक VIP स्टेज 20'X15' size का सुंदर सजावट के साथ Walling Work+Carpet+ VIP Table+ VIP Chair+High Resolution Photography /Videography+250 लोगों के लिए कुर्सी +Lunch +स्टेज बैनर+4 Standee+6 Air Cooler +Sound System with coddles Mike +Drinking Water (JAR-50)+दीप प्रज्वलन सेट इत्यादि लगा होना चाहिए। साथ ही Career Guidance Session के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे Expert यथा IITs, Medical, Civil Services, State PCS, Banking, Railway तथा Private Service Sector के Expert जो एक दिवसीय जिला स्तरीय कैरियर गाईडेंस सेशन में आने वाले गढ़वा जिले के छात्र एवं छात्राओं को मार्गदर्शन दे सके। साथ ही गढ़वा जिले में इस वर्ष 10वीं एवं 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र एवं छात्राओं को कैरियर से जुड़े विभिन्न अवसरों से भी अवगत करा सकें। |
| 4 | Career counseling Session (9th to 12th ) | 500 Students | Schools/ Colleges in Garhwa | चयनित एजेंसी को Offline mode मे Career Counseling हेतु प्रमाणित Counselor के द्वारा कक्षा 09वीं से 12वीं तक के 500 छात्र–छात्राओं का 1-on-1 Personalized Career Counseling करना अनिवार्य होगा। काउंसेलिंग के दौरान छात्र एवं छात्राओं के मानसिक क्षमता, अभिरुची, व्यक्तित्व तथा समाजिक आर्थिक परिस्थितियों का आकलन कर उसे अपनी कैरियर से संबंधित उचित मार्गदर्शन देना है। |
| 5 | जिला कौशल बुकलेट | 500pc | – | जिला कौशल बुकलेट (A4 size, total-24page, Booklet cover 130gsm, तथा शेष पेज 110 gsm में होना अनिवार्य है।) में झारखण्ड सरकार द्वारा चलायी जा रही कौशल विकास योजना,भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही कौशल विकास योजना के साथ गढ़वा जिला में संचालित कौशल विकास कार्यक्रम की विस्तृत विवरणी के साथ–साथ प्रशिक्षण सेवा प्रदाता द्वारा प्रशिक्षण के दौरान मिलने वाली सभी सुविधाओं की विवरणी, कौशल विकास में जिले की सफलता की कहानियां, कौशल विकास के क्षेत्र में भविष्य में मिलने वाले अवसर की विवरणी के साथ–साथ सम्पूर्ण जानकारीयों की अच्छी चित्रों के साथ दर्शाना सुनिश्चित किया जाय। |
| 6 | जिला कौशल वीडियो ब्लॉग | 3–5 Min | – | जिला कौशल वीडियो ब्लॉग में गढ़वा जिले में हो रहे कौशल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों से संबंधित उच्च गुणवत्ता का 05 मिनट के वीडियो ब्लॉग में दिखाना सुनिश्चित किया जाय। |

Terms of EOI:-

1. निविदा द्वि–लिफाफा प्रणाली (Double Envelope System) में समर्पित करना होगा, प्रथम लिफाफा पर साफ–साफ अक्षरों में तकनीकी बीड तथा दूसरा लिफाफा पर वित्तीय बीड अंकित करना होगा।
2. तकनीकी बीड में लिफाफा में माँगी गई सभी दस्तावेज संलग्न कर बंद करना होगा
   तकनीकी बीड से संबंधित दस्तावेज इस प्रकार है :–
   - निविदादाता को निविदा के साथ अद्यतन जी0एस0टी0 रिटर्न, पैन कार्ड एवं आयकर रिटर्न संलग्न करना अनिवार्य होगा।
   - निविदादाता को झारखण्ड राज्य के किसी भी जिले में काली सूची में दर्ज नही रहने के संबंधी नोटरी द्वारा निर्गत शपथ पत्र का मूल कॉपी संलग्न करना अनिवार्य होगा।
   - निविदादाता का वार्शिक (वित्तीय वर्श–2021–2022) टर्न ओवर 30,00,000 (तीस लाख) रूपये एवं इससे अधिक का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। सफल निविदादाता को जिला कौशल विकास अनुश्रवण समिति द्वारा तय तिथि को कार्य करने के लिए बाध्य होंगे, अन्यथा काली सूची में डालने हेतू कारवाई की जाएगी।
   - कार्य अनुभव का प्रमाण–पत्र।
3. वित्तीय बीड में दर सभी कर सहित (GST सहित) विवरणी अंकित करेंगे।
4. चयन समिति के समक्ष पहले तकनीकी बीड खोला जाएगा, तकनीकी बीड में सफल निविदादाता का ही वित्तीय बीड खोला जाएगा।
5. चयनित निविदादाता को किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान नही किया जाएगा।
6. चयनित निविदादाता को कार्य प्रारंभ करने के पूर्व कुल प्राक्कलित राशि का **5%** (110,189/–रु)डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से गारंटी के तौर पर **JSDMS SANKALP Garhwa** के नाम से कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
7. निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने एवं किसी भी शर्त को शिथिल करने का अधिकार गठित निविदा समीति के पास सुरक्षित रहेगा।
8. संकल्प संबंधित गतिविधियों के लिए निर्धारित स्थल विशेश परिस्थिति में जिला कौशल विकास अनुश्रवण समिति के सहमति प्राप्त कर जिला कौशल पदाधिकारी द्वारा परिवर्तन किया जा सकता है।
9. निविदा में एजेंसी/संस्था को कार्य अनुभव के आधार पर प्राथमिकता दिया जा सकता है।
10. कार्य निश्पादन संतोशप्रद एवं गुणवत्तापूर्ण होने के उपरान्त ही भुगतान संबंधित कार्रवाई की जाएगी।
11. कार्य समाप्ति के बाद कार्यालय को विपत्र के साथ Geo Tag फोटोग्राफ्स देना आनिवार्य होगा।

जिला कौशल–सह–
नियोजन पदाधिकारी,गढ़वा

PR 299640Labour Employment and Traning(23-24)#D

## NEWS इन ब्रीफ

### आश्रय गृह से अज्ञात महिला का शव बरामद

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के बस स्टैंड आश्रय गृह से शनिवार के दिन अज्ञात 35 वर्षीय महिला का शव बरामद किया गया है। शहर थाना पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए मेदिनीनगर एमआरएमसीएच में भेज दिया है। आश्रय गृह संचालकों ने पुलिस के समक्ष बताया कि महिला अर्ध विक्षिप्त थी 1 दिन पूर्व उसे यहां लाया गया था। रविवार के दिन में मृत हालत में बेड पर पाया गया। बाद में इसकी सूचना शहर थाना पुलिस को दी।

### पांकी में पानी के लिए हाहाकार, कोई सुनने वाला नहीं: जयसवाल

**मेदिनीनगर।** पांकी विधान सभा में पानी के लिए हाहाकार मचा हैऔर पांकी विधायक के सारे वायदे फेल है। उक्त बाते आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। प्रेस में उन्होंने बताया की विधायक ने सभी गांव में डिप बोरिंग की बात कही थी।। परंतु अभी खराब चापानल की मरम्मत तक उनसे नही हो पा रही है।। लोग परेशान है कोई सुनने वाला नहीं है।। उन्होंने कहा कि कोई अधिकारी भी चापानल की मरम्मत कराने का काम नही कर रहे है। हालत विकराल रूप धारण कर ली है। विधायक पानी पर मिटिंग नही कर के पार्टी पर अगले विधान- सभा लोक सभा चुनाव की तैयारी में लगे है जो, दुर्भाग्यपूर्ण है। अब आम आदमी पार्टी चुप नही बैठेगी। । विधायक आवास का घेराव करेंगे। विधायक का पुतला भी दहन करने से पीछे नहीं हटेंगे, क्योंकि जनता की लड़ाई हम लड़ेगे। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के अरुण वर्मा,अमरेश मेहता भी उपस्थित थे।

### भाजपा का नव मतदाता सम्मेलन सह संवाद कार्यक्रम आयोजित

**मेदिनीनगर।** पलामू महाजनसंपर्क अभियान के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू के द्वारा आज आबादगंज में नव मतदाता सम्मेलन सह संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में युवाओं के बीच भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ज्योति पांडे ने नव मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा सेवा ,सुशासन और गरीब कल्याण लिए समर्पित केंद्र की सरकार के नौ वर्ष पूर्ण हो गए है। केंद्र कि सरकार ने जाति पाति भेदभाव से ऊपर उठकर इस देश का सम्पूर्ण विकास किया है। तभी तो बड़े पैमाने पर गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना , उज्जवला योजना ,जल नल योजना ,शौचालय का निर्माण,आयुष्मान भारत जैसे कई कल्याणकारी योजनाएं जरूरतमंदों के लिए चलाई जा रही हैं, जिसका सीधा लाभ उन्हें मिल रहा है। इस कार्यक्रम में ज़िले के उपाध्यक्ष रोहित शर्मा जी नगर मंडल अध्यक्ष राहुल अग्रवाल, अश्विनी सिंह ,राहुल पांडे ,बब्लू गिरी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विधायक ने महाजनसंपर्क अभियान में लोगों से भाग लेने की अपील की



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के महा जनसंपर्क अभियान के तहत पलामू जिले के डालटनगंज स्थित शिवाजी मैदान में 11 जून को लोकसभा स्तरीय आमसभा का आयोजन होगा। इस आयोजन में केंद्रीय अल्पसंख्यक राज्यमंत्री जॉन बारला भी भाग लेंगे। इनके अलावे प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, सांसद विष्णुदयाल राम, गणेश मिश्रा समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने अपने शाहपुर स्थित आवासीय कार्यालय में अपने कार्यकताओं के साथ बैठक की और अधिक से अधिक लोगों को आमसभा में शामिल होने को लेकर की अपील । श्री चौरसिया ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किए गए जन कल्याणकारी योजनाओं को आम आवाम तक पहुंचाया जायेगा।

# ग्रामीणों के विरोध के बाद पीसीसी सड़क निर्माण पर रोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से सटे चैनपुर प्रखंड के महुंगावा में निमार्णाधीन पीसीसी पथ निर्माण कार्य पर एनआरपी के कार्यपालक अभियंता ने रोक लगा दी है। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि ग्रामीणों ने निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग को लेकर उपायुक्त, डीपीओ व कार्यपालक अभियंता को आवेदन दिया था। आवेदन में ग्रामीणों का आरोप है कि पीसीसी पथ का निर्माण रैयती भूमि में संवेदक द्वारा जबरन बनाया जा रहा है। साथ ही इस पीसीसी पथ से



एक भी ग्रामीण को लाभ नहीं है। संवेदक द्वारा अपने निजी लाभ के लिए पीसीसी पथ का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत ग्रामीण विकास सचिव से भी की थी। ग्रामीणों की शिकायत पर डीपीओ एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा कार्य स्थल का निरीक्षण करने के बाद कहा कि प्रथम दृष्टया में यह योजना अनुपयोगी है। इधर, एनआरपी के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर कार्य पर तत्काल रोक लगा दी गयी है। इसके बाद योजना की उच्चस्तरीय जांच करायी जाएगी। जांच के बाद यदि यह प्रमाणित हो जाता है कि योजना गैर उपयोगी होगी तो इस मामले में संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।आवेदन देकर शिकायत करने वालों में महुंगावा पंचायत की मुखिया धनवन्ती देवी, दिलीप तिवारी, विमलेश तिवारी, बीरेंद्र पांडेय, दीनानाथ तिवारी, प्रदीप चौरसिया, ध्रुप शर्मा, धर्मदेव तिवारी, विक्की पांडेय, घुरन भुइयां, सुनील पांडेय, हरेंद्र पांडेय, आदित्य पांडेय, अरविंद पाण्डेय आदि शामिल हैं।

## एसोसिएशन व बस मालिकों ने भी दिया सहयोग का भरोसा

# पलामू में झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की कवायद शुरू

**ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे निवासियों को इस योजना का फायदा मिले : अनवर हुसैन**

**ग्रामीण क्षेत्रों में बिना परमिट वाले वाहनों के संचालन पर रोक लगाई जाए : ऐसोसिएशन**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के लोगों को झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का लाभ दिलाने की कवायद शुरू हो गई है। ग्रामीणों को योजना का लाभ मिले, इसके लिए पलामू क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव अनवर हुसैन ने आज आयुक्त कार्यालय में बस ऑनर एसोसिएशन एवं बस मालिकों के साथ बैठक की। उन्होंने बस ऑनर एसोसिएशन, बस मालिक एवं उनके प्रतिनिधियों को झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही इसके सफल क्रियान्वयन में सहयोग की अपेक्षा जताई। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे निवासियों को इस योजना का फायदा मिले, इसके लिए मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। इस योजना से संचालन से गांव में रहने वाले छात्र- छात्राएं शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला मुख्यालय तक आवाजाही करने में आसानी होगी व उच्चस्तरीय शिक्षा के लिए बाहर जाने में भी सुविधा होगी। किसान अपनी उपज को बाजार तक आसानी से पहुंचा सकेंगे, जिससे उन्हें मुनाफा होगा। राज्य सरकार ने झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की शुरूआत की है, ताकि आमजनों को सुगम परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत संचालित परिवहन व्यवस्था में वरिष्ठ नागरिक,व, छात्र-छात्रा, कुछ केटेगरी के दिव्यांगजन, विधवा पेंशन से आच्छादित महिला तथा राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त झारखंड आंदोलनकारियों को यात्रा किराया में रियायत भी मिलने वाली है। बैठक में बस ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष, उनके प्रतिनिधि एवं बस मालिकों ने भी सुझाव दिए। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिना परमिट वाले वाहनों के संचालन पर रोक लगाई जाए या उन्हें परमिट बनवाने के लिए प्रेरित करते हुए सरल प्रक्रिया अपनाई जाए, ताकि वे परमिट लेकर ही वाहनों का परिचालन करें।बैठक में पलामू क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव अनवर हुसैन, प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी, पलामू के बस ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह, गढ़वा के बस ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष मंसूर खान के अलावा सत्येंद्र सिंह, उमाकांत सिंह, गोखुला मिश्रा, कृष्ण विजय सिंह, संपूणानंद पांडेय एवं गढ़वा के आशुतोष मिश्रा, नंदलाल प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# मुखिया ने विद्युत समस्या को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के कंकारी पंचायत की मुखिया कुसुम देवी और मुखिया पति समाजसेवी शिव कुमार चौधरी ने पलामू उपायुक्त को ज्ञापन सौप कर कहा है कि चैनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत- कंकारी, टोला- ननफूलिया विद्युत विभाग एवं राजू चन्द्रवंशी डालटनगंज निवासी के द्वारा गलत सर्वे कर के 440 वोल्ट तार के उपर 11000 वोल्ट तार को मनमानी ढंग से अपने मिनरल वाटर प्वांट में घर- बस्ती के फिक्र या डर किए बगैर उसके उपर से ले गया जिसके कारण एक बैल को करंट लगने से मौत हो गई है। इसके पूर्व में भी इस टोला में कई इलेक्ट्रॉनिक्स सामान जैसे- ट्रांसफर्मर, मोबाईल चार्जर, टीवी, पंखा इत्यादि जलने की घटना घट चुकी है, जिसपर तार को लेकर जाने से पूर्व में टोला के तमाम निवासीयों ने इसका विरोध भी किया था, लेकिन विद्युत विभाग के पदाधिकारी एवं राजू चन्द्रवंशी ने टोलावासियों पर उल्टा झूठा केस कर उनको फंसाने की धमकी दी जाती है। वहाँ जान-माल के करंट लगने का खतरा बना रहता है इसके कारण ग्रामिणों में आक्रोश है।मुखिया कुसुम देवी ने उपायुक्त से आग्रह किया है कि भविष्य में ऐसी घटना ना घटे, इसके लिए दूसरा सर्वे कराकर 11000 वोल्टेज तार को वहाँ से हटाकर उचित कार्यवाई करने की कृपा की जाए।

# छुट्टियों के दिन ट्रेन में कंफर्म सीट के लिए मारा मारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गर्मियों में छुट्टियां मनाने के लिए लोगों का घूमने जाने का सिलसिला शुरू हो गया है।गर्मियों की छुट्टी में परिजनों एवं बच्चों को किसी दूसरे शहर में घुमाने जाना है, लेकिन उन्हें ट्रेन में कंफर्म सीट नहीं मिल पायी। इस पर उन्होंने बस की मदद ली तो उसमें भी काफी भीड़ थी। गर्मी में भीड़ को देख उन्होंने घूमने का कार्यक्रम ही टाल दिया और वापस घर चले गए। यह तो एक मात्र उदाहरण है। ऐसा ही दूसरे यात्रियों के साथ देखने को मिल रहा है और वे छुट्टियों का आंनद लेने के लिए बाहर नहीं जा पा रहे हैं अथवा उन्हें ट्रेवल्स एजेंसियों के जरिए बस, कार आदि मंहगे किराये पर सफर तय करने को मजबूर होना पड़ रहा है।गर्मी की छुट्टियों का मुख्य उद्देश्य छात्रों को गर्मी के मौसम में असहनीय गर्मी से कुछ राहत देना है। गर्मी की छुट्टी में ट्रेनों में आरक्षित सीटों के लिए मारामारी के हालात हैं। 15 जून तक लंबी दूरी की अधिकांश ट्रेनों में सीट नहीं होने के साथ वेटिंग लगभग 175 तक चली गई है।गर्मियों की छुट्टियों के साथ ही ट्रेनों में आरक्षित सीटों के लिए जद्दोजहद शुरू हो गई है। 15 जून तक ज्यादातर ट्रेनों में सीट नहीं मिल पा रही हैं। कई ट्रेनों में तो वेटिंग 108 से लेकर 175 तक जा रही है।इससे ट्रेनों और बसों में भीड़ बढ़ गई है। इस दौरान सफर करने वाले यात्रियों को कंफर्म सीट न मिलने से बेहद दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में उन्हें सामान्य कोच में भारी भीड़ के बीच सफर तय करना पड़ रहा है अथवा दूसरे वाहनों में सफर करने को मजबूर होना पड़ रहा है। स्कूल-कॉलेजों में गर्मी की छुट्टी हो जाने के बाद परिजन घर से घूमने जाने लगे हैं। कोरोना संक्रमण के चलते पिछले दो सालों से लोग गर्मियों की छुट्टियों का आनंद उठाने के लिए कहीं घूमने-फिरने नहीं जा पा रहे हैं। अधिकांश लोग शिमला जैसी पहाड़ी एवं ठंडे स्थानों पर घूमने जाना चाहते हैं। दूसरी पंसद माता वैष्णों देवी के दर्शन के लिए जम्मू-कटरा आदि जाने की है, लेकिन ट्रेनों में काफी भीड़ होने के चलते उन्हें सीट नहीं मिल पा रही है। टिकट आरक्षित कराने के लिए लोग परेशान हैं।

### अज्ञात लोगों ने पत्रकार को पीटकर किया घायल

**मेदिनीनगर।** शहर के टीवी चैनल के एक पत्रकार विवेक कुमार सहाय को शुक्रवार की शाम अज्ञात अपराधियों ने पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार पत्रकार विवेक कुमार सहाय शुक्रवार की शाम सूदना बैंक कॉलोनी किसी काम से गया हुआ था।इसी बीच कुछ लड़के उसे रोककर उसके साथ मारपीट कर करने लगे। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायल पत्रकार को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। वहीं इस घटना के बाद पत्रकार विवेक के परिजनों के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर शहर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर पत्रकार से घटना से संबंधित मामले के बारे में पूछताछ की। इस घटना के बाद से पुलिस पत्रकार के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों की तलाश में जुट गई है।



हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखण्ड

मलेरिया रोधी माह (जून 2023)




बचाव ही सुरक्षा है

क्या करें
- हमेशा मच्छरदानी के अन्दर सोयें।
- मच्छरों से बचने हेतु आसपास सफाई रखें।
- पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें।
- पानी के बर्तनों को ढक कर रखें।
- बुखार होने पर तुरन्त नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र में जांच करायें
- मलेरिया की पुष्टि होने पर चिकित्सक की सलाह के अनुसार दवा लें।
- ताजा और सादा भोजन करें। तरल पदार्थों का अधिक सेवन करें।

क्या नहीं करें
- बिना मच्छरदानी के नहीं सोएं।
- मलेरिया के मच्छर ठहरे हुए पानी में पनपते हैं, इसलिए अपने आसपास जल जमाव न होने दें।
- शरीर को पूरी तरह नही ढकनेवाले कपड़ों का प्रयोग नहीं करें।
- घर के आसपास या छत पर ऐसी कोई भी बेकार वस्तु नही रखें, जिसमें पानी जमा होता हो। साथ ही छत पर पानी टंकी को खुला नही छोड़े।
- बुखार होने पर अनदेखा नही करें।
- मलेरिया रोधी दवा का सेवन बीच में नहीं छोड़े, अपूर्ण उपचार नहीं करायें।
- बासी एवं अत्यधिक तेल मसाले वाले भोजन का सेवन नही करें।

मलेरिया की जाँच एवं उपचार
सभी सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और स्वास्थ्य उप केन्द्रों में मुफ्त उपलब्ध है।

सामूहिक जिम्मेदारी निभाएं, मलेरिया को दूर भगाएं

लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना की जानकारी के लिए डायल करें- टॉल फ्री नं. 14555/18003456540
डायल करें
आकस्मिक स्थिति में किसी भी मरीज को एम्बूलेंस द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंचाने के लिए डायल करें-108

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

PR 299649 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24


## अनियमितता — नियमों को ताक पर रख चल रही हैं दुकानें

# मंदिरों व सरकारी स्कूलों के पास शराब का धंधा

**स्कूल के सामने शराब का ठेका होने से दिन भर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है : प्रधानाध्यापक**




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में नियमों को ताक पर रख स्कूलों और धार्मिक स्थलों के पास धड़ल्ले से शराब की दुकानें चलाई जा रही है और उत्पाद विभाग मौन है। शिकायत के बावजूद शराब व्यवसायियों का धंधा आसानी से फल-फूल रहा है। यहां के शराब विक्रेताओं में कानून का डर नहीं है। विभाग के अधिकारियों का आशीर्वाद है तो फिर क्या, जहां चाहे शराब की दुकान खोल लें। चाहे वह किसी धार्मिक स्थल के सामने हो या फिर किसी सरकारी स्कूल के पास। इससे क्या फर्क पड़ता है। शहर में ऐसे कई शराब दुकानें हैं जो स्कूल और मंदिरों के पास हैं जबकि नियम के तहत इन दुकानों को किसी भी ऐसे स्थान से 100 मीटर दूर पर होना चाहिए। शहर के रेड़मा रांची रोड में राजकीयकृत मध्य विद्यालय के सामने अंग्रेजी शराब की दुकान संचालित है। जिससे स्कूली छात्रों को स्कूल आने जाने में शराबियों के करतूत और करनामें को देखते हुए गुजारना पड़ रहा है। इस शराब दुकानों को बंद करवाने के लिए कई बार स्थानीय लोगो की ओर से शिकायतें भी की जा चुकी है। लेकिन प्रभावी कार्रवाई के अभाव में यह दुकान संचालित हो रहा है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने विद्यालय के समीप चल रहे शराब के ठेके को हटाने की मांग की है। प्रधानाध्यापक ने बताया की स्कूल के सामने शराब का ठेका होने से दिनभर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है जिससे यहां पढ़ने वाले बच्चों पर भी गलत प्रभाव पड़ रहा है। छात्राओं को भी शराबियों के डर से अभिभावक स्कूल नहीं भेज रहे हैं। रेडमा के स्थानीय निवासी राज शेखर सिंह ने बताया कि अंग्रेजी शराब दुकान के पास खाने पीने का एक ढाबा खुला हुआ है जिसमें लोग बैठ कर खुलेआम शराब पीते हैं। उन्होंने उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा से यहां से शराब दुकान को हटवाने का आग्रह किया है। वहीं दूसरी ओर शहर के साहित्य समाज चौक के पास ब्राह्मण स्कूल के नजदीक शराब दुकान खुलने से लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। ब्राह्मण स्कूल के पास शराब दुकान होने की वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां शाम होते ही लोग शराब दुकान से शराब खरीद कर वही पर बैठकर शराब पीने लगते हैं। इसके वजह से राह चलने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यहां कई बार शराब पीने की वजह से झगड़ा झंझट भी हो चुका है।

## भगवान के भक्तों का अपमान नहीं करना चाहिए : जीयर स्वामी

# मानव योनि दुर्लभ है, इससे व्यर्थ में बर्बाद न करें : जीयर

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

श्री जीयर स्वामी महाराज ने शनिवार को लोगों को समझाते हुए कहा कि हरि कृपा से मानव योनी मिलती है। इसे व्यर्थ में बर्बाद नहीं करना चाहिए। जितना हो सके संसार से मोह माया त्याग पर हरि के भजन में अपना समय लगाना चाहिए संसार में रहते हुए अपने तथा अपने परिवार के पालन पोषण में भी समय देना चाहिए। यह भी अनिवार्य है और संसार का नियम है। लेकिन ईश्वर की भक्ति भी इसी नियम के अंतर्गत आता है।



जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि भगवान के भक्तों का अपमान नहीं करना चाहिए। इससे समस्त कुल का नाश हो जाता है, क्योंकि भगवान अपना अपमान सह लेते हैं लेकिन भक्तों का अपमान सहन नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि वैसे तो किसी का भी अपमान नहीं करना चाहिए। मानव योनि दुर्लभ है। इसमें बड़े सोच समझकर कोई भी कार्य करना चाहिए। भले ही अच्छा कार्य ना हो पाए लेकिन बुरा कार्य नहीं करना चाहिए। किसी का भला नहीं कर पाए तो बुरा भी नहीं करना चाहिए। जहां तक हो सके सबसे आदर पूर्वक बात करनी चाहिए। संत महात्मा तथा द्वार पर आए हुए अतिथि का भरपूर सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा किभगवान के भक्तों का अपमान करना यह भगवतापचार है। दूसरा है भागवतापचार। इसमें भगवान के साथ अपमान है। यह भी पाप है हम मुर्ति की नही मुर्ति में पूजा करते हैं। तीसरा है अतितकरण अपचार। इसमे जो शास्त्र में निषेध किया गया काम जो करता है वह भी पाप है। क्या करें क्या न करे पुस्तक सभी को पढ़ना चाहिए। चौथा है कृतकर्म अपराध, जो शास्त्र में बताने के बाद भी हम नहीं करते हैं। जैसे शास्त्र में बताया गया है कि स्नान करके ही खाना बनाना चाहिए। यदि ऐसा नहीं करते हैं तो यह भी पाप है। जहां भोजन बनता है वह भी देवालय है। पांचवां है असह्य अपराध, जो शास्त्र में धर्म बताया गया वह नहीं करते हैं। जैसे नया-नया पंथ संप्रदाय निकालना भी पाप है। उन्होंने कहा कि गाय को कसाई के यहां बेचने वाला महापापी है। जो सदाचारी विप्रों इत्यादि की हत्या करता है, उसको धोखा देता है, उससे कपट करता है, उसको महापापी कहा गया है। दूसरा महापापी है गोघाती जो गाय को कसाई के यहा बेचता है और कसाई से उसको पहचान है या सम्पर्क है वह भी महापापी है। शास्त्र में उसे गोघाती भी कहा गया है। तीसरा है विश्वासघाती। रात दिन मैत्री है थोड़ी सी बात में अपने मित्र से परिवार से विश्वासघात कर दिया। उसे भी महापापी कहा गया है। मद्यसेवी यानी शराब पीने वाला व्यक्ति भी महापापी है। चौथा है गुरु पत्नी गामी वैसा व्यक्ति जो बहन के समान, गुरू पत्नी के समान, बेटी के समान, माता के समान, चाची के समान, फुआ के समान के औरतों को लालच देकर, प्रलोभन देकर बहकाकरके अनुचित व्यवहार करता है वह महापापी कहा गया है परंतु भागवत कथा सुनने से उसका भी उद्धार हो जाता है।

# नव मतदाता देश के भविष्य : रितेश चौबे

## भाजयुमो ने किया नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम हुर मोड़ के पास नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री संतोष दूबे ने कहा कि नव मतदाता देश के भविष्य हैं नव मतदाता को राष्ट्र निर्माण को ध्यान में रखते हुए मतदान करना होगा। युवा परिवर्तन के वाहक है मतदान का अधिकार 18 वर्ष पुरा होने पर मिलता है जो लोग मतदाता के श्रेणी में आ गए हैं उन्हें गांव मुहल्ला में लोगों के बिच जागरुकता फैलाना होगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि नव मतदाताओं को पहली बार वोट देने का अधिकार मिल रहा है नव मतदाताओं को राष्ट्र निर्माण में अपना मतदान करना होगा तभी देश राज्य में अच्छा लोग चुनकर आएंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय ब्रहरुपीए लोग तरह तरह के प्रलोभन देकर वोट को प्रभावित करने का काम करते हैं जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था चरमरा जाता है। नव मतदाता बने युवाओं को राष्ट्रहित में अपना मतदान सुनिश्चित करना होगा। तथा अपने गांव मुहल्ला समाज में मतदाताओं के बिच जागरुकता करना होगा।। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिला महामंत्री विकास तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री संजय जायसवाल ने किया। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पांडेय, गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी, महामंत्री अनित तिवारी, सुधीर कुशवाहा, उपाध्यक्ष प्रिंस तिवारी, नितिश पटेल, मंत्री देवब्रत सिंह, नितेश तिवारी, विनोद उरांव, गोविंद यादव, आनंद धर दुबे, नितेश तिवारी, सुमित तिवारी, समुद्री देवी, ब्रजेश कुमार, संजय मेहता, चंदन पाल, सत्यनारायण यादव, प्रिंस ठाकुर, अरुण पांडेय, ब्रह्म धर दुबे, प्रशांत चौधरी आदि उपस्थित थे।



## झामुमो नेत्री ने मृत बच्चों के घर पहुंच दी सांत्वना

**श्री बंशीधर नगर।** बभनीखाड़ डैम में नहाने गए 3 बच्चों की मौत से पूरा गांव गमगीन हो गया है। झामुमो नेत्री सह नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी किरण देवी ने मृतक बच्चों के घर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दी और सरकार से मांग की की डैम के चारों तरफ बैरिकेड किया जाए और एक बोर्ड लगा कर स्थानीय निवासी को सतर्क किया जाए। डैम पर एक चौकीदार की नियुक्ति की जाए, जिस से लोगों को गहरे पानी में जाने से रोका जा सके। किरण ने बताया कि नगर पंचायत की तरफ से 4 करोड़ रुपये की लागत से डैम का सुंदरीकरण होने की बात बताई गई थी, लेकिन टेंडर प्रक्रियाधीन होने से मामला ठंडा बस्ते में चला गया। डैम का सुंदरीकरण समय पर हुआ रहता तो आज बच्चों की जान नहीं जाती।

## विशेषज्ञों का आगमन आज पलाश हॉस्पिटल में

**लातेहार।** पलाश हॉस्पिटल अंबाकोठी में 11जून दिन रविवार को ब्रेन विशेषज्ञ झारखंड के प्रसिद्ध चिकित्सक मेडिका हॉस्पीटल रांची के एचओडी डॉ. गणेश कुमार, हड्डी एवं नस के रांची के प्रसिद्ध विशेषज्ञ अमीत सिंह एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.सीमा सिंह पलाश हॉस्पिटल में आ रहे हैं। पलाश हॉस्पिटल संचालक डॉ.चंदन कुमार सिंह ने बताया कि जिलावासियों से अनुरोध करूंगा कि आपलोग आगे भी सेवा का मौका जरूर दें जब बाहर से विशेषज्ञ आ रहे हैं तो इस अवसर का लाभ जरूर उठाएं। जिस किसी को ब्रेन, स्पाइन, हड्डी, नस एवं स्त्री/रोग विशेषज्ञ से संबंधित कोई भी बीमारी है तो वे पलाश हॉस्पिटल अंबाकोठी में सुबह 10 बजे से 2 बजे तक दिखा सकते है।

## झामुमो की बैठक में सीएम हेमंत सोरेन के आगमन की तैयारी पर की गई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के बारियातु पंचायत अंतर्गत चिरैया गांव में शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा व संचालन प्रखंड सचिव देवदीप कुमार पासवान ने किया। बैठक में आगामी 19 जून को राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन के सिमरिया आगमन की जानकारी तेते हुए ग्रामीणों व कार्यकताओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में सिमरिया पहुंचने पर चर्चा करते हुए पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मेवारी दी गई। जबकि राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी लोगों को देने की बात कही गई। बैठक के पश्चात प्रखंड के विभिन्न गांव में महा जनसंपर्क अभियान चलाकर ग्रामीणों को कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की गई। बताया गया की सिमरिया विधानसभा के आजसू नेता मनोज चंद्रा पार्टी छोड़ कर 19 को मुख्यमंत्री के समक्ष जेएमएम में शामिल होंगे। कार्यक्रम सिमरिया कर्बला मैदान में आयोजित है। बैठक व अभियान में पार्टी के उपेंद्र कुमार, जयप्रकाश दांगी, मुखलाल भोक्ता, संजय भोक्ता, मंटू गुप्ता, कुमार रमेश कुमार, राहुल कुमार, जयनारायण गंझू, अरुण गुप्ता व अरुण मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।




## 'आवागमन की सुविधा बहाल करना ग्राम गाड़ी योजना का उद्देश्य'

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला ग्राम गाड़ी योजना समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उक्त योजना के कार्यान्वयन स्वीकृति पर चर्चा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा जानकारी देते हुए कहा गया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को धरातल पर लाना है। सरकार की इस योजना का उद्देश्य गांव से प्रखंड, जिला मुख्यालय एवं शहर तक आवागमन की सुविधा बहाल करना है। इससे गांव के किसान मजदूर, छात्र-छात्राओं को शहर तक आने में सुविधा होगी। वहीं मरीजों के लिए अस्पताल तक पहुंचना सुलभ होगा। योजना में शामिल होने वाले वाहन मालिकों को सरकारी टैक्स में भी बड़ी राहत दी जाएगी। साथ ही इस योजना के तहत वाहन संचालन पर सरकार द्वारा छूट दी जाएगी। ग्रामीण बस सेवा के लिए पहले से निर्धारित रूट के अतिरिक्त इस योजना के तहत वैसे मार्गों पर भी बस चलेगी जहां के लिए जिला प्रशासन द्वारा नए सिरे से रूट का निर्धारण किया जाएगा। इसके लिए प्रखंड स्तर पर लिए गए प्रस्ताव को जिला स्तर पर विचार विमर्श के पश्चात राज्य स्तर से स्वीकृति मिलने के बाद वाहनों का संचालन किया जाएगा। बैठक में आगे जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह द्वारा जानकारी दी गई कि इस योजना के तहत प्रथम परमिट निर्गत 5 वर्ष की अधिकतम अवधि के लिए मार्ग कर में छूट दी जाएगी एवं परमिट शुल्क मात्र 1 रुपए लिया जाएगा। इस योजना के तहत वैसे हल्के और मध्यम दर्जे के व्यावसायिक चार पहिया वाहन, जिसकी क्षमता चालक को छोड़कर 42 यात्रियों को ले जाने की होगी, उन्हें परमिट व अन्य सुविधाएं दी जायेगी। इसके तहत वाहनों को अस्थायी परमिट नहीं दिया जायेगा। योजना में लाभार्थियों के चयन में एसी, एसटी एवं ओबीसी को प्राथमिकता दी जाएगी। इस योजना के तहत जिस मार्ग के लिए परमिट स्वीकृत की जाएगी उसी मार्ग पर वाहन का परिचालन होगा। वाहन में जीपीएस लगाना अनिवार्य होगा। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री आलोक शिकारी कच्छप,एलडीएम श्री शांति प्रसाद टोप्पो, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, बस एसोसिएशन के प्रतिनिधि एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी जुड़े थे।




## पूणार्हुति के साथ रूद्र अखंड महायज्ञ का समापन

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड**

बुढ़ा घाघ में आयोजित तीन दिवसीय 13वां रूद्र अखंड महायज्ञ शनिवार को हवन व पूणार्हुति के साथ संपन्न हो गया। यज्ञ का समापन श्रीकोट (छतीसगढ़) से आये पंडित विद्याकांत तिवारी, ओंकार पाठक, मुरारी पाठक आदि ब्राह्मणों ने कराया। यजमान के रूप में जुगेंद्र प्रसाद व उसकी पत्नी मौजूद थे। वहीं रूद्र अखंड महायज्ञ के आखरी दिन सभी भक्तजन यज्ञशाला पहुंचे व पूजा अर्चना की।

इससे पूर्व गुरुवार को सैंकड़ों की भारी संख्या मे महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। ये कलश यात्रा यज्ञ मंडप से प्रारंभ होकर लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर बुढ़ा घाघ जलप्रपात पहुंची, वहां वैदिक मंत्रोंउच्चार के बीच कलश मे जल भरकर श्रद्धालु वापस यज्ञ मंडप पहुंचे तथा यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर कलश स्थापित किया। इस दौरान हर हर महादेव, जय जय शिवशंकर, बोल बम के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। शाम सात बजे से अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिप सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि इस्तेला नगेशिया, मुखिया रेखा नगेसिया, सुशील नगेसिया, समीर कुमार सिंह, देव नारायण प्रसाद, कामाख्या सिंह, राधेश्याम राम,रामदयाल राम, अमृत राम, श्याम राम समेत स्थानीय ग्रामीणों का भरपूर सहयोग रहा।



## विकास योजनाओं का किया गया निरीक्षण

**टंडवा (चतरा)।** शनिवार को विभिन्न विकास योजनाओं के निरीक्षण हेतु ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव जितेंद्र देव के नेतृत्व में अनुसमर्थन दल द्वारा टंडवा प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास, बिरशा बागवानी समेत अन्य कई योजनाओं का निरीक्षण के साथ हीं किसुनपुर में लगभग 50 लाख रुपए की लागत से डीएमएफटी से निमार्णाधीन बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन को देखने अधिकारी पहुंचे। जहां निर्माण कार्य में अनियमितता देखे सचिव श्री देव ने मौजूद जिला परिषद के सहायक अभियंता धनंजय ओझा को फटकार लगाते हुए मौजूद अधिकारियों को कार्य में सुधार होने तक तत्काल वित्तीय निकासी पर रोक लगाने के निर्देश दिए।

## पशुधन योजना के तहत चूजा वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

प्रथम वर्गीय पशुपालन विभाग परिसर सेन्हा में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों के बीच चूजा वितरण कार्यक्रम का जिला परिषद सदस्य एवं प्रखंड प्रमुख ने शुभारंभ किया। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत ग्राम के महिला लाभुक को आत्मनिर्भर तथा स्वालंबी बनाने के दृष्टिकोण से मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 20 महिला लाभुक को अनुदान राशि पर बतख चूजा उपलब्ध कराया गया। चूजा वितरण के पूर्व जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की प्रमुख फुलझरी देवी,प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से लाभुकों को चूजा देते हुए वितरण कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। बताया जाता है कि एक लाभुक को 15 बतख चूजा प्रदान किया जा रहा है, जिससे वह लाभुक आय का श्रोत बढ़ा सकें और आत्मनिर्भर हो परिवार को आर्थिक मजबूती प्रदान कर सके। जिला जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा मुख्यमंत्री पशुधन योजना से प्रखंड क्षेत्र की महिला काफी लाभान्वित हो लोगो को प्रेरित करने का कार्य कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा आज के समय मे महिला चूल्हा चौकी का कार्य से बाहर निकल काफी जागरूक हुई है। प्रमुख फुलझरी देवी ने कहा विकास योजना संचालित होने से पंचायत गांव व प्रखंड विकसित क्षेत्र का पहचान होता है। बताते हुए महिला लाभुक को जगरूक किया गया। इस दौरान जीप सदस्य राधा तिर्की, प्रखंड प्रमुख फुलझरी देवी, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार सिंह, शंकर महली सहित पशुपालन विभाग के कर्मी उपस्थित थे।



**आयोजन** समस्याओं और उनके निराकरण पर भी किया गया मंथन

# शिक्षकों की गोष्ठी में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सदर प्रखंड के बीआरसी भवन में शनिवार को मासिक गुरुगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें सदर प्रखंड अंतर्गत सभी प्राथमिक/मध्य/उच्च/+2 विद्यालयों के पर प्रभारी प्रधानाध्यापक और प्रधान शिक्षक उपस्थित हुए। गुरुगोष्ठी में सभी बिंदुओं पर सभी को विस्तृत रूप से विभागीय निर्देशों की जानकारी दी गई। इनमें एफएलएन, शिशुपंजी अद्यतनीकरण, पोषक क्षेत्र मैपिंग, प्रयास कार्यक्रम का क्रियान्वयन, स्कूल रुआर-2023, एसए 2 रिजल्ट का इविवि में अद्यतनीकरण/अपलोड, नेतरहाट और इसी के तर्ज पर प्रवेश परीक्षा 2023 का आवेदन फॉर्म प्रत्येक विद्यालय से कम से कम 15 फॉर्म भरने जिसका अंतिम तिथि 15 जून है, मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृत्ति परीक्षा आवेदन पत्र प्रत्येक विद्यालय से कम से कम 15 फॉर्म भरने, सावित्री बाई फुले योजना का फॉर्म भरने, एसड़ीएमआईएस, मेंडेटरी डेटा फील्ड, शैक्षणिक कैलेंडर का वितरण (सभी प्रारंभिक विद्यालय और उर्दू विद्यालय को उपलब्ध कराया गया), अनीमिया का मासिक प्रतिवेदन, आदर्श दिनचर्या संशोधित, मध्याह्न भोजन का मासिक प्रतिवेदन प्रत्येक माह कीदूसरी तारीख को उपलब्ध कराना, माहवारी स्वच्छता से संबंधित प्रतिवेदन, नामांकन प्रतिवेदन विहित प्राप्त्रानुसार, बायो लिंगवल कलेंडर, शिक्षक हस्त पुस्तिका, ग्रेड 4 हेतु 71 बिन्दुओं का प्रतिवेदन विहित प्राप्त्रानुसार, ईविद्या वाहिनी में शिक्षकों की उपस्थिति आदि में उत्पन्न समस्याओं, तकनीकी कारणों का निराकरण आदि विषयक विभागीय निदेशों की जानकारी दी गई। मौके पर बीईईओ रामजीवन राम, मनी उरांव, शैलेंद्र सुमन, जीतेंद्र मित्तल, मंजू कुमारी, विनोद सिंह, सुषमा मिंज, जयधर कुमार, एनामुल हक, सावित्री मधुर, तौहीद आलम, बिपिन दास, विजय कुमार दास, मुश्ताक अहमद, अनिल टोप्पो, नीलू गोयल, पवन साहू, गौतम यादव, मुशर्रफ अंसारी, राजकुमार महली, श्यामा मिश्रा, संयुक्ता देवी, मुश्ताक अहमद, एंजेला फ़्लोरा मिंज, निशा कुमारी, माहेश्वरी प्रजापति, त्रिसंध्या प्रजापति, अनंत शर्मा, अनिल सिंह, विशेषण भगत, श्याम सिंह, पूर्णकाम, रमेश चंद्र, चोंहस उरांव, इंद्रावती कुमारी, जीतन देवी, सुषमा कुजूर, गुजरी कुमारी, सुजीत रजक सहित प्रखंड के सभी बीआरपी, सीआरपी और शिक्षक उपस्थित हुए।



## गोल्डेन कार्ड बनवाने के लिए शिविर लगा

**बारियातु।** प्रखंड के टोटी पंचायत अंतर्गत पिपराडीह में स गोल्डेन कार्ड बनवाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे उपस्थित बीटीटी हीरामन पांडेय ने बताया की आयुष्मान भारत योजना के तहत कई गंभीर बीमारी को निशुल्क इलाज करवाने के लिए गोल्डेन कार्ड बनाना जरूरी है। कई गरीब-गुरबे पैसे की अभाव मे बीमारी को इलाज नहीं करवा पाते हैं। गोल्डेन कार्ड बनाए जाने के बाद आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत पांच लाख तक का निशुल्क इलाज करवाने मे मदद मिलेगा। क्षेत्र के ग्रामीणों से आग्रह करते हुए कहा कि संबधित क्षेत्र के सहिया से मिलकर गोल्डेन कार्ड अवश्य बनाए। सहिया सुखो देवी गोल्डेन कार्ड बनवाने में अहम भूमिका निभा रही थी। इधर बीटीटी हिरामन पांडेय ने पीपराडीह आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर हो रहे मासिक टीकाकरण का भी निरीक्षण किया।

## जिला प्रारंभिक शिक्षा समिति की हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला प्रारंभिक शिक्षा समिति अबु इमरान की अध्यक्षता में जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में सहायक आचार्य के पदों का संवितरण एवं सहायक शिक्षक के पदों का प्रत्यार्पण से संबंधित बैठक हुई। जिसमें कुल 273 विद्यालयों के 495 शिक्षकों के पद को सर्वसम्मति से प्रत्यार्पित किया गया। वहीं कक्षा 1 से 5 तक के इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 958 पद एवं कक्षा 6-8 हेतु स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 1524 पद को सर्वसम्मति से सृजित करते हुए संवितरण किया गया। इसके अलावे उपायुक्त द्वारा कई अवश्यक दिशा निर्देश भी संबंधितों को दिए गए। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, सिमरिया विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सुमन समेत अन्य उपस्थित थे।

# महुआडांड़ अंजुमन कमेटी के सदर बने इमरान अली, मजहर खान बने सेक्रेट्री



**प्रतिनिधि। महुआडांड़**

जामिया नूरिया जिया उल इस्लाम अंजुमन कमेटी का चुनाव संपन्न हो गया। इस तीन पदों के लिए 6 लोगों के द्वारा नॉमिनेशन कराया गया है। सदर पद के लिए मोहम्मद इमरान अली व मोहम्मद हयूम अंसारी ने नॉमिनेशन कराया कराया था, जहां इमरान अली को मिले 246 वोट व ह्यूम अंसारी को मिला 213 वोट इस तरह से 33 वोट ज्यादा पाकर इमरान अली सदर पद के लिए निर्वाचित हुए।सेक्रेटरी पद के लिए नुरुल होदा व मजहर खान के द्वारा नॉमिनेशन किया गया था, जहां मजहर खान को 256 वोट व नुरूल होदा को 204 वोट प्राप्त हुए।इस तरह से 52 वोट अधिक लाकर मजहर खान विजयी घोषित किए गए। वही खजांची पद के लिए शाहिद कमाल व जसीम शेख ने पर्चा भरा था जहां शाहिद कमाल को 340 वोट व जसीम शेख को 120 वोट मिले। वहीं शाहिद कमाल 220 वोट अधिक लाकर खजांची पर काबिज हुए। चुनाव कमेटी के द्वारा जीत की घोषणा करने के उपरांत सभी निर्वाचित सदस्यों को चुनाव कमेटी के द्वारा निर्वाचन प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिसके बाद सभी लोगों के द्वारा निर्वाचित सदस्यों को फूल माला पहनाकर वह गले लगा कर जीत की बधाई दी गई। वहीं निर्वाचित सदस्यों के द्वारा जीत के उपरांत मस्जिद में शुकराना नमाज अदा किया गया और उपस्थित लोगों के बीच मिठाइयां भी बांटी गई। चुनाव शांतिपूर्ण एवं सहद्र वातावरण में कराने को लेकर महुआडांड़ के लोगों के द्वारा चुनाव कमेटी बनाई गई थी जिसमें 10 लोगों के नाम शामिल किए गए थे। इसमें मोहम्मद खुर्शीद खान, शबीब खान उर्फ भोलू, सफरूल खान, कमाल अहमद, असलम खलीफा, अंजर खान, खुर्शीद आलम, शहीद खान, आजाद अहमद व मोहम्मद मुर्शीद के नाम शामिल था। चुनाव कमेटी के सभी सदस्यों के द्वारा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिम्मेदारी दी गई थी। चुनाव कमेटी ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शांतिपूर्ण सौहार्द पूर्ण वातावरण में चुनाव को संपन्न कराया। इसे लेकर महुआडांड़ के अवाम ने चुनाव कमेटी का शुक्रिया अदा किया है। वहीं चुनाव को लेकर प्रशासन की ओर से दंडाधिकारी की नियुक्ति भी की गई थी। चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लेकर महुआडांड़ पुलिस प्रशासन का भी सराहनीय योगदान रहा है। अंजुमन कमेटी महुआडांड़ व आवाम व निर्वाचित सदस्यों के द्वारा शुक्रिया अदा किया गया।

## NEWS इन ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में महिला घायल

**बालूमाथ।** थाना अंतर्गत पालही ग्राम में बालूमाथ- बालू- लातेहार मुख्य मार्ग पर समसुन बीवी (26) पति अली हुसैन मुर्मू लोहरदगा बाइक दुर्घटना में घायल हो गई। उसे परिजनों व ग्रामीणों के सहयोग से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। समसुन बीवी अपने मायके में भाई की बेटी के शादी समारोह में आई हुई थी। इसी दौरान वापस ससुराल जाने के क्रम में दुर्घटना की शिकार हो गई। बालूमाथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद महिला को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। डॉक्टर के मुताबिक महिला के सिर समेत विभिन्न हिस्सों में आंतरिक चोटें आई हैं।

### 407 मालवाहक पेड़ में टक्कराया

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के बघमरी मोड़ के समीप अनियंत्रित हो 407 माल वाहक वाहन जेएच-02क्यू 6988 पेड़ में टक्कर मार दिया। जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि चालक बाल-बाल बच गया। घटना बीते देर रात करीब 2 बजे की है। चालक सुजीत कुमार यादव ने बताया की चतरा में फार्च्यून का समान खाली कर वापस हजारीबाग जा रहा था। इसी दौरान बघमरी मोड़ के समीप वाहन अनियंत्रित हो पेड़ से टकरा गया व बड़ी दुर्घटना होने से टल गया।

### प्रखंडों में कल लगेगा ओटीएस कैंप

**चतरा/सिमरिया।** जिले के सभी 12 प्रखंड़ों में विद्युत विभाग द्वारा 12 जून को एक साथ ओटीएस कैंप लगाया जाएगा। जिसमें बिजली उपभोक्ता एक साथ बकाया बिजली बील का भुक्तान कर सरकार के ब्याज माफी योजना का लाभ उठा सकते हैं। सिमरिया प्रखंड कार्यालय में 12 जून को विद्युत विभाग के ओटीएस कैंप की जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह ने बताया कि इस कैंप में वन टाइम सेटेलमेंट स्कीम के तहत ब्याज माफी के साथ केवल बिजली बिल का भुगतान कर उपभोक्ता योजना का लाभ ले सकते हैं। बीडीओ ने सभी मुखिया से बिजली उपभोक्ताओं को इस संबंध में जागरूक कर इस कैंप में भेजकर योजना का लाभ दिलाने की अपील भी की।

## पिस्टल के दम पर राहगीर को लूटा था, बाइक-मोबाइल फोन बरामद

# पुलिस ने तीन सड़क लुटेरों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

पुलिस ने सड़क पर लूट करने वाले गिरोह का उद्भेदन किया है। बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि बीते माह बालूमाथ- हेरहंज मुख्य मार्ग बनियों ग्राम के नजदीक घने जंगल के पास देर रात्रि को वादी रंजन कुमार रवि से अज्ञात अपराधियों ने पिस्टल का भय दिखाकर मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन आदि की लूट की घटना को अंजाम दिया था। इसका पीड़ित द्वारा बालूमाथ थाने में मामला दर्ज कराया गया।

इसके बाद लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने मामले पर संज्ञान लेते हुए बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया, जिसने कुछ ही दिनों में सड़क लूट कांड मामले का उद्भेदन करते हुए आरोपी अमर कुमार उर्फ मोनू उम्र (19) पिता नरेश राम ग्राम हुम्बू टोला हटाटोंगरी थाना हेरहंज, सनोज कुमार पिता स्व उलीराम ग्राम



पिंडारकोम थाना बालूमाथ मासूम उर्फ मो. तहसीन पिता मो. कलाम आलम बालूमाथ लातेहार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लातेहार जेल भेज दिया। अन्य अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु एसआईटी टीम द्वारा छापेमारी जारी है। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर लूट की मोटरसाइकिल एवं मोबाइल फोन बरामद आदि बरामद किए गए हैं। बता दें कि पिंडारकोम निवासी सनोज कुमार पहले भी मोटरसाइकिल चोरी मामले में नामजद अभियुक्त रहा है। इस एसआईटी टीम में बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अजीत कुमार पुनि शशि रंजन कुमार, थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, पुअनि कुबेर साव, पुअनि नीतीश कुमार एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

# जेट्ठ जतरा में दिखती है आदिवासी एकता-परंपरा की झलक : विधायक

**प्रतिनिधि। महुआडांड़**






प्रखंड के सेम्बरबुढ़नी मे जेट्ठ जतरा का आयोजन शनिवार को किया गया, जहां आदिवासी समाज के पूर्वजों द्वारा संचालित सत्र सदन के साथ वार्षिकोत्सव मनाने का महाजुटान कार्यक्रम है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि जेट्ठ जतरा में आदिवासी समाज की एकता व परम्परा की झलक देखने को मिलती है। आदिवासी समुदाय जिससे वर्षों से सांस्कृतिक व परम्परा को रखने का काम किया है। वहीं जेट्ठ जतरा कमिटी के सदस्य जेरोम जेराल्ड कुजूर ने बताया कि उरांव आदिवासी समुदाय के ग्राम प्रधानों ( महतो) के बैठक का सुचना प्रसारित करने का माध्यम जेट्ठ जतरा होता था। उरांव समुदाय का वर्ष अषाढ़ से शुरू होकर जेठ के अंतिम महिना में होता है, जिसमें साल भर की समीक्षा एवं नये साल की योजना बनती है। अन्य वक्ताओं ने बताया कि जेट्ठ जतरा आदिवासी संस्कृति का अभिन्न अंग है। आदिवासी बहुल इलाके में पूर्वज द्वारा बनाया गया मिनी संसद है जहां आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक चेतना के पक्ष में विचारधारा बनाने का काम किया जाता है। जेट्ठ जतरा के माध्यम से समाज की एकजुटता को कायम रखने एंव संवैधानिक अधिकारों को जन जन तक पहुंचाने का मुल उद्देश्य है। आदिवासी 11 गांवों की टीम ने नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। जहां प्रथम, द्वितीय व तीसरे आने वाले नृत्य टीम को इनाम देते हुए अन्य टीम को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में डीएसपी राजेश कुजूर, सरना धर्म अगुवा मनेश्वर उरांव घाघरा, प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज, जेरोम जेराल्ड, इस्तेखार अहमद, बलराम उरांव, विनोद खलखो, प्रवीण, सहित कई गाँव के बैग्रा पहान, ग्राम प्रधान, मुखिया प्रतिनिधि, प्रवीण, विनोद आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में लकी ड्रॉ का आयोजन भी किया गया था।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लाभ से वंचित ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। हंटरगंज(चतरा)**

हंटरगंज प्रखंड के पांडेयपुरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लाभ सीएचओ दिपीका हेमरोम के मनमानी के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का अरोप है कि कभी भी समय से केंद्र नहीं खुलता है। सीएचओ से जब स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था के संबंध में जानकारी मांगी गई तो जवाब देने से मुकर गयी। ऐसे में जाहिर है कि सीएचओ के द्वारा स्वास्थ केंद्र का संचालन मनमानी रूप से किया जा रहा है। जबकि स्वास्थ केंद्र में प्रसव कक्ष एवं आपातकालीन सेवाओं के लिए चौबीस घंटे सेवा देना है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी हंटरगंज द्वारा सीएचओ एवं एएनएम को आदेशित किया गया है कि जारी सूची के अनुसार अगले आदेश तक कार्य



करना सुनिश्चित करेंगें। बीरेंद्र कुमार (एचडब्ल्यू), आउटसोर्सिंग कमलेश कुमार यादव (स्वा. सेवक), आउटसोर्सिंग ओपीडी प्रसव से संबंधित कार्य करना एवं साफ-सफाई करना सुनिश्चित करेंगें। यह तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। जिसकी प्रतिलिपि असैनिक शल्य चिकित्सा सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी चतरा एवं डीपीएमयू चतरा को सूचनार्थ प्रेषित की गई है। स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी ने बताया कि अगले दस दिनों में स्वास्थ्य केंद्र सुचारु रूप से चालु हो जायेगा।

## अवैध बालू उठाव करते दो ट्रैक्टर जब्त

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत बलबल महाने नदी से अवैध बालू उठाव कर रहे दो ट्रैक्टर को प्रशासन द्वारा टीआान चलाकर देर शाम जब्त किया गया। मिली जानकारी के अनुसरी गुप्त सूचना मिली थी कि बलबल के टिकवा बांध घाट से ट्रैक्टर द्वारा अवैध बालू का उठाव किया जा रहा है। जिसके पश्चात अंचल अधिकारी जयशंकर पाठक के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन कर उक्त घाट में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस क्रम में अवैध रूप से बालू उठा रहे दो ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया आया। इस बाबत इंजन व चेचिस नंबर के आधार पर सीओ ने प्राथमिकी दर्ज करवाया है। इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है। छापेमारी दल में सीओ के साथ थाना प्रभारी कन्हैया यादव व अन्य पुलि कर्मी शामिल थे।

# भारी मात्रा में नकली शराब की गई जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर उत्पाद अधीक्षक के द्वारा हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह में अवैध नकली शराब कारोबार के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में उत्पाद अधीक्षक द्वारा जानकारी दी गई की जिले के हंटरगंज प्रखंड के नावाडीह में अवैध रूप से नकली शराब का कारोबार किये जाने कि गुप्त सूचना मिली थी।



गुप्त सूचना के आधार पर अवर निरीक्षक उत्पाद एवं सशस्त्र बल के साथ छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें नावाडीह-पनारी गांव के विभिन्न स्थलों से आरएस 375 एमएल के 335 बोतल, 1बी 750 एमएल के 104 व 375 एमएल के 336 बोतल, माक्डोवेल्स नम्बर1 750 एमएल के 60 बोतल व 375 एमएल के 404 बोतल, 7 पीएम 180 एमएल के 620 बोतल, बी 7 375 एमएल के 240 बोतल, ट्यूबोर्ग 500 एमएल के 120 पीस, कुल अवैध विदेशी शराब 720.7 लीटर तथा भारी मात्रा में नकली शराब एवं स्टीकर भी उक्त स्थलों से बरामद किया गया। मुख्य अभियुक्तों में ग्राम पनारी, नावाडीह से राजेश यादव (पिता राजेन्द्र यादव), संजय यादव (पिता सुकुल यादव), सुनील यादव (पिता लखन यादव), जितेंद्र यादव (पिता शिव यादव), केल यादव (पिता मूलचंद यादव), कारू यादव (पिता स्व. सुखदेव यादव) एवं ग्राम घंघरी से अजय दास शामिल हैं। उत्पाद अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर सभी संलिप्त लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## एमआरपी से अधिक मूल्य पर बेची जा रही अंग्रेजी शराब

**चंदवा।** शहर के नजदीक शिवाटोली के समीप शराब की दुकान से नकली शराब तथा प्रिंट रेट से अधिक मूल्य में शराब बेचे जाने का मामला प्रकाश में आया है। एक ग्राहक बलेंडर की खुली बोतल लेकर दुकान पहुंचा और काउंटर इंचार्ज से शराब से कच्ची स्पिरिट का टेस्ट आने की शिकायत की। संवाददाता के द्वारा कांउटर इंचार्ज राहुल कुमार से कच्चे स्पिरिट टेस्ट के बाबत पूछे जाने पर बताया कि कभी कभी आगे से ही इस तरह का माल आ जाता है। नकली शराब बेचे जाने के संबंध में दुकान मालिक से फोन पर पूछे जाने पर कहा गया कि जो बेचता है वह जेल जाएगा। इसमें मेरा कोई रोल नहीं है। वहीं प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि नकली शराब का धंधा करने वाले लोगों पर प्रशासन के द्वारा कार्रवाई करने की जरूरत है।

# बीडीओ ने की स्वच्छ भारत व जल जीवन की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड कार्यालय कक्ष में स्वच्छ भारत मिशन एवं जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने की। इस दौरान स्वच्छता एवं जल जीवन मिशन के तहत प्रखंड क्षेत्र में हो रहे कार्यों की जानकारी ली गई। वहीं क्षेत्र में जिस घर में शौचालय नहीं बना हुआ है उसका सर्वे मुखिया को करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जल सहियाओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को जल जीवन मिशन के तहत अब तक हुए कार्यों एवं कार्यों के दौरान आ रही समस्याओं से अवगत कराया। इस संबंध में बीडीओ ने जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर को नल से जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ली गई योजनाओं को

### सुदूरवर्ती क्षेत्रों में ग्रामीणों को जलापूर्ति कनेक्शन के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया

समय से पूरा करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। वहीं उन्होंने संबंधित विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर आ रही समस्याओं को दूर करने की बात कही। साथ ही बीडीओ ने मुखिया व जलसहियाओं के माध्यम से प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में ग्रामीणों को जलापूर्ति कनेक्शन के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। वहीं बैठक में मुखिया आशीष सिंह, जितेंद्र सिंह, कालो देवी, बुद्धेश्वर सिंह, बिपिन बिहारी सिंह, बलदेव परहिया, सतरोहन सिंह, मंजू देवी, कालो देवी समेत पंचायत सेवक व जलसहिया शामिल रही।

## सम्मेलन कामेश्वर बने भोगता समाज विकास संघ जिलाध्यक्ष

# भोगता समाज विकास संघ का पुनर्गठन

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

जिला भोगता समाज विकास संघ के एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन मोरसेरवा स्थित सरना भवन में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता समाज के राजेंद्र गनझु ने किया। सम्मेलन में मुख्य रूप से समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने पर बल दिया गया साथ ही समाज को शिक्षा के क्षेत्र में मुख्य धारा के साथ जोड़ने पर बल दिया गया। बैठक में समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर अपनी बातें रखी। सर्वसम्मति से जिला भोगता समाज विकास संघ का पुनर्गठन किया गया, जिसमें कामेश्वर भोगता को नया जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। उपाध्यक्ष मुनेश्वर गनझु व मंगर गनझु बनाये गए हैं। सचिव चमन गनझु,




महामंत्री पर्मेश्वर गनझु, कोषाध्यक्ष प्रदीप गनझु बनाये गए हैं। संरक्षक के रूप में राजेंद्र गनझु व सलाहकार के रूप में फुलचंद गनझु का चयन किया गया। अपने संबोधन में जिला भोगता समाज विकास संघ के नये अध्यक्ष ने इस जिम्मेवारी के लिए संघ के सदस्यों का धन्यवाद देते हुए समाज के प्रगति के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। कार्यक्रम को फुलचंद् गनझु, प्रदीप गनझु समेत अनेक वक्ताओ ने संबोधित किया। मौके पर समाज के दूरदराज से आये हुए लोग मौजूद थे।

# 'नहीं चलेगा डलहौजी का भूमि अधिग्रहण कानून'

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

एनएच-75 के फोरलेन सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहीत की गयी जमीन के कागजातों को लेकर मुआवजे के लिए आज कैंप का आयोजन किया गया। अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय होटवाग में सैकड़ों की संख्या में रैयत पहुंचे थे। रैयतों ने कैंप में मौजूद अधिकारियों से पूछा कि आपके मुआवजे की राशि कितनी है। क्या है सरकार का प्रावधान। अधिकारियों ने बताया कि इस फोरलेन के लिए सरकार की ओर से केवल 8 हजार रुपये प्रति डिसमिल मुआवजा दिया जायेगा। अधिकारियों की जवाब सुनकर रैयत भड़क गये और आमसभा के विरोध में हंगामा शुरू कर दिया। जिसके चलते आज की आमसभा नहीं हो सकी। रैयतों का कहना है कि 400 साल से जिस जमीन पर हमारे पूर्वज खेती करते आ रहे हैं, सरकार और

### फोरलेन सड़क के लिए आमसभा आयोजित

प्रशासन की नजर में मुआवजा महज 8 हजार रुपये है। जबकि भाजपा कार्यालय के पास जमीन की बिक्री तीन लाख रुपये प्रति डिसमिल है। भारत सरकार के भूमि अधिग्रहण अधिनियम के तहत चार गुना दर देने का प्रावधान है। ग्रामीणों ने कहा कि हमारा भारत देश आजाद हो गया है। लार्ड डलहौजी का भूमि अधिग्रहण कानून अब यहां नहीं चलेगा। विरोध प्रदर्शन में लक्ष्मण यादव, राजधानी यादव, हरिशंकर यादव, प्रभु यादव, दिनेश्वर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राजमुनी राम, विजय राम, मन्टु राम, शभु यादव, विशुन देव यादव, वीरेंद्र यादव, संजय यादव, सुरेंद्र यादव, बसंत यादव, अमित यादव, रंजीत यादव, हीरा यादव सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# उपायुक्त ने की वितीय वर्ष 2022-23 में विभिन्न विभागों की उपलब्धियों की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 16 जून को रांची में होन वाले बैठक की तैयारी को लेकर उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई।




बैठक में वर्ष 2022-23 में विभिन्न विभागों के द्वारा उपलब्धियों की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा हुई जिसमें मनरेगा अंतर्गत सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को मानव दिवस सृजन में 15 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी किये जाने का निदेश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत तृतीय किश्त का भुगतान किये जाने का निदेश प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, किस्को को दिया गया। पंचायती राज विभाग अंतर्गत पंचायत सचिवालय की स्वीकृति व अद्यतन स्थिति से अवगत कराने का निदेश पंचायती राज पदाधिकारी को दिया गया। उपायुक्त द्वारा पंचायती राज पदाधिकारी को पंचायत समितियों के व्यय संबंधी प्रेक्षा की गई। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री रोजगार सृजन में वितरण की गई राशि और वितरण के लिए बाकी बचे राशि के भुगतान संबंधी समीक्षा की गई और निष्पादन के निदेश दिये गये। साथ ही छात्रवृति और आवासीय विद्यालयों की स्थिति की भी समीक्षा की गयी।

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग अंतर्गत पेंशन वितरण की समीक्षा की गई। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में लक्ष्य व उपलब्धि की समीक्षा की गई और बीएस कॉलेज, लोहरदगा में छूटे हुए लाभुकों को योजना से अच्छादन हेतु विशेष कैंप चलाये जाने का निदेश जिला समाज कल्याण को दिया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों से संबंधित अपने भवन में आंगनवाड़ी केंद्र, अन्य भवन में आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन, जर्जर भवन व उनकी मरम्मती से संबंधित प्रतिवेदन समर्पित किये जाने का निदेश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया गया। विभाग अंतर्गत रिक्त पदों की स्थिति की समीक्षा की गई।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री पशुधन योजना में जिला पशुपालन पदाधिकारी को बचे हुए लक्ष्य को भी हासिल किये जाने का निदेश दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी से मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना में वितरण, योजना में छूटे किसानों का केवाईसी, केसीसी ऋण आदि की समीक्षा की गई और छूटे हुए केवाईसी को पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। सहकारिता विभाग अंतर्गत बीज वितरण की समीक्षा की गई। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत छूटे हुए लाभुकों को जल जीवन मिशन अंतर्गत अच्छादित किये जाने का निदेश कार्यपालक अभियंता को दिया गया। डीएमएफटी अंतर्गत लंबित अधियोजना की प्रक्रिया को आगे बढ़ाये जाने का निदेश दिया गया। दाखिल खारिज के लंबित मामलों का निष्पादन किये जाने का निदेश सभी अंचलाधिकारियों को दिया गया। जाति/आय/आवासीय प्रमाण-पत्रों के लंबित मामलों का निष्पादन दो दिनों में पूर्ण किये जाने का निदेश भी दिया गया। कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमण्डल को वन टाईम सेटलमेंट मामलें में कैंप की संख्या बढ़ाकर लाभुकों को योजना का लाभ दिये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, नीलाम पत्र पदाधिकारी बिरसाय उरांव, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी समेत अन्य संबधित विभागों के पदाधिकारी/कार्यपालक अभियंता मौजूद थे।

### अवैध बालू के संबंध में छापेमारी करते रहें

उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। इसमें बालू के अवैध उठाव/परिवहन से संबंधित हुई कार्रवाई, बालू का स्टॉक, छापेमारी संबंधी समीक्षा की गई और सहायक खनन पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि नियमित रूप से अवैध बालू के संबंध में छापेमारी करते रहें। साथ ही, मामलों एफआईआर आदि की कार्रवाई करें। संबंधित थानों से संपर्क कर कार्रवाई निरंतर जारी रखें। बैठक में एसपी आर रामकुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल और सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### एप में मतदाताओं की आवश्यक सूचनाएं अपलोड करें

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड कार्यालय के सभागार में अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज की अध्यक्षता में बीएलओ एप का प्रशिक्षण सभी बीएलओ को दिया गया। मौके पर अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मतदाता पुनरीक्षण कार्य में सभी बीएलओ, बीएलओ एप का उपयोग प्रशिक्षण प्राप्त करें। बीएलओ एप में अपने मतदान केंद्र के मतदाताओं की आवश्यक सूचनाएं अपलोड करें। सभी को बीएलओ एप का प्रशिक्षण प्रखंड निर्वाचन शाखा के सहायक संतोष उरांव द्वारा बीएलओ एप में मृत मतदाता का नाम हटाने, नए मतदाता का नाम जोड़ने, नाम सुधार करने, मतदाता पहचान पत्र में रंगीन फोटो लगाने, आधार लिंक करने, हाउस टू हाउस सर्वे, मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधा संबंधित आवश्यक सूचनाएं अपलोड करने की विधि बताई गई। प्रशिक्षण में पर्यवेक्षक अशोक कुमार, रंजीत कुमार, बीएलओ लीलावती देवी, मुन्नी भगत, पूनम देवी, मानती देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### अनियमित आपूर्ति व लो वोल्टेज से किसान परेशान

# नहीं हो पा रही सिंचाई सूखने लगी हैं फसलें

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
बिजली की अनियमित आपूर्ति से भौरों पंचायत के किसान परेशान हैं। अनियमित आपूर्ति एवं लो वोल्टेज के कारण किसानों का फसल सूख रहा है। किसानों का कहना है कि लगभग 10 दिनों से भौरों पंचायत क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति गड़बड़ हो गई है। बिजली रहने पर भी लो वोल्टेज रहता है। लो वोल्टेज के कारण किसी तरह का सिंचाई पंप नहीं चल रहा है। पानी पंप नहीं चलने के कारण अधिकांश किसानों की फसल सूखने लगी है।



लो वोल्टेज सुधार करने के लिए स्थानीय किसान प्रयास कर रहे हैं, परंतु लो वोल्टेज में सुधार नहीं हो रहा है। फलस्वरुप किसानों की अधिकांश फसल बर्बाद हो रहा है। इस गर्मी के मौसम में किसान जीतोड़ मेहनत कर फसल उगाते हैं और ऐसी परिस्थिति में सिंचाई के नहीं होने से फसल के बर्बाद होने की स्थिति बनी हुई है। किसान फसलों को सुखते हुए अपनी आंखों से देख रहे हैं। भौरों पंचायत क्षेत्र में इस समय फूल गोभी, बंधा गोभी, हरा मिर्चा, शिमला मिर्च,अदरक, धनिया, मकई सहित अन्य सब्जी फसलों की भरपूर खेती होती है। इस समय की खेती से किसानों को अच्छी आर्थिक आमदनी होती है। इसलिए किसान अभी के फसल पर ज्यादा ध्यान देते हैं और मेहनत ही करते हैं परंतु किसानों की मेहनत पर बिजली की लो वोल्टेज पानी फेर रहा है। किसान अपनी फसल को बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं, परंतु बिजली की आंख मिचौली और लो वोल्टेज के आगे उनकी कुछ नहीं चल रही है। अनियमित बिजली आपूर्ति एवं लो वोल्टेज से परेशान किसान अपनी समस्या को लेकर जिले के वरीय पदाधिकारियों से मिलने का प्लान बना रहे हैं। किसानों का कहना है कि बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण उनका मेहनत बेकार हो रहा है। किसान शहादत अंसारी, अमित प्रजापति, बीरबल ऊराव, जब्बार अंसारी, गफ्फार अंसारी, शकील अंसारी, बजरंग प्रजापति सहित अन्य किसानों ने बताया कि जल्द ही बिजली की आपूर्ति व्यवस्थित नहीं की गई तो किसानों को लाखों का नुकसान हो जाएगा।

# लापरवाही किसी हाल में बर्दाश्त नहीं : बीएन सिंह

### सदर थाना का एसडीपीओ ने किया औचक निरीक्षण, लंबित मामलों पर हुए नाराज

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने सदर थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न अनियमितताओं, लापरवाही और लंबित मामलों को चिन्हित कर गहरा असंतोष व्यक्त किया। न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट, कुर्की जप्ती के लंबित मामले देख नाराजगी व्यक्त किया। सदर थानेदार अनिल उरांव को दो दिनों के अंदर वारंट, कुर्की जब्ती के लंबित मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। मिली जानकारी के अनुसार बाइक चोरी समेत विभिन्न आपराधिक घटनाओं पर आवेदक द्वारा दिए गए एप्लीकेशन पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान करने का निर्देश एसडीपीओ ने दिया। बताएगा कि कई मामलों पर थाने में मिले आवेदन कई दिनों तक पड़े मिले। तत्काल शिकायतों के आवेदन पर 24 घंटे के अंदर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। बताया गया कि लापरवाही का आलम यह है कि स्टेशन डायरी कई दिनों तक सदर थाना मे छोड़ दिया गया, जबकि प्रतिदिन स्टेशन डायरी अप टू डेट करने का प्रावधान है। इसे गंभीर लापरवाही माना गया। बालू के खनन और परिवहन पर प्रतिबंध होने के बावजूद शहरी क्षेत्र में बालू लदा ट्रैक्टर प्रतिदिन रात को सक्रिय होने की शिकायत पर एसडीपीओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त किया। कहा कि शहरी क्षेत्र में बालू के अवैध परिवहन रोकना सदर थाने की पुलिस सुनिश्चित करें। लापरवाही किसी हाल पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीपीओ ने सजगता से रात्रि गश्ती बढ़ाने का निर्देश दिया। शहरी नागरिकों से मैत्री संबंध स्थापित कर शहरी क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने में जनभागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। सूचना तंत्र विकसित कर आपराधिक मामलों पर फौरी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस मौके पर सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव, संतोष कुमार यादव समेत सदर थाना में पदस्थापित विभिन्न पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।



## भंडरा पुलिस ने फरार तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
न्यायालय लोहरदगा द्वारा निर्गत अजमानतीय वारंटी के आधार पर तीन फरार वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार वारंटियों में अमर प्रसाद साहू उम्र करीब 28 वर्ष पिता स्व. शिबू साहू ग्राम भंडरा को मारपीट के आरोप में, नजीब अंसारी उम्र करीब 26 वर्ष पिता सुल्तान अंसारी ग्राम आकाशी को सड़क दुर्घटना के आरोप में तथा नीरज साहू उम्र करीब 22 वर्ष पिता दिनेश साहू ग्राम भौरो को 2021 में लड़की को अपहरण कर बलात्कार करने के आरोप में भंडरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत लोहरदगा में भेजा गया। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि तीनों के खिलाफ न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट निर्गत था तीनों व्यक्ति फरार चल रहे थे।



## खेल से जागरूक हो युवा वर्ग : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में युवा सद्भावना मंच के तहत जिला प्रशासन के सौजन्य से प्रखंड प्रशासन द्वारा शनिवार को कुंदगडी खेल मैदान में कल्हेपाट बनाम भड़गांव के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि जिला प्रशासन की तरफ से युवा सद्भावना मंच का गठन किया गया है। युवाओं को खेल से जोड़ने के लिए कोच की व्यवस्था की गई है। इच्छुक युवक लोहरदगा में जाकर क्रिकेट फुटबॉल आदि का प्रशिक्षण लेकर भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि खेल से युवाओं को रोजगार मिलता है। खेल के मध्यम से टीम भावना के द्वारा बेहतर आपसी सौहार्द बना रहता है। साथ ही उन्होंने कहा खेल में जिस प्रकार आपसी सौहार्द कायम रखते है। उसी प्रकार समाज में जागरुकता फैलाने का कार्य युवा वर्ग के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा पहल की जा रही है। कल्हेपाट और भड़गांव के बीच क्रिकेट मैच खेला गया जिसमें कल्हेपाट की टीम भड़गांव को 5 विकेट से पराजित किया। वहीं अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत दे कर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, सीओ विजय कुमार, पंचायत समिति सदस्य पूनम उरांव व सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।



## सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार बहुत आवश्यक : डीपीआरओ

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, लोहरदगा (सूचना भवन) में सरकार की कल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं पर कलादलो का सेमिनार आयोजित किया गया। जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो द्वारा कार्यक्रम में सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, लोहरदगा के सूचीबद्ध कलादलों ग्रुप बी एवं सी के दलनायकों और दल के सदस्यों को सरकार के द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डीपीआरओ ने कहा कि समय-समय पर सरकार के द्वारा कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया जाता है जिनका आम लोगों के बीच प्रचार-प्रसार बहुत आवश्यक होता है।






सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, लोहरदगा द्वारा समय-समय पर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना होता है और इसके लिए स्थानीय कलाकारों को योजनाओं के प्रचार-प्रसार की जिम्मेवारी दी जाती है। ऐसे में अहम हो जाता है कि कला दलों के सभी कलाकारों को सरकार की कल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं की गहन जानकारी रहे। जिला के दूर-दूराज दुर्गम क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार का कार्य नुक्कड़-नाटक व गीत-संगीत के माध्यम से यहां के कलाकार ही करते हैं। डीपीआरओ द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी सेमिनार में दी गई। कार्यक्रम में जिला जनसम्पर्क कार्यालय के कर्मी व बड़ी संख्या में विभिन्न कलादलों के दल नायक, सदस्य कलाकार मौजूद थे।

**धर्म-कर्म**

### 301 कलश यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए

# मंदिर का होगा जीर्णोद्धार, निकाली कलश यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा**
प्रखंड क्षेत्र के बकाडीह गांव स्थित राधा कृष्ण मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय यज्ञ का शुभारंभ शनिवार को किया गया। इस अवसर पर 301 कलश के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर बड़काह कसपोडिया स्थित गुड गुड चूआं पहुंचे जहां आचार्य प्रमोद पाठक के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश भराय गया। इसके पश्चात कलश यात्रा कलश लेकर पुनः मंदिर प्रांगण पहुंची।



इसके बाद आचार्य प्रमोद पाठक के द्वारा वैदिक मंत्र उपचार के चार दिवसीय पूजन कार्य का शुभारंभ करवाया गया। इस अवसर पर जय श्री राम जय हनुमान बजरंगबली की जय के जय घोष के साथ पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। वहीं राधा कृष्ण मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि दिया बहुत प्राचीन मंदिर है। मंदिर काफी जर्जर हो चुका था, जिसका जीर्णोद्धार किया गया। इसी निमित हम लोगों के द्वारा तीन दिवसीय यज्ञ का कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने बताया कि पूजन के उपरांत रात में अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया है जिसके बाद दूसरे दिन भी पूजन एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा तथा आगामी सोमवार 12 जून का पूजन का समापन भव्य भंडारे के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुरेंद्र साहू दशरथ बैठा उत्तम बैठा अजीत साहू वही कलश यात्रियों में मनीता देवी पूनम देवी नंदनी कुमारी पल्लवी कुमारी जानकी देवी अनीता देवी सीता देवी रानी देवी सहित 301 कलश यात्री व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सीएम से आग्रह : 'भीषण गर्मी को देखते हुए न खोल जाएं विद्यालय'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सामाजिक विचार मंच के संयोजक कवलजीत सिंह ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की है कि पूरा राज्य भीषण गर्मी के प्रकोप को झेल रहा है। सभी जिलो में प्रचंड गर्मी के कारण पारा बढ़ा हुआ है। इसके बावजूद बच्चों के स्कूल खोलने की घोषणा समझ से परे है। इस लिए सरकार से मांग है कि अविलंब विद्यालयों में अवकाश की घोषणा की जाए, क्योंकि छोटे-छोटे बच्चे बीमार पड़ रहे हैं और काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह भी समझ में नहीं आता है कि शिक्षा सचिव जैसे महत्वपूर्ण पद पर बैठे हुए लोग इस गर्मी के मौसम में किस हिसाब और मापदंड को देखकर विद्यालयों को खुलवा दिए हैं।

### उपायुक्त से स्कूलों की छुट्टी बढ़ाने की मांग

**लोहरदगा।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता संजय सर्राफ ने उपायुक्त से इस भीषण गर्मी को देखते हुए सभी निजी एवं सरकारी स्कूलों में कम से कम 1 हफ्ते गर्मी छुट्टी को आगे बढ़ाये जाने की मांग की है। ज्ञात हो कि गर्मी की छुट्टी अब खत्म होने वाली है। कई स्कूले खुल गए हैं, या खुलने वाले हैं। अभी जिलों में सभी जगह पारा इतना बढ़ा हुआ है कि घर से निकल पाना आम लोगों के लिए मुश्किल हो रहा है। इन परिस्थितियों में छोटे छोटे बच्चे एवं अभिभावकों को बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। अभी जो तपती गर्मी की स्थिति है उसमें बच्चे या फिर शिक्षक कैसे स्कूल जा पाएंगे। वैसे भी एक हफ्ते में मानसून आने वाला है। एक ओर सरकार लोगों को चेतावनी दे रही है कि गर्मी में जरूरत पड़ने पर ही घर से निकले, गर्मी से बचें, वहीं दूसरी ओर बच्चे और शिक्षक इस गर्मी में स्कूल कैसे जाएंगे। सभी स्कूलों की छुट्टी दो से ढाई बजे के बीच होती है। उस समय बच्चे स्कूल से बस में कैसे घर जा पाएंगे। उपायुक्त से आग्रह है कि इस पर संज्ञान लेकर तत्काल सभी स्कूलों में कम से कम 1 सप्ताह छुट्टी बढ़ाई जाए।



NEWS इन ब्रीफ

## एसबीआई चालू वित्त वर्ष में 50,000 करोड़ रुपए जुटाएगा

**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) चालू वित्त वर्ष में बांड के जरिए भारतीय और विदेशी बाजारों से 50,000 करोड़ रुपए जुटाएगा। बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एसबीआई ने शेयर बाजार को बताया कि इस संबंध में बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल ने मंजूरी दी है। निदेशक मंडल ने बांड जारी कर रुपए या किसी अन्य परिवर्तनीय मुद्रा में धन जुटाने को मंजूरी दी है। एसबीआई का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में लगभग 90 प्रतिशत वृद्धि के साथ 18,094 करोड़ रुपए था।

## वित्त वर्ष 2023-24 में 7.84 लाख करोड़ रुपये होगा यूपी का कर्ज

**लखनऊ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दावा किया है कि 2020-21 में 31.1 प्रतिशत की तुलना में, सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में राज्यों का सामूहिक ऋण 2022-23 में घटकर 29.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। आम चुनाव नजदीक हैं और योगी आदित्यनाथ सरकार लोकलुभावन योजनाओं को आगे बढ़ा रही है, वित्तीय विशेषज्ञों को लगता है कि कर्ज और बढ़ सकता है। यूपी वार्षिक बजट के अनुसार, 2023-24 में नाममात्र यूपी सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 24.39 ट्रिलियन रुपये होने का अनुमान लगाया गया है। दिलचस्प बात यह है कि 7.84 ट्रिलियन रुपये का अनुमानित सार्वजनिक ऋण उत्तर प्रदेश के 6.90 ट्रिलियन रुपये के वार्षिक बजट से 94,000 करोड़ रुपये या लगभग 14 प्रतिशत अधिक है।

### ओपीएस की बहाली के बाद कर्ज में डूबा हिमाचल

# 800 करोड़ कर्ज के लिए बाजार में उतरा



**एजेंसी। शिमला**

पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश, जिसकी अर्थव्यवस्था काफी हद तक पर्यटन, बागवानी और जलविद्युत पर निर्भर है, पर 75 हजार करोड़ रुपये का कर्ज हो गया है। इसमें लगातार बढ़ रही मजदूरी और पिछली सरकार से कर्मचारियों एवं पेंशनरों के वेतन एवं महंगाई भत्ते के बकाए के रूप में लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की देनदारी है। कर्ज के पहाड़ का सामना करने के बावजूद, छह महीने पुरानी कांग्रेस सरकार ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को लागू करने का वादा पूरा किया है, इससे अब बड़ी मात्रा में धन खर्च हो रहा है। ओपीएस से 1.36 लाख सरकारी कर्मचारियों को फायदा हुआ, जो एक महत्वपूर्ण वोट बैंक है, लेकिन सरकार पर 800-900 करोड़ रुपये का वार्षिक बोझ पड़ा। अब महत्वपूर्ण मुफ्त उपहारों का प्रभाव भी राज्य की अर्थव्यवस्था पर महसूस किया जा रहा है। राज्य के पास वेतन, पेंशन और विकास परियोजनाओं के लिए पैसे नहीं हैं। इनके लिए सरकार 800 करोड़ रुपए का अतिरिक्त कर्ज जुटा रही है। वित्तीय प्रतिबंधों का सामना करने के बावजूद, मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू कह रहे हैं कि सरकार खजाने के लिए अतिरिक्त राजस्व उत्पन्न करने के उपाय शुरू कर संसाधन जुटाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इनमें केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) की बिजली परियोजनाओं में बड़ी हिस्सेदारी की मांग करना शामिल है। जिन्होंने अपनी लागत वसूल कर ली है। सरकार ने शराब की दुकानों के लिए नीलामी भी आयोजित की है, इसके परिणामस्वरूप सरकारी खजाने को अतिरिक्त 40 प्रतिशत राजस्व प्राप्त हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता जयराम ठाकुर ने भी इस महीने स्वीकार किया कि ओपीएस मुद्दे का राज्य के चुनावी नतीजों पर असर पड़ा है। आधिकारिक सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि सरकार मुख्य रूप से विकास कार्यों के लिए 800 करोड़ रुपये का कर्ज जुटा रही है। केंद्र ने राज्य द्वारा बाहरी उधारी पर 3,000 करोड़ रुपये की सीमा तय की है। साथ ही इसने चल रही परियोजनाओं के लिए राज्य की उधार क्षमता को 4,000 करोड़ रुपये तक सीमित कर दिया है।

## एलन मस्क ने एपल विजन प्रो का मजाक उड़ाया

**नई दिल्ली।** मेटा के उएड मार्क जुकरबर्ग ने एपल के मिक्स्ड रियलिटी हेडसेट 'विजन प्रो' को लेकर कहा कि विजन प्रो कंप्यूटिंग के भविष्य की दृष्टि से अच्छा डिवाइस हो सकता है, लेकिन यह वैसा नहीं है, जैसा मैं चाहता हूं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस डिवाइस में ऐसी टेक्नोलॉजी यूज नहीं की गई है, जिसे मेटा ने अभी तक एक्सप्लोर नहीं किया है। वहीं, टेस्ला, स्पेसएक्स और ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने ट्विटर पर मीम शेयर करते हुए विजन प्रो की कीमत को लेकर मजाक उड़ाया है। दरअसल, एपल ने तीन दिन पहले ही डब्लूडब्लूडीसी 23 इवेंट में अपना पहला अफ/श्फहेडसेट 'विजन प्रो' लॉन्च किया है। तभी से यह चर्चा में बना हुआ है। जुकरबर्ग ने अपने अपकमिंग मिक्स्ड रियलिटी हेडसेट 'क्वेस्ट 3' की तुलना 'विजन प्रो' से की।

## ट्विटर की सीईओ लिंडा याकारिनो ने कहा, हम इतिहास रच रहे हैं

**नई दिल्ली।** ट्विटर की नई सीईओ लिंडा याकारिनो ने शनिवार को कहा कि किसी अन्य प्लेटफॉर्म में वह ताकत नहीं है, जो ट्विटर के पास है और वे इतिहास रचने जा रहे हैं। इस सप्ताह की शुरूआत में ट्विटर के सीईओ के रूप में एलन मस्क की जगह लेने वाले याकारिनो ने कहा कि पहला सप्ताह नशा करने वाला रहा है। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, किसी अन्य मंच के पास यह शक्ति नहीं है और किसी अन्य जगह में वे लोग नहीं हैं, जिनसे मैं इस सप्ताह मिली हूं। बने रहें - हम इतिहास बना रहे हैं। याकारिनो ने कहा, ट्विटर का मिशन स्पष्ट है और सभी को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने आगे लिखा, पहला हफ्ता काफी नशीला रहा है। ट्विटर जैसा कुछ भी नहीं है, इसके लोग, आप सब और मैं इन सबके लिए यहां हूं। याकारिनो उस समय ट्विटर से जुड़े जब अप्रैल में इसकी अमेरिकी विज्ञापन बिक्री में 59 प्रतिशत की गिरावट आई और मई का महीना भी उज्जवल नहीं दिख रहा था। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, 1 अप्रैल से मई के पहले सप्ताह तक पांच सप्ताह के लिए ट्विटर का अमेरिकी विज्ञापन राजस्व 88 मिलियन डॉलर था।

## पेट्रोल-डीजल के रेट्स में बदलाव नहीं, आने वाले दिनों में घट सकते हैं दाम




**नई दिल्ली।** शनिवार को भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। फिलहाल दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए लीटर है तो डीजल 89.62 रुपए लीटर के हिसाब से बिक रहा है। वहीं मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। देश के 16 राज्यों में पेट्रोल 100 रुपए लीटर के ऊपर बना हुआ है। हालांकि कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के चलते आने वाले दिनों में इनकी कीमतों में गिरावट देखने को मिल सकती है। पेट्रोल-डीजल जल्द सस्ते हो सकते हैं। इसके दो कारण हैं। पहला- अप्रैल में कच्चे तेल के दाम 83.76 डॉलर प्रति बैरल थे, जो गुरुवार को 74.85 डॉलर हो गए यानी डेढ़ माह में दाम 10.63% और 13 महीने में 31.65% लगभग एक तिहाई घट चुके हैं। दूसरा- 2022-23 में रूस से सस्ता तेल खरीदने से सरकार को 3.6 अरब डॉलर यानी 30 हजार करोड़ रुपए की बचत हुई है। पेट्रोलियम मंत्रालय सूत्रों का कहना है कि सरकार ने मुनाफे का फायदा जनता को देने के लिए कंपनियों से बातचीत शुरू कर दी है। रूस ने भारत को 16 डॉलर प्रति बैरल तक छूट पर कच्चा तेल बेचा। कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल तैयार कर दुनिया में बेचा।

## कैग की चेतावनी, कर्ज के चक्रव्यूह की ओर बढ़ता दिख रहा है गुजरात

**अहमदाबाद।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 'स्टेट फाइनेंसेजः ए स्टडी ऑफ बजट्स ऑफ 2022-23' शीर्षक से हाल में प्रकाशित एक अध्ययन में सभी राज्यों के सम्मिलित जीडीपी के अनुपात में राज्यों के ऋण में गिरावट का अनुमान जताया है। उसने कहा है कि 2022-23 में राज्यों पर कर्ज का कुल दबाव 2021-22 के जीडीपी के 31.1 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में जीडीपी का 29.5 प्रतिशत रह गया है। हालांकि, अगले साल लोकसभा चुनाव होने हैं और सभी राज्य सरकारें लोकलुभावन योजनाओं पर जोर दे रही हैं। ऐसे में इस बात की चिंता बढ़ रही है कि यह कर्ज बेकाबू अनुपात तक बढ़ सकता है। गुजरात अब बढ़ते सार्वजनिक ऋण के खतरे का सामना कर रहा है।

### जियो ने लॉन्च किए 5 नए प्लान

# इसमें मिलेगा अनलिमिटेड कॉलिंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**




जियो ने म्यूजिक लवर्स को ध्यान में रखते हुए 5 नए प्रीपेड प्लान लॉन्च किए हैं। इन प्लान्स में यूजर्स को अनलिमिटेड कॉलिंग और डेटा के साथ म्यूजिक स्ट्रीमिंग ऐप जियो सावन प्रो का फ्री सब्सक्रिप्शन मिलेगा। रिलायंस जियो ने ट्वीट कर इन प्लान्स के बारे में जानकारी दी है। आइए इन पांचों प्लान के बारे में विस्तार से जानते हैं। 269 रुपए के प्लान की वैलिडिटी 28 दिन होगी। इसमें यूजर्स डेली हाई स्पीड 1.5 जीबी का डेटा, हर दिन 100 स्टर और सभी नेटवर्क पर अनलिमिटेड कॉलिंग कर सकेंगे। इसके साथ जियो सावन प्रो सब्सक्रिप्शन के साथ अन्य जियो ऐप्स का एक्सेस मिलेगा। वहीं, एलिजिबल कटमर्स को अनलिमिटेड 5जी डेटा भी मिलेगा। 529 रुपए के प्लान में 56 दिन की वैलिडिटी मिलेगी। इसमें यूजर्स डेली हाई स्पीड 1.5 जीबी का डेटा, हर दिन 100 स्टर और सभी नेटवर्क पर अनलिमिटेड कॉलिंग कर सकेंगे। इसके साथ जियो सावन प्रो सब्सक्रिप्शन के साथ अन्य जियो ऐप्स का एक्सेस मिलेगा। वहीं, इसमें भी एलिजिबल कटमर्स को अनलिमिटेड 5जी डेटा भी मिलेगा। 739 रुपए के प्लान में 84 दिन की वैलिडिटी मिलेगी। इसमें भी यूजर्स डेली हाई स्पीड 1.5 जीबी का डेटा, हर दिन 100 स्टर और सभी नेटवर्क पर अनलिमिटेड कॉलिंग कर सकेंगे। इसके साथ जियो सावन प्रो सब्सक्रिप्शन के साथ अन्य जियो ऐप्स का एक्सेस मिलेगा। वहीं, इसमें भी एलिजिबल कटमर्स को अनलिमिटेड 5जी डेटा भी मिलेगा। 589 रुपए के प्लान में 56 दिन की वैलिडिटी मिलेगी। इसमें यूजर्स सभी नेटवर्क पर अनलिमिटेड कॉलिंग, हर दिन 100 स्टर के साथ हाई स्पीड 2 जीबी डेटा यूज कर सकेंगे। इसके साथ प्लान में जियो सावन प्रो सब्सक्रिप्शन के साथ अन्य जियो ऐप्स का एक्सेस मिलेगा।

## विदेश

# टोकियो एयरपोर्ट पर दो विमान टकराए



**एजेंसी। टोकियो**

जापान के परिवहन मंत्रालय के अनुसार, शनिवार को टोकियो के हानेडा हवाई अड्डे पर एक टैक्सीवे के पास दो यात्री जेट टकरा गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि पूर्वाह्न लगभग 11 बजे बैंकॉक के लिए रवाना हो रहे थाई एयरवेज के एक विमान और ईवा एयर के एक विमान के हनेडा हवाईअड्डे के रनवे ए पर टकराव हो गया। टोक्यो ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम टेलीविजन के फुटेज में दिखाया गया है कि दो विमान रनवे पर खड़े हैं। राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके के अनुसार, थाई एयरवेज के विमान के पंख का हिस्सा टूटा हुआ लग रहा है, और टुकड़े रनवे के पास बिखरे है। हवाई अड्डे ने दुर्घटना स्थल के पास रनवे को बंद कर दिया है, अब तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। हवाई अड्डे पर कुछ घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में देरी हुई है।

# इंटरनेट सर्वनाश को टाल सकता है नाशा का मिशन

**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**



नाशा ने संभावित 'इंटरनेट सर्वनाश' को रोकने के प्रयास के रूप में एक अंतरिक्ष यान लॉन्च किया है। मिरर के मुताबिक, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी के पार्कर सोलर प्रोब (पीएसपी) ने सौर हवा के माध्यम से नेविगेट करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वैज्ञानिकों ने आगामी सौर तूफान के संभावित प्रभाव के बारे में चेतावनी दी है, जिसे आमतौर पर इंटरनेट सर्वनाश कहा जाता है, जो अगले दशक के भीतर आ सकता है। 2018 में लॉन्च अंतरिक्ष यान सूर्य की सतह के करीब पहुंचा, जहां सौर हवा उत्पन्न होती है। रिपोर्ट के अनुसार, सौर हवा में सूर्य के सबसे बाहरी वातावरण से निकलने वाले आवेशित कणों की एक सतत धारा होती है, जिसे कोरोना कहा जाता है। तीव्र गर्मी और विकिरण की कठोर परिस्थितियों के बावजूद, पार्कर सोलर प्रोब सूर्य की कार्यप्रणाली के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र करने में लगा रहा। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर स्टुअर्ट बेल, ने सौर हवा को समझने के महत्व को समझाया। बेल ने कहा, हवाएं सूर्य से पृथ्वी तक बहुत सारी जानकारी ले जाती हैं। इसलिए सूर्य की हवा के पीछे के तंत्र को समझना पृथ्वी पर व्यावहारिक कारणों से महत्वपूर्ण है। यह समझने की हमारी क्षमता को प्रभावित करने जा रहा है कि सूर्य कैसे ऊर्जा जारी करता है और भू-चुंबकीय तूफान चलाता है, जो हमारे संचार नेटवर्क के लिए खतरा हैं। इस तरह की घटना से लोगों को महीनों या वर्षों तक इंटरनेट का उपयोग बंद करना पड़ सकता है, इससे उपग्रह और बिजली की लाइनें बेकार हो सकती हैं। इस बीच, नासा ने एक नया अभियान शुरू किया है, जो जनता को माइक्रोचिप पर अपना नाम लिखने का अवसर प्रदान करता है, जो अगले साल नासा के यूरोपा क्लिपर अंतरिक्ष यान पर सवारी करेगा। यूरोपा क्लिपर अंतरिक्ष यान अक्टूबर 2024 में बृहस्पति और उसके चंद्रमा यूरोपा की यात्रा के लिए निर्धारित है।

# सैन फ्रांसिस्को में नौ को मारी गोली



**सैन फ्रांसिस्को।** सैन फ्रांसिस्को के मिशन डिस्ट्रिक्ट इलाके में कम से कम नौ लोगों को गोली मार दी गई, जिसे अधिकारियों ने लक्षित घटना करार दिया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार तड़के एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, सैन फ्रांसिस्को पुलिस विभाग के अधिकारी ईव लोकवानसथिताया ने कहा कि पीड़ितों को शुक्रवार रात एक पार्टी में गोली मार दी गई। सैन फ्रांसिस्को बोर्ड ऑफ सुपरवाइजर्स के सदस्य के विधायी सहयोगी सैंटियागो लेर्मा के अनुसार कम से कम पांच घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पांच घायलों में से एक की सर्जरी चल रही है, जबकि चार लोगों को मामूली चोटें आई हैं, लेर्मा ने सीएनएन सहबद्ध केपीआईएक्स को बताया। सैन फ्रांसिस्को पुलिस विभाग के अधिकारियों को शुक्रवार की रात लगभग 9 बजे मिशन डिस्ट्रिक्ट में बुलाया गया। सीएनएन ने पुलिस के हवाले से एक बयान में कहा, जब अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे, तो उन्होंने कई लोगों को गोली लगने से घायल पाया। अधिकारियों ने पीड़ितों के इलाज और स्थानीय क्षेत्र के अस्पतालों में परिवहन के लिए चिकित्सकों को घटनास्थल पर बुलाया।

### लाभ | केंद्रीय मंत्री ने मोदी के नौ साल की उपलब्धि पर कहा

# वर्ष 2040 तक 27-28 ट्रिलियन डॉलर की होगी भारतीय इकॉनमी

**एजेंसी। नई दिल्ली**




केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मोदी सरकार के नौ साल की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए दावा किया है कि वर्ष 2040 तक भारत की अर्थव्यवस्था 27-28 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। एक अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी की रिपोर्ट के हवाले से यह दावा करते हुए उन्होंने यह भी जोड़ा की उस समय भारत विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था होगी जो दूसरे नंबर के काफी करीब होगी। पुरी ने शनिवार को भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए यूपीए सरकार और मोदी सरकार के कार्यकाल की तुलना करते हुए कहा कि यूपीए सरकार के कार्यकाल के दौरान, राजनीतिक निर्णय लेने की प्रक्रिया निष्क्रियता और पॉलिसी पैरालीसिस का शिकार थी। उस समय देश में विकास पर कोई ध्यान नहीं था और भारत 'फ्रैजाइल-फाइव' अर्थव्यवस्थाओं में से एक था। लेकिन 2014 में मोदी के सत्ता में आने के बाद उनके नेतृत्व में भारत ने एक अभूतपूर्व परिवर्तन देखा और आज भारत दुनिया की 5 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। केंद्रीय मंत्री ने नीति-नीयत और नेता, इन तीनों के ठीक होने की बात कहते हुए कहा कि 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कहे अनुसार भारत एक विकसित देश होगा। उन्होंने देश भर में बढ़ रहे एयरपोर्ट, मेट्रो नेटवर्क, नेशनल हाईवे सहित आधारभूत ढांचे के विकास की गति और मोदी सरकार की अमृत, उज्जवला और स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाओं का जिक्र करते हुए यह कहा कि कोरोना काल में भारत ने न केवल 220 करोड़ वैक्सीन बनाई बल्कि उनको सही तरीके से वितरित भी किया। दुनिया के 100 देशों को तो भारत ने सीधे तौर पर कोरोना की वैक्सीन दी। पेट्रोल-डीजल पर वैट कम नहीं करने के विपक्षी दलों के आरोपों पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि ये मांग उन दलों की तरफ से आती है, जिनकी राज्य सरकारों ने अपने करों को कम नहीं किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों में पेट्रोल डीजल की कीमत भाजपा शासित राज्यों की तुलना में लगभग 10 रुपये प्रति लीटर तक ज्यादा है। उन्होंने एक बार फिर से यह स्पष्ट किया कि दिल्ली में अवैध कॉलोनी, अवैध निर्माण और अतिक्रमण को लेकर सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करती रहेगी लेकिन सरकार के पास अवैध कॉलोनियों को लेकर एक योजना भी है।

# कंगाली के बावजूद पाकिस्तान ने रक्षा बजट 16 प्रतिशत बढ़ाया

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

कंगाली के कारण ऋण अदायगी में चूका के जोखिम का सामना कर रहे पाकिस्तान ने अपना रक्षा बजट 16 प्रतिशत बढ़ा दिया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सरकार ने तर्क दिया है कि देश आंतरिक और बाहरी सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, दिलचस्प बात यह है कि थल सेना, नौसेना, वायु सेना - तीनों सेवाओं को बजट में समान वृद्धि दी गई है, हालांकि आकार और भूमिका को देखते हुए थल सेना को इसमें सबसे ज्यादा हिस्सा मिलता है। पाकिस्तान का रक्षा खर्च अब उसके सकल घरेलू उत्पाद ( जीडीपी) का 1.7 प्रतिशत है, जो पिछले साल की तुलना में कम है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया कि 2022-23 में रक्षा खर्च देश की जीडीपी का लगभग दो प्रतिशत था, जिसका आकार अर्थव्यवस्था के रिबेसिंग के कारण बढ़ा है। रक्षा खर्च हमेशा चर्चा का विषय रहा है, कुछ लोग अधिक पारदर्शिता चाहते हैं और सेना के बजट के बारे में खुली बहस करते हैं। हाल के वर्षों में, सरकार रक्षा बजट के बारे में अधिक विवरण प्रदान करती है। हालांकि, इस विषय पर संसद के भीतर कभी भी खुली बहस नहीं हुई है। मीडिया ने बताया कि पर्यवेक्षकों का मानना है कि रक्षा बजट में वृद्धि आसन्न बाहरी और आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए उचित है। पड़ोसी अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बावजूद, पाकिस्तान अभी भी आतंकवाद के खतरे से निपटने के लिए पश्चिमी सीमा के साथ-साथ तत्कालीन कबायली क्षेत्रों में हजारों सैनिकों को तैनात करता है। बजट दस्तावेज से पता चलता है कि 2023-24 के लिए रक्षा परिव्यय 1,804 अरब पाकिस्तानी रुपया होगा, जो कि निवर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित 1,591 अरब पाकिस्तानी रुपये के संशोधित रक्षा व्यय की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक होगा।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVSION, DALTONGANJ.**

**CORRIGENDUM**

Tenders Postponed vide PR No.-298374 Building (23-24).D has been Group No.- 21 and 22 reinvited.

Date of Receipt of the tenders will be 14.06.2023 Time 1:00 PM and the Opening of the tenders will be 15.06.2023 Time 3:30 PM

Rest will be as usual.

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 299732 Building(23-24).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – **RDD/SD/LOHARDAGA/E-05/2023-24 PR No. 299639 (Lohardaga)23-24*D** द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाता है।

| क्र | विवरण | पूर्व प्रकाशित राषि | संशोधित राषि |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राक्कलित राषि | 15,90,560.00 | 22,56,200.00 |
| 2 | अग्रधन की राषि | 31,811.20 | 45,200.00 |

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR.NO.299768 Lohardaga(23-24):D

## एक नजर इधर भी

# सूरीनाम यात्रा का महत्व

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू की सूरीनाम यात्रा का संदेश अनेक देशों तक विस्तृत रहा। इनमें वह देश शामिल हैं, जहां बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग विगत छह पीढ़ियों से निवास कर रहे हैं। उन्होंने अपनी सभ्यता संस्कृति को कायम रखा है। मॉरीशस की तरह सूरीनाम में भी प्रवासी दिवस मनाया जाता है। मॉरिशस की राजधानी पोर्ट लुइस के अस्थाई निवास को अप्रवासी घाट कहा जाता है। प्रत्येक दो नवम्बर को अप्रवासी दिवस मनाया जाता है। सूरीनाम का प्रवासी दिवस पांच जून को मनाया जाता है। द्रौपदी मुर्मू इस समारोह की मुख्य अतिथि थीं। उनको सूरीनाम के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया। इस वर्ष जनवरी में सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी भारत यात्रा आए थे। उन्होंने भारत को कैरेबियाई देशों में हिन्दी सिखाने वाले संस्थान खोलने का सुझाव दिया था। उन्होंने कैरेबियाई क्षेत्र में फिल्म, योग, आयुर्वेद, आध्यात्मिक जीवन पद्धति, सूचना प्रौद्योगिकी और कौशल विकास का प्रशिक्षण देने के लिए भारत की ओर से संस्थान स्थापित करने का आह्वान किया था। उन्होंने इसके लिए अपने देश मे जमीन उपलब्धि कराने के वादा किया था। कुछ वर्ष पहले मोदी सरकार के प्रयास से हुगली नदी के तट पर सूरीनाम मेमोरियल बनाया गया था। इसमें बब्बा और माई की वैसी मूर्ति हैं जैसी सूरीनाम मे हैं। प्रतिमा सूरीनाम की राजधानी पारामारिबो में बाबा और माई स्मारक की प्रतिकृति हैं , जो सूरीनाम पर कदम रखने वाले पहले भारतीय पुरुष और महिला का प्रतीक है। परिमारिबो में यह प्रतिमा उस स्थान को चिह्नित करती है, जहां 5 जून, 1873 को जहाज लल्ला रूख में पहले भारतीय मजदूरों ने सूरीनाम में प्रवेश किया था। ये वह देश हैं, जिनसे भारत के रिश्ते बन्धुत्व पर आधारित हैं। भौगोलिक दूरी बहुत ज्यादा होने के बावजूद भावनात्मक लगाव बना रहता है। सूरीनाम ऐसा ही देश है। उसे भारत से गये लोगों ने सजाया-संवारा है। कई पीढ़ी पहले श्रमिक बन कर भारत से गये लोगों ने ही इस भूखण्ड को इंसानों के रहने लायक बनाया। आज यहां सभी आधुनिक संसाधन उपलब्ध हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सूरीनाम यात्रा को कई सन्दर्भों में देखा जा सकता है। इसमें आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पक्ष समाहित हैं। सामाजिक आधार पर भारत और सूरीनाम का रिश्ता करीब डेढ़ शताब्दी पुराना है। प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम से पहले अंग्रेजों ने पूर्वी उत्तर प्रदेश से श्रमिकों को सूरीनाम,फीजी, मॉरीशस भेजने शुरूआत की थी। यह क्रम करीब सत्तर वर्षों तक चलता रहा। गिरमिटिया मजदूर के रूप में उनको वहां भेजा गया था। कई पीढ़ी बीतने के बावजूद यहां के लोग भारत से अपने जुड़ाव को भूलना नहीं चाहते। वहां के सामान्य नागरिक से लेकर राष्ट्रपति तक जब अपने पूर्वजों का गांव तलाश करते हैं, तब भारत को खुशी और गर्व की अनुभूति होती है। राष्ट्रपति की सूरीनाम यात्रा का उद्देश्य दक्षिण अमेरिकी देश के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाना है। पिछले साल जुलाई में पदभार ग्रहण करने के बाद मुर्मू की यह पहली विदेश यात्रा है। वह सूरीनाम के पारामारिबो पहुंचीं। सूरीनाम के राष्ट्रपति सी संतोखी ने हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति का स्वागत किया। राष्ट्रपति की सूरीनाम में शीर्ष नेताओं के साथ बातचीत हुई। वह प्रवासी भारतीयों के एक वर्ग से भी मिलीं। सूरीनाम की जनसंख्या में भारतीय मूल के लोग 27 प्रतिशत से अधिक है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सूरीनाम के बच्चों को मेड इन इंडिया चॉकलेट दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सूरीनाम में भारतीयों के आगमन की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ मनाने के लिए सूरीनाम की राजधानी पारामारिबो पहुंचीं थीं। उन्होंने अपने समकक्ष चंद्रिकाप्रसाद संतोखी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। दोनों राष्ट्रपतियों ने भारत-सूरीनाम संबंधों को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की और रक्षा, कृषि, आईटी और क्षमता निर्माण सहित कई क्षेत्रों पर व्यापक चर्चा की। भारत और सूरीनाम ने स्वास्थ्य और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में चार समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया। राष्ट्रपति मुर्मू और उनके समकक्ष के बीच सामान्य द्विपक्षीय बैठकों के अलावा सूरीनाम में आम लोगों के साथ उनकी बातचीत सबसे अलग रही। राष्ट्रपति मुर्मू ने सूरीनाम में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच वार्ता के निष्कर्षों पर संतोष व्यक्त किया।

■ डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

# राम भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रतीक

**सत्य,** शिव और सुन्दर भारतीय संस्कृति के मूल तत्व हैं। भारतीय राष्ट्र का उद्भव सांस्कृतिक भाव भूमि में ही हुआ था। प्रकृति के प्रति आत्मीय भाव इस संस्कृति की विशेषता है। भारतीय संस्कृति उदात्त है। इस विशाल देश में यहां अनेक भाषाएं और अनेक बोलियां हैं। अनेक भाषाओं और बोलियों के बावजूद यहां सांस्कृतिक एकता है। सभ्यता राष्ट्र की देह है। संस्कृति प्राण है। यह कला, गीत, संगीत, स्थापत्य आदि अनेक रूपों में व्यक्त होती है। सबसे खास बात है भारतीय संस्कृति में विश्व एक परिवार है। 'वसुधैव कुटुंबकम' के सूत्र में समूचा विश्व परिवार जाना गया है। स्वाधीनता संग्राम सांस्कृतिक नवजागरण था। यूरोप के पुर्नजागरण से भिन्न था। ऋग्वेद में सभी दिशाओं से ज्ञान प्राप्ति की स्तुति है। काव्य साहित्य और स्थापत्य संस्कृति की अभिव्यक्ति रहे हैं। सभी भारतीय भाषाओं में राष्ट्र का सांस्कृतिक प्रवाह प्रकट होता रहा है। संस्कृति का पोषण और संवर्द्धन प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। राष्ट्र राज्य का भी कर्तव्य है। लेकिन स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद एक संस्कृति और एक राष्ट्र की अवधारणा बिसरा दी गई। भारत की संस्कृति को कई संस्कृतियों का घालमेल बताया गया। इसे कम्पोजिट कल्चर कहा गया यहां अनेक बोलियां अनेक रीति रिवाज हैं। यहां विविधता है लेकिन विविधता के बावजूद सांस्कृतिक एकता भी है। यह बात डॉ. आंबेडकर ने 'पाकिस्तान आर पार्टीशन ऑफ इंडिया' में लिखी है। उन्होंने लिखा है कि यह बात सही है कि भारतवासी आपस में लड़ते झगड़ते हैं। लेकिन एक संस्कृति सबको जोड़े रखती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में संस्कृति संवर्द्धन पर उल्लेखनीय काम हुआ है। संस्कृति और धरोहरों का संरक्षण इन 9 वर्षों में एक विशेष एजेंडा रहा है। सांस्कृतिक धरोहरों की प्रतिष्ठा बढ़ी है। संस्कृति के प्रतीक वाले स्थानों, खूबसूरत मंदिरों के पुर्ननिर्माण का काम हुआ है। श्रीराम भारत के मन के महानायक हैं। सारी दुनिया में उनकी कीर्ति है। राजनीति का एक बड़ा भाग श्रीराम को इतिहास पुरुष नहीं मानता। श्रीराम काल्पनिक चरित्र बताये जाते रहे हैं। केंद्र की सरकार ने राम वन गमन नाम की परियोजना शुरू की थी। यह मोदी जी की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस परियोजना ने दुनिया के तमाम देशों को आकर्षित किया है। इस परियोजना में 9 राज्यों में फैले 15 केंद्रों का पुनर्निर्माण/ निर्माण सम्मिलित है। श्रीराम इन्हीं 9 राज्यों से होकर निकले थे। ऐसे स्थलों को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करना लक्ष्य रहा है। केंद्र सरकार के साथ सम्बंधित 9 राज्यों की सरकारें इस योजना पर काम कर रही हैं। राम भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रतीक हैं। श्रीराम के नाम से भारत की विशेष पहचान है। काशी को भारतीय संस्कृति की राजधानी कहा जाता है। अब वाराणसी आकर्षक नगर है। 2019 में प्रधानमंत्री की अपेक्षानुसार विश्वनाथ कॉरिडोर पर काम शुरू हुआ। मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार का काम भी साथ साथ चला। विश्वनाथ कॉरिडोर देश का दूसरा सबसे बड़ा कॉरिडोर है। 13 दिसंबर 2021 को प्रधानमंत्री मोदी जी ने इसका उद्घाटन किया था। इस कॉरिडोर की चर्चा यत्र तत्र सर्वत्र होती है। मध्य प्रदेश का उज्जैन सांस्कृतिक महत्त्व का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां महाकाल के दर्शनार्थ लाखों श्रद्धालु प्रतिवर्ष आते हैं। कालिदास की प्रतिष्ठित रचना 'मेघदूत' में महाकाल की प्रीतिकर उपस्थिति है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महाकाल कॉरिडोर का निर्माण हुआ। इसकी भव्यता और सुंदरता आकर्षक है। अक्टूबर 2022 को उज्जैन में प्रधानमंत्री जी ने ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर के विस्तृत क्षेत्र 'महाकाल लोक' का लोकार्पण किया था। यह भारतीय संस्कृति और परंपरा का तीर्थ है। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्रीराम के जन्म स्थान में भव्य मंदिर की अभिलाषा सपना रही है। जन्म भूमि को लेकर अनेक आंदोलन हुए। 2019 में श्रीराम जन्म भूमि सम्बंधी सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आया। मोदी जी ने स्वयं अगस्त 2020 में इसकी आधारशिला रखी। अयोध्या पहले से ही भारतीय संस्कृति दर्शन और आस्तिकता का केंद्र रही है। केंद्र सरकार अयोध्या को उसकी प्रतिष्ठा के अनुसार एक महत्वपूर्ण तीर्थस्थल के रूप में विकसित कर रही है। यह काम इसी 9 वर्ष के दौरान शुरू हुआ। भव्य मंदिर का निर्माण जारी है। केंद्र और राज्य की सरकार बधाई की पात्र हैं। 2013 में केदारनाथ धाम के आस पास भीषण आपदा के कारण काफी क्षति हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में इसकी भव्यता को फिर से संवारा गया। केदारनाथ मंदिर परिसर का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी जी ने स्वयं किया था। केदारनाथ धाम का विकास जारी है। संस्कृति प्रेमियों और भारतीय दर्शन के निष्ठावान लोगों के मध्य शंकराचार्य का नाम श्रद्धा और आदर के साथ लिया जाता है। वे अद्भुत विद्वान थे। भारतीय चिंतन में 6 प्राचीन दर्शन हैं। शंकराचार्य जी ने वेदांत दर्शन को विश्वव्यापी बनाया था। पं० दीन दयाल उपाध्याय ने शंकराचार्य पर एक पुस्तक भी लिखी थी। 25 नवंबर 2021 को उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में शंकराचार्य की मूर्ति का अनावरण प्रधानमंत्री जी ने किया था। मोदी सरकार ने उत्तराखंड के लिए चार धाम परियोजना शुरू की है। यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम जोड़ने वाली चार लेन सड़क का निर्माण जारी है। जम्मू-कश्मीर के रघुनाथ मंदिर का भी पुर्ननिर्माण किया गया। एक सरकारी अनुमान के अनुसार कश्मीर घाटी में लगभग 1842 आस्था केंद्र हैं। इनमें 952 मंदिर हैं। इनमें सिर्फ 212 में पूजा होती है। संविधान के अनुच्छेद 370 के हटने के बाद अनेक आस्था केंद्रों का पुर्ननिर्माण हुआ है। लगभग 2300 वर्ष पुराने शारदा मंदिर की भी जीर्णोद्धार जारी है। कॉरिडोर का उद्घाटन गृहमंत्री अमित शाह ने किया था। खीरभवानी मंदिर का भी सौंदर्यकरण जारी है। फरवरी 2022 में हैदराबाद में ग्यारहवीं सदी के प्रख्यात संत व दार्शनिक रामानुजाचार्य के सम्मान में बनी 216 फिट ऊंची 'स्टेच्यू ऑफ इक्वैलिटी' का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया था। इस परिसर में 25 करोड़ की लागत से म्यूजिकल फाउंटेन का निर्माण कराया गया था। करतारपुर कॉरिडोर उपेक्षित रहा है। केंद्र सरकार ने यहां कॉरिडोर बनाये। उस स्थान तक पहुंचने के लिए मार्ग भी बनाया गया। गुरु गोविन्द सिंह के पुत्रों के शहादत दिवस को मोदी सरकार ने 'वीर बाल दिवस' घोषित किया। अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद मोदी जी के प्रयास से गुरु ग्रंथ साहिब की तीन प्रतियों की पवित्रता बनाये रखते हुए भारतीय वायु सेना के विमान से सुरक्षित रूप में भारत लाया गया। 9 वर्ष में दुनिया के दुसरे देशों में भी मंदिरों व सांस्कृतिक केंद्रों को भव्य बनाने का काम भी हुआ है। 2018 में प्रधानमंत्री ने अबुधाबी में बनने वाले पहले हिन्दू मंदिर की आधारशिला रखी। उन्होंने 2019 में बहरीन की राजधानी अबुधाबी में श्रीकृष्ण श्रीनाथ के पुर्ननिर्माण के लिए 4.2 मिलियन डॉलर देने की घोषणा की।

**श्रीराम भारत के मन के महानायक हैं। सारी दुनिया में उनकी कीर्ति है। राजनीति का एक बड़ा भाग श्रीराम को इतिहास पुरुष नहीं मानता। श्रीराम काल्पनिक चरित्र बताये जाते रहे हैं। केंद्र की सरकार ने राम वन गमन नाम की परियोजना शुरू की थी। यह मोदी जी की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस परियोजना ने दुनिया के तमाम देशों को आकर्षित किया है।**

इन दिनों



हृदयनारायण दीक्षित

# समलैंगिक विवाह, परिवार व्यवस्था व कुछ तथ्य

**एक** विषय यह भी है कि भारत में परिवार व्यवस्था को कमजोर करने के लिए इन दिनों जो लगातार प्रत्यय हो रहे हैं, सोचने वाली बात है कि यह किसके हक में जायेंगे? आखिर इन से किसका भला होने वाला है? भारतीय परिवार व्यवस्था को ध्वस्त कर हम कौन से समाज निर्माण की ओर अग्रसर होंगे? और वह भविष्य का कैसा सामाजिक ताना-बाना होगा, यहां पर स्त्री और पुरुषों के संबंधों के अतिरिक्त इस प्रकार के संबंध व्याख्यायित होते आम नजर आयेंगे? जहां नैतिकता के कोई मापदंड नहीं होंगे, कोई मर्यादा नहीं होगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाली याचिकाओं पर इन दिनों सुनवाई कर रही है। न्यायपालिका के अपने तर्क हैं और समलैंगिक विवाह की दुहाई देने वाले अपने अधिकारों की बात कर रहे हैं किंतु सामाजिक सरोकार जिनके आधार पर भारतीय संविधान का ताना-बाना बुना गया और भारतीय परिवार व्यवस्था के अपने मापदंड हैं। भारतीय संदर्भों में समलैंगिक विवाह के विचार के विरोध में कम से कम एक हजार से अधिक ऐसे तर्क दिये जा सकते हैं जोकि वर्तमान भारतीय सामाजिक व्यवस्था के समर्थन में हैं और समलैंगिक विवाह की बातचीत करने या न्यायालय के समक्ष इसकी मांग कर रहे लोगों के विरोध में जाते हैं। फिर भी आश्चर्य होता है कि कैसे इस विषय पर न्यायालय घंटो -घंटो तक चर्चा के लिए ना केवल समय दे रहा है बल्कि संविधानिक उपाय और उनके लिए व्यवस्था बनाये जाने के लिए रास्ते खोजे जाने का प्रयत्न जारी है। विचार करें, विवाह क्यों किया जाता है? विवाह निजी मसला है या सामाजिक? विवाह सिर्फ दो व्यक्तियों के यौन संबंधों की स्वीकार्यता भर है या दो परिवारों का जुड़ना और उसके माध्यम से समाज, संस्कृति और सभ्यता को पोषित,पल्लवित और पुष्पित करना भी है? एक विषय यह भी है कि भारत में परिवार व्यवस्था को कमजोर करने के लिए इन दिनों जो लगातार प्रत्यय हो रहे हैं, सोचने वाली बात है कि यह किसके हक में जायेंगे? आखिर इन से किसका भला होने वाला है? भारतीय परिवार व्यवस्था को ध्वस्त कर हम कौन से समाज निर्माण की ओर अग्रसर होंगे? और वह भविष्य का कैसा सामाजिक ताना-बाना होगा, यहां पर स्त्री और पुरुषों के संबंधों के अतिरिक्त इस प्रकार के संबंध व्याख्यायित होते आम नजर आयेंगे? जहां नैतिकता के कोई मापदंड नहीं होंगे, कोई मर्यादा नहीं होगी। केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की चिंताएं जायज हैं और यह सिर्फ उनकी चिंता भर नहीं, बल्कि भारत समेत दुनिया भर में परिवार व्यवस्था पर विश्वास करने वाले करोड़ों करोड़ लोगों की चिंता भी है। अगर समलैंगिक विवाहों के लिए याचिकाकर्ताओ की दलीलें स्वीकार की जाती हैं, तो कल को कोई ये भी मांग कर सकता है, एक ही परिवार में रक्त संबंध, रिश्तेदारों के बीच भी शरीरिक संबंध बनाने की अनुमति दी जाय। (शब्दों की मर्यादा है इसलिए यहां बहुत कुछ नहीं लिखा जा रहा) आज हम संविधान के दायरे में मौलिक अधिकारों की परिभाषा करते हैं वैसे कल व्यक्ति के निजी अधिकारों की बात कर इस प्रकार के विषय भी उठाये जायेंगे। फिर सोचिए कि क्या हमारी समाज व्यवस्था होगी? वस्तुतः भारतीय समाज और उसकी मान्यताएं समलैंगिक विवाह को कभी स्वीकार्य नहीं करेंगे। न्यायालय को यह समझना होगा कि समाज का बड़ा हिस्सा क्या चाहता है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सही कह रहे हैं कि समलैंगिक शादी का मसला इतना सरल नहीं है, सिर्फ स्पेशल मैरिज एक्ट में हल्का बदलाव करने से बात नहीं बनेगी। समलैंगिक शादी को मान्यता देना बहुत सारी कानूनी जटिलताओं को जन्म दे देगा। परिवार और पारिवारिक मुद्दों से जुड़े ऐसे कानून जिनमें पति के रूप में पुरुष और पत्नी के रूप में स्त्री को जगह दी गई है, इस प्रकार के इससे 160 दूसरे कानून भी प्रभावित होंगे। इसलिए अच्छा होगा कि इस विषय को यहीं विराम दे दिया जाय और हम यह स्वीकार करें कि भारतीय परिवार व्यवस्था दुनिया की सर्वोच्च सामाजिक व्यवस्था है, जिसमें स्त्री और पुरुष के साथ समाज में मनुष्य गत जितने भी प्रकार के वर्ग, समूह या विविधता हो सकती हैं उनमें समान रूप से परस्पर सहयोग के साथ सभी को उनका स्थान प्राप्त है। यह परिवार व्यवस्था का ही पुरुषार्थ है कि आज 'वर्ल्ड ऑफ स्टैटिक्सः की रिपोर्ट भी दुनिया को यह बता रही है कि कैसे भारतीय परिवार व्यवस्था विश्व की सबसे श्रेष्ठतम सामाजिक व्यवस्था है जिसमें न सिर्फ सभी का स्थान सुरक्षित है बल्कि इसने ममता, दुलार भी समान रूप से सभी को प्राप्त है। यह रिपोर्ट यह समझाने के लिए पर्याप्त है कि भारत में दुनिया के देशों के बीच सबसे कम तलाक या संबंध विच्छेद होते हैं जबकि आज के समय में हम सभी जानते हैं कि भारत जनसंख्या की दृष्टि से दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है। भारत में तलाक प्रतिशत एक फीसदी है, जबकि वियतनाम में सात, तजाकिस्तान में 10, ईरान में 14, मैक्सिको, मिस्त्र और साउथ अफ्रीका में 17-17, ब्राजील में 21 और तुक्रिये में 25 प्रतिशत लोग तलाक लेते हैं। यह वैश्विक रिपोर्ट बता रही है कि जिन देशों में समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दी गई है ऐसे यूरोप और अमेरिकन देश आज सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। यहां पर सबसे ज्यादा परिवार टूट रहे हैं । पुर्तगाल में सबसे ज्यादा तलाक के 94 फीसदी मामले हैं। जबकि स्पेन में 85, लक्समबर्ग में 79, रूस में 73, यूक्रेन में 70, क्यूबा में 55, फिनलैंड में 55, बेल्जियम में 53, फ्रांस में 51 फीसदी और अमेरिका में 43 प्रतिशत तलाक के मामले सामने आये हैं।

■ डॉ. मयंक चतुर्वेदी

## है न विचित्र बात !

# रेल विकास : दर्पण झूठ न बोले

**भारतीय** रेल के इतिहास में गत 2 जून की शाम ओडिशा के बालासोर में हुआ भीषण ट्रेन हादसा अब तक देश में हुये भयंकरतम ट्रेन हादसों के रूप में अपना नाम दर्ज करा गया। लगभग 300 लोगों की जान लेने व लगभग 900 लोगों को घायल कर देने वाले इस रेल हादसे के अगले ही दिन ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस भीषण दुर्घटना के मद्देनजर एक दिन के राजकीय शोक घोषित किया जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित अनेक मंत्रियों ,उच्चाधिकारियों ने दुर्घटनास्थल का दौरा किया। दुर्घटना की जांच लापरवाही,यांत्रिक खामियां या साजिश का नतीजा थीं, इन सभी कोणों से की जा रही है। इस दुर्घटना के बाद सरकार की खूब आलोचना भी हो रही है और निश्चित रूप से विपक्ष को इस भीषण ट्रेन हादसे के रूप में एक मुद्दा भी हाथ लग गया है। इतिहास के पिछले पन्ने पलटने पर यकीन रखने वाली इस सरकार को लोग रेल इतिहास की वह दुर्घटना भी याद दिला रहे हैं जिसके बाद तत्कालीन रेल मंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने रेल दुर्घटना की जिम्मेदारी खुद पर लेते हुये मंत्री पद से त्याग पात्र दे दिया था। पिछले कुछ समय से वर्तमान सरकार रेल संबंधी विकास कार्यों को भी कुछ उसी अंदाज में पेश कर रही थी गोया रेल विकास भी भारत में अब मोदी काल में ही होना शुरू हुआ है। एक एक वंदे भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री स्वयं झंडी दिखाकर रवाना कर रहे हैं और ऐसे प्रत्येक अवसर पर रेल विकास की महिमा का बखान किया जाता है। जिस देश में दशकों से राजधानी,शताब्दी, संपर्क क्रांति, दूरंतो, तेजस जैसी 130 से लेकर 150 किमी / घंटा की गति से दौड़ने वाली ट्रेन्स की सीरीज सफलता से चल रही हो और देश के यात्रियों को अपनी सेवाएं देती आ रही हो वहाँ वन्दे भारत को सबसे तेज व आधुनिक बताकर पिछली सरकारों की उपलब्धियों को धुंधला करने की कोशिश की जाती है। पैसेंजर ट्रेन्स को मेल बताकर जनता से तीन गुना किराया वसूल कर और वरिष्ठ नागरिकों को किराये में मिलने वाली छूट समाप्त कर रेल कमाई में इजाफे का ढोल पीटा जाता है। वंदे भारत एक्सप्रेस के बारे में बताया गया है कि यह देश की सबसे तेज गति वाली ट्रेन है। इसकी गति सीमा 160 /180 किलोमीटर प्रति घंटे है। और भविष्य में इसके 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से भी दौड़ने की योजना है। अब जरा रेल ट्रैक की हकीकत देखें तो यही वंदे भारत एक्सप्रेस मथुरा में तीसरे ट्रायल में ही नीलगाय से टकरा गयी थी। इसके बाद वंदे भारत गुजरात के अतुल रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के सामने बैल आ जाने से टक्करा गयी। इससे ट्रेन का आगे का हिस्सा टूट गया था। यही तीव्र गति वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन गांधीनगर से जाते समय वडोदरा सेक्शन में आनंद स्टेशन के पास ट्रेन के आगे गाय आने से टकरा गयी। उसी तरह एक बार वंदेभारत अहमदाबाद रेलवे स्टेशन के पास भैंसों के झुंड से टकरा गयी  थी। इस हादसे में चार भैंसों की मौत हो गई थी और  ट्रेन का सामने का हिस्सा टूट गया था। दिल्ली से वाराणसी जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस में एक बार तकनीकी त्रुटि आने के बाद ट्रेन के पहिए जाम हो गये थे। तब ट्रेन लगभग 5 घंटे खुर्जा स्टेशन पर रुकी रही।  बाद में यात्रियों को शताब्दी एक्सप्रेस से उनके गंतव्य तक भेजा गया । क्या वनदे भारत के रेल ट्रैक को पूर्ण सुरक्षित रेल ट्रैक कहा जा सकता है ? उधर वंदे भारत से भी आगे बढ़कर देश तीव्रगामी बुलेट ट्रेन की भी प्रतीक्षा कर रहा है। जापानी प्रधानमंत्री के साथ  तीव्रगामी बुलेट ट्रेन के 'समझौता शो' को भी देश देख ही चुका है। इन परिस्थितियों में सबसे अहम सवाल यह है कि जब देश की अधिकांश रेल लाइनें खुली हुई हैं।

■ निर्मल रानी

# राहुल विदेशों में बढ़ती साख को बट्टा लगा रहे हैं

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी भारत में मोदी-विरोध में कुछ भी बोले, यह राजनीति का हिस्सा हो सकता है, लेकिन वे विदेश की धरती पर मोदी विरोध के चलते जिस तरह के गलत बयान देते रहे हैं, वह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शाता है। आखिर कब राहुल एक जिम्मेदार एवं विवेकवान नेता बनेंगे? विदेश में कांग्रेस की यात्राओं के माध्यम से वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विश्वस्तरीय नेता की छवि को धुंधला कर स्वयं को उस स्तर का नेता साबित करने में जुटे हैं। जबकि मोदी की छवि एवं हस्ति, प्रसिद्धि एवं सर्वस्वीकार्यता विश्व के किसी भी नेता की तुलना में ज्यादा है। अन्य देशों की बात दूर, वे अभी भारत में भी जिम्मेदार नेता नहीं बन पाये हैं। उनकी कार्यशैली एवं बयानबाजी में अभी भी बचकानापन एवं गैरजिम्मेदाराना भाव ही झलकता है। एक प्रांत में क्या जीत हासिल कर ली, अहंकार के शिखर पर चढ़ बैठे, निश्चित ही राहुल के विष-बुझे बयान इसी राजनीतिक अहंकार से उपजे हैं। इनदिनों की अपनी अमेरिका की यात्रा में राहुल गांधी ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस को आड़े हाथ लिया। केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए उन्होंने ये भी कहा कि देश में आज मुसलमान ही नहीं, सभी अल्पसंख्यक, दलित और आदिवासी डरा हुआ महसूस कर रहे हैं। इस तरह के बयानों से मोदी एवं आरएसएस से ज्यादा भारत की बदनामी हो रही है, लगता है राहुल गांधी मोदी विरोध के नाम पर देश के विरोध पर उतर आए हैं। ये पहली बार नहीं है। लंदन की यात्रा के दौरान भी राहुल गांधी अपने बयानों से इसी तरह घिर गये थे। अमेरिका में उन्होंने केरल में अपने सहयोगी दल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग को पंथनिरपेक्ष होने का प्रमाण पत्र देते हुए कहा कि उसमें कुछ भी गैर सेक्युलर नहीं है। इसका मतलब है कि उनकी नजर में वह पक्के तौर पर पंथनिरपेक्ष है। उनका यह बयान जीती मक्खी निगलने जैसा और पंथनिरपेक्षता का उपहास है। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के सांप्रदायिक चरित्र पर इस तरह की बातों से पर्दा पड़ने वाला नहीं है। वह जिन्ना की मुस्लिम लीग से अलग नहीं है, क्योंकि सच यही है कि विभाजन के बाद उसका गठन जिन्ना के समर्थकों ने ही किया था। आखिर राहुल गांधी किस मुंह से ऐसे सांप्रदायिक और विभाजनकारी अतीत वाले दल को पंथनिरपेक्ष होने का प्रमाण पत्र दे रहे हैं? वे देश की एकता एवं अखण्डता को साम्प्रदायिक संकीर्णता से खण्डित करने की कोशिश करते हुए कब क्या कर जाएं, कहां नहीं जा सकता। हैरानी नहीं कि कल को वह बंगाल के घोर सांप्रदायिक और नफरती इंडियन सेक्युलर फ्रंट को भी पंथनिरपेक्ष होने का प्रमाण दे दें, क्योंकि कांग्रेस ने पिछला विधानसभा चुनाव उसके साथ मिलकर ही लड़ा था। कांग्रेस एवं उनके नेता राहुल का स्वभाव ऐसा हो गया है कि वे तिल को ताड़ एवं राई को पहाड़ बनाकर प्रस्तुति देते हैं, यह उनके दृष्टिकोण का दोष एवं अहंकार है। 'डूंगर बलती दीखे, घर बलतो कोनीं दीखे' इस कहावत के अनुसार अपनी हरकतों एवं रसातल में जाते जन-बल से आंख मूंदकर दूसरे में दोष देखना कांग्रेस का सहज स्वभाव हो गया है। कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति आजादी मिल जाने एवं देश के दो टूकडे. हो जाने के बावजूद कायम रही, इसीलिये बंटवारे के बाद कांग्रेस के नेताओं के सांप्रदायिक सोच से नाराज होकर सरदार पटेल ने यह कहकर उन्हें चेताया था कि दो घोड़ों की सवारी मत कीजिए। एक घोड़ा चुन लीजिए और जो पाकिस्तान जाना चाहते हैं, वे जा सकते हैं। सरदार पटेल ने यह कहने में भी संकोच नहीं किया था कि लीग के जो समर्थक महात्मा गांधी को अपना दुश्मन नंबर एक बताते थे, वे अब उन्हें अपना दोस्त कह रहे हैं। भले ही संकीर्ण वोट बैंक की सस्ती राजनीति के चलते आज की कांग्रेस यह सब याद न रखना चाहती हो, लेकिन देश की जनता यह सब नहीं भूल सकती। देश की जनता मोदी एवं राहुल के बीच के फर्क का महसूस कर रही है। जनता यह गहराई से देख रही है कि राहुल विदेशों में भारत की बढ़ती साख एवं विकास की तस्वीर को बट्टा लगा रहे हैं जबकि मोदी ने न केवल अपनी सरकार के दौरान भारत में आए बदलावों की सकारात्मक तस्वीरें विदेशी मंच पर पेश कीं, बल्कि दुनिया की समस्याओं को लेकर भी अपनी समाधानपरक सोच रखी। इसलिये उन्हें विश्व नेता के रूप में स्वीकार्यता मिल रही है। किन्हीं एक दो प्रांतों में हार की वजह से मोदी की छवि पर कोई असर नहीं पड़ा है, भारत ही नहीं, समूची दुनिया में मोदी के प्रति सम्मान एवं श्रद्धा का भाव निरन्तर प्रवर्द्धमान है। राहुल गांधी, उनके रणनीतिकारों और विदेशों में कांग्रेस के संचालकों का नरेंद्र मोदी, भाजपा और संघ परिवार के प्रति शाश्वत वैर-भाव एवं विरोध की राजनीति समझ में आती है लेकिन विदेश में देश की खराब छवि पेश कर और नेता को खलनायक बनाने से उन्हें इज्जत नहीं मिलेगी। यह तो विरोध की हद है! नासमझी एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का शिखर है! उजालों पर कालिख पोतने के प्रयास हैं! राहुल गांधी अपने आधे-अधूरे एवं विध्वंसात्मक बयानों को लेकर निरन्तर चर्चा में रहते हैं। उनके बयान हास्यास्पद होने के साथ उद्देश्यहीन एवं उच्छृंखल भी होते हैं। राहुल ने बातों-बातों में यह भी कह दिया कि चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है। वह देश के प्रमुख विपक्षी दल के नेता हैं। सरकार की नीतियों से नाराज होना, सरकार के कदमों पर सवाल उठाना उनके लिए जरूरी है।

**केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए उन्होंने ये भी कहा कि देश में आज मुसलमान ही नहीं, सभी अल्पसंख्यक, दलित और आदिवासी डरा हुआ महसूस कर रहे हैं। इस तरह के बयानों से मोदी एवं आरएसएस से ज्यादा भारत की बदनामी हो रही है, लगता है राहुल गांधी मोदी विरोध के नाम पर देश के विरोध पर उतर आए हैं।**

■ ललित गर्ग

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# एटीएम को ठंडा रखने के लिए एसी का उपयोग है पर्यावरण के लिए नुकसानदेह

बैंकों के एटीएम में मशीन को ठंडा रखने के लिए आमतौर पर डेढ़ टन की एसी का उपयोग किया जाता है और यह एसी प्रति घंटे करीब डेढ़ यूनिट बिजली खपत करती है।

अब अंदाजा लगाइये कि देशभर में कुकुरमुत्ते की तरह फैले एटीएम दिनभर में कितनी बिजली की खपत करते होंगे। उपर से तुर्रा यह कि एटीएम मशीन पर हर ट्रांजेक्शन के बाद लिखा होता है कि प्रिंट न लें और पर्यावरण संरक्षण करें।

भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, देशभर में 2,15,677 एटीएम में हैं जिनमें से 1,17,594 बैंकों की शाखाओं से संलग्न हैं जबकि 98,083 अलग-अलग स्थानों पर हैं।

मेट्रो सिटीज में आमतौर पर अन्य जगहों की तुलना में अधिक एटीएम हैं और हर एटीएम में एक या कभी-कभी दो एसी भी लगी होती है। लगभग सभी एसी वायु प्रदूषण करते हैं और इसके कंप्रेसर के इर्दगिर्द गर्मी का एक द्वीप सा बन जाता है।

पर्यावरणविद् मनोज मिश्रा ने कहा, "आप क्या करते हैं जब आपके पास कम पैसे हो तो? आप अपने महत्वपूर्ण खर्च को अधिक तरजीह देने लगते हैं। इसी तरह जब बिजली की मांग बढ़ी हुई है तो सरकार को इसके इस्तेमाल की प्राथमिकता तय करनी होगी। बिजली की बचत बिजली उत्पादन का सर्वश्रेष्ठ तरीका है।"



मिश्रा ने कहा कि एटीएम में अगर मशीन के लिए जरूरी हो तब ही एसी जरूरी है। इस दिशा में इनोवेशन की काफी आवश्यकता है ताकि यह पर्यावरण के लिए कम नुकसान दायक हो।

सेंटर फॉर साइंस एंड एंन्वॉयरमेंट में सीनियर प्रोग्राम मैनेजर अविकल सोमवंशी ने कहा, "एसी प्रत्यक्ष रूप से वायु प्रदूषण नहीं करते हैं। एसी का इस्तेमाल, खासकर गर्मी के मौसम में बढ़ जाता है, जिससे बिजली की मांग बढ़ जाती है। बिजली की मांग बढ़ने से बिजली उत्पादन अधिक करना होता है, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है। बिजली उत्पादन के लिए तापविद्युत संयंत्रों को अधिक कोयले की जरूरत होती है, जो प्रदूषण का कारक है।"

सौर ऊर्जा के एडवोकेसी ग्रुप सोलर एनर्जी सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष प्रफुल्ल पाठक का कहना है कि एक और आम समस्या यह है कि भले ही एटीएम में मशीन काम करे या ना करे लेकिन वहां एसी 18 डिग्री सेल्सियस पर चलती रहती है। अगर तापमान को 25-26 डिग्री पर रखा जाये तो वह अच्छा रहता।

उन्होंने कहा कि आज से दस-बारह साल पहले प्रौद्योगिकी उपलब्ध नहीं थी इसी कारण एसी की जरूरत थी। अब कई ऐसे गैजेट आते हैं, जिनमें सेल्फ कूलिंग फैन होता है तो एटीएम में भी ऐसा हो सकता है।

पाठक ने कहा कि लेकिन इसके बावजूद अगर एसी का इस्तेमाल करना है तो सौर ऊर्जा आधारित एसी पर्याप्त है, जिसपर 25-28 डिग्री पर कूलिंग रखी जाए।

## इन चीजों का भूलकर भी ना करें इस्तेमाल, जीवन में करना पड़ेगा मुसीबतों का सामना

लोग कभी जरूरत पड़ने पर या कुछ चीज भूल जाने पर दूसरों से चीजें उधार ले लेते हैं। कभी लोग दूसरों से कपड़े तो कभी पैसे उधार ले लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐसा करने से आपका भाग्य आपसे नाराज हो सकता है।किसी दूसरे की चीज उधार लेने से जीवन में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। अक्सर कई लोगों को दूसरों का सामान इस्तेमाल करने की आदत होती है। लोग कभी जरूरत पड़ने पर या कुछ चीज भूल जाने पर दूसरों से चीजें उधार ले लेते हैं। कभी लोग दूसरों से कपड़े तो कभी पैसे उधार ले लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐसा करने से आपका भाग्य आपसे नाराज हो सकता है। शास्त्रों के अनुसार किसी दूसरे की चीज उधार लेने से जीवन में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आज के लेख में हम आपको ऐसी चीजों के बारे में बताएंगे जिन्हें भूलकर भी उधार में नहीं लेना चाहिए। शास्त्रों में घड़ी को व्यक्ति के जीवन के समय से जोड़कर देखा जाता है। कभी भी किसी से घड़ी उधार नहीं लेनी चाहिए। शास्त्रों के अनुसार किसी से घड़ी उधार में लेने या देने से जीवन में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। किसी और की घड़ी पहनने से आपकी प्रोफेशनल लाइफ में भी समस्या आ सकती है।

**पेन :** जीवन में कलम को बहुत महत्त्व दिया गया है। शास्त्रों के अनुसार, चित्रगुप्त अपनी लेखनी से हमारे जीवन में आगे आने वाली परेशानियों या खुशियों का खाका तैयार कर रहे होते हैं। माना जाता है कि अपनी कलम को किसी के साथ बांटना या फिर किसी से कलम उधार लेना तरक्की में रुकावट पैदा कर सकता है।

**कंघा :** अक्सर लोग दूसरों से कंघा मांग कर इस्तेमाल करते हैं। लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। माना जाता है कि किसी दूसरे का कंघा इस्तेमाल करने से सेहत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ध्यान दें कि हमेशा अपना ही कंघा इस्तेमाल करना चाहिए।

**अंगूठी :** आमतौर पर लोग दूसरों की अंगूठी उधार लेकर पहनतें हैं। लेकिन कभी भी किसी की अंगूठी मांगकर नहीं पहननी चाहिए। ऐसा करने से जीवन में विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। किसी और की अंगूठी उधार लेने से जीवन में आर्थिक समस्याओं का सामना भी करना पड़ सकता है।

**कपड़े :** अक्सर लोग अपने दोस्तों के कपड़े पहन लेते हैं। लेकिन कभी भी दूसरों के कपड़े उधार में नहीं लेने चाहिए। शास्त्रों के अनुसार दूसरों के कपड़े पहनने से स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और भाग्य भी आपका साथ नहीं देता है।

❖ **प्रिया मिश्रा**

# पिता संस्कारदाता ही नहीं, जीवन-निर्माता भी है

मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। बच्चे को जब कोई खरोंच लग जाती है तो जितना दर्द एक मां महसूस करती है, वही दर्द एक पिता भी महसूस करते हैं।



जून महीने के तीसरे रविवार को अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवस यानी फादर्स डे मनाया जाता है। इस साल 19 जून 2022 को भारत समेत विश्वभर में यह दिवस मनाया जायेगा। पिता दिवस की शुरूआत बीसवीं सदी के प्रारंभ में पिताधर्म तथा पुरुषों द्वारा परवरिश का सम्मान करने के लिये मातृ-दिवस के पूरक उत्सव के रूप में हुई। यह हमारे पूर्वजों की स्मृति और उनके सम्मान में भी मनाया जाता है। दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग दिन और विविध परंपराओं के कारण उत्साह एवं उमंग से यह दिवस मनाया जाता है। हिन्दू परंपरा के मुताबिक पितृ दिवस भाद्रपद महीने की सर्वपितृ अमावस्या के दिन होता है। पिता एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। एक ऐसा पवित्र रिश्ता जिसकी तुलना किसी और रिश्ते से नहीं हो सकती। बचपन में जब कोई बच्चा चलना सीखता है तो सबसे पहले अपने पिता की उंगली थामता है। नन्हा-सा बच्चा पिता की उँगली थामे और उसकी बाँहों में रहकर बहुत सुकून पाता है। बोलने के साथ ही बच्चे जिद करना शुरू कर देते हैं और पिता उनकी सभी जिदों को पूरा करते हैं। बचपन में चॉकलेट, खिलौने दिलाने से लेकर युवावर्ग तक बाइक, कार, लैपटॉप और उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने तक संतान की सभी माँगों को वो पूरा करते रहते हैं लेकिन एक समय ऐसा आता है जब भागदौड़ भरी इस जिंदगी में बच्चों के पास अपने पिता के लिए समय नहीं मिल पाता है। इसी को ध्यान में रखकर पितृ दिवस मनाने की परंपरा का आरम्भ हुआ।

सोनेरा डोड जब नन्ही-सी थी, तभी उनकी मां का देहांत हो गया। पिता विलियम स्मार्ट ने सोनेरो के जीवन में मां की कमी नहीं महसूस होने दी और उसे मां का भी प्यार दिया। एक दिन यूं ही सोनेरा के दिल में ख्याल आया कि आखिर एक दिन पिता के नाम क्यों नहीं हो सकता? इस तरह 19 जून 1910 को पहली बार फादर्स डे मनाया गया। कई महीने पहले 6 दिसम्बर 1907 को मोनोंगाह, पश्चिम वर्जीनिया में एक खान दुर्घटना में मारे गए 210 पिताओं के सम्मान में इस विशेष दिवस का आयोजन श्रीमती ग्रेस गोल्डन क्लेटन ने किया था। प्रथम फादर्स डे चर्च आज भी सेन्ट्रल यूनाइटेड मेथोडिस्ट चर्च के नाम से फेयरमोंट में मौजूद है। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। बच्चे को जब कोई खरोंच लग जाती है तो जितना दर्द एक मां महसूस करती है, वही दर्द एक पिता भी महसूस करते हैं। पिता बेटा की चोट देख कर कठोर इसलिये बना रहता है ताकि वह जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। माँ ममता का सागर है पर पिता उसका किनारा है। माँ से ही बनता घर है पर पिता घर का सहारा है। माँ से स्वर्ग है माँ से बैकुंठ, माँ से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पिता ही है। उन्हीं पिता के सम्मान में पितृ दिवस मनाया जाता है। आधुनिक समाज में पिता-पुत्र के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाने की अपेक्षा है। कुछ दशक पूर्व के पिताओं ने अपनी भूमिका में एक क्रांति लाई। इसके साथ ही एकल परिवार, शहरीकरण, रोजगार, आधुनिकता, बदलता साहित्य, सिनेमा ने भी उस पिता के आचरण में एक बदलाव लाया। वर्तमान समय के पिता का रूप काफी बदल गया है। पिता बनना आज सिर्फ एक जैविक क्रिया न होकर एक सामाजिक क्रिया भी हो चुकी है। एकल मां की तरह अब समाज में एकल पिता का भी विचार आ चुका है। अब एकल पिता अपने बच्चों का न केवल ख्याल रखते हैं बल्कि उन्हें मां की कमी महसूस नहीं होने देते हैं। गे पिता भी अब समाज में अपनी जगह बनाने लगे हैं। ये पिता भले जैविक पिता नहीं हो सकते लेकिन भावनाओं की अभिवयक्ति में ये जैविक पिताओं से थोड़े भी उन्नीस नहीं हैं। आधुनिक पिताओं की भूमिका में काफी बदलाव आया है, अब वे अपने बच्चों को दूध पिलाने से लेकर उसके डायपर, नैपी तक बदल रहे हैं वो भी पूरी खुशी, प्रतिष्ठा और सम्मान के साथ। कुछ तो समाज की नई बयार ने भी मदद की है जिसमें पति पत्नी दोनों कामकाजी हैं। आज बच्चे अपने पिताओं से भी बहुत दोस्ताना संबंध बनाने लगे हैं क्योकि ये आधुनिक पिता बहुत लोकतान्त्रिक एवं संवेदनात्मक व्यवहार वाले हैं। यह बच्चों पर दबाव नहीं बनाते।

# रात को उठ-उठकर खाने की है आदत तो हो जाएं सावधान, गंभीर बीमारी का हो



क्या आप रातभर भूखा महसूस करते हैं? भूख की वजह से रातभर उठकर कुछ-न-कुछ खाते रहते हैं और फिर सो नहीं पाते हैं? अगर आपका जवाब हाँ है तो आप नाइट ईटिंग सिंड्रोम से ग्रस्त हो सकते हैं। आज के इस आर्टिकल में हम आपको नाइट ईटिंग सिंड्रोम के लक्षण, कारण और उपचार के बारे में बताने वाले हैं। क्या आप रातभर भूखा महसूस करते हैं? भूख की वजह से रातभर उठकर कुछ-न-कुछ खाते रहते हैं और फिर सो नहीं पाते हैं? अगर आपका जवाब हाँ है तो आप नाइट ईटिंग सिंड्रोम से ग्रस्त हो सकते हैं। नाइट ईटिंग सिंड्रोम एक तरह का डिसऑर्डर है। इससे पीड़ित व्यक्ति को रात के समय में अधिक भूख लगती है और वह कुछ-न-कुछ खाता रहता है जिसके बाद उसे सोने में परेशानी होती है। अगर वक्त रहते इस स्थिति को नियंत्रित नहीं किया जाए तो पीड़ित व्यक्ति को वजन बढ़ने, डायबिटीज और हार्ट डिसीज की शिकायत भी सकती है। आजकल ज्यादातर लोग इस डिसऑर्डर पीड़ित हैं और हर बढ़ते दिन के साथ इनकी संख्या में इजाफा होता जा रहा है।

**नाइट ईटिंग सिंड्रोम के लक्षण :** अगर आप हफ्ते में कम से कम दो बार रात को उठकर खाना खाते हैं तो आप इस डिसऑर्डर से ग्रस्त हो सकते हैं। इसके अलावा नीचे दिए गए लक्षणों में अगर आपको कोई भी तीन लक्षण खुद में दिखाई दे रहे हैं तो डॉक्टर के पास जाकर अपना चेकअप करवाएं।

- नाइट ईटिंग सिंड्रोम से पीड़ित होने पर व्यक्ति को सुबह के समय भूख नहीं लगती है। अगर आप सुबह ब्रेकफास्ट नहीं कर रहे हैं तो आपको यह डिसऑर्डर हो सकता है।
- अगर आपको हफ्ते से चार से पांच रातों को नींद नहीं आने की समस्या हो रही है तो आप नाइट ईटिंग सिंड्रोम से पीड़ित हो सकते हैं।
- नाइट ईटिंग सिंड्रोम से पीड़ित व्यक्ति को रात के समय लगता है कि खाना खाने से उन्हें अच्छी नींद आएगी।
- अगर शाम के समय आप डिप्रेशन जैसा महसूस कर रहे हैं या फिर शाम होते ही आपका मूड खराब हो जाता है तो आप इस डिसऑर्डर से पीड़ित हो सकते हैं।

## नाइट ईटिंग सिंड्रोम का कारण

- नाइट ईटिंग सिंड्रोम होने का अभी तक कोई स्पष्ट कारण नहीं है। एक्सपर्ट्स सोने के समय और दिनचर्या में बदलाव को इसका मुख्य कारण मानते हैं। दिनचर्या में बदलाव की वजह से हमारे शरीर की नेचुरल क्लॉक बिगड़ जाती है और दिन की बजाय रात में हंगर हॉर्मोन रिलीज होने लगते हैं। इसी वजह से नाइट ईटिंग सिंड्रोम से पीड़ित व्यक्ति को रात में ज्यादा भूख लगती है।
- एक्सपर्ट के अनुसार स्ट्रेस और डिप्रेशन भी इस डिसऑर्डर का कारण बन सकते हैं। स्ट्रेस और डिप्रेशन से पीड़ित व्यक्ति को रात में नींद नहीं आती है और लंबे समय तक जागने की वजह से खुद ब खुद भूख लग आती है।
- सही समय पर भोजन नहीं करना भी इस डिसऑर्डर से पीड़ित होने का एक कारण हो सकता है। गलत टाइम पर भारी भोजन करने की वजह से लोगों की स्लीप साइकिल बाधित हो जाती है, जो आगे चलकर नाइट ईटिंग सिंड्रोम होने का कारण बनती है।

## नाइट ईटिंग सिंड्रोम का उपचार

- नाइट ईटिंग सिंड्रोम पर हुए एक छोटे से अध्ययन में पाया गया है कि रिलैक्सेशन ट्रेनिंग की मदद से रात की भूख को सुबह शिफ्ट किया जा सकता है जिसकी वजह से इस डिसऑर्डर से राहत मिल सकती है।
- कॉग्निटिव बिहेवियर थेरेपी और एंटीडिपेंटेंट्स थेरेपी से भी नाइट ईटिंग सिंड्रोम में काफी मदद मिलती है।

# इन चार परिस्थितियों में भूल से भी ना करें एक्सरसाइज

अगर आपको किसी तरह की कोई इंजरी हुई है या फिर किसी हेल्थ इश्यू के कारण आपका ऑपरेशन हुआ है तो आपको इंटेंस वर्कआउट करने से बचना चाहिए। कुछ लोग फिटनेस फ्रीक होते हैं और इसलिए इंजरी होने के बाद भी वह अपना वर्कआउट रूटीन ब्रेक नहीं करना चाहते हैं। फिट रहने के लिए एक्सरसाइज करना आवश्यक माना गया है। हर व्यक्ति को दिन में कम से कम 30-40 मिनट तक वर्कआउट अवश्य करना चाहिए। यह ना केवल एक हेल्दी वजन को बनाए रखने में मददगार है, बल्कि इससे व्यक्ति खुद को अधिक एक्टिव व एनर्जेटिक महसूस करता है। इतना ही नहीं, इससे व्यक्ति का स्टेमिना भी बढ़ता है। नियमित रूप से वर्कआउट करने के कई फायदे हैं। लेकिन फिर भी कुछ ऐसी स्थितियां होती हैं, जब व्यक्ति को एक्सरसाइज करने से परहेज करना चाहिए।



**इंजरी होने पर :** अगर आपको किसी तरह की कोई इंजरी हुई है या फिर किसी हेल्थ इश्यू के कारण आपका ऑपरेशन हुआ है तो आपको इंटेंस वर्कआउट करने से बचना चाहिए। कुछ लोग फिटनेस फ्रीक होते हैं और इसलिए इंजरी होने के बाद भी वह अपना वर्कआउट रूटीन ब्रेक नहीं करना चाहते हैं। ऐसे में उनकी स्वास्थ्य समस्या और भी अधिक बढ़ सकती है। आप चाहें तो हल्की वॉक या ब्रीदिंग एक्सरसाइज कर सकते हैं।

**बुखार होने पर :** अगर आपकी तबियत खराब है। खासतौर से, अगर आपको बुखार है तो ऐसे में एक्सरसाइज ना करना ही सबसे अच्छा माना जाता है। दरअसल, जब आप वर्कआउट करते हैं, तो इससे शरीर का तापमान बढ़ता है। यह स्थिति में बुखार होने पर आपको और भी अधिक परेशान कर सकती है। इसलिए, इस स्थिति में दो-तीन दिन का ब्रेक लें और पहले खुद को पूरी तरह से रिकवर होने दें। इसके बाद ही आप वर्कआउट करना शुरू करें।

**जोड़ों में सूजन या दर्द होने पर :** अगर आप एक बिगनर हैं तो वर्कआउट के दौरान हल्का मसल्स पेन होना सामान्य है, लेकिन ध्यान रखें कि ज्वाइंट पेन इससे अलग है। किसी भी प्रकार की सूजन इस बात का संकेत है कि आपके टिश्यू या ज्वाइंट को किसी तरह का नुकसान पहुंचा है। कभी-कभी जोड़ों का दर्द तुरंत सूजन के साथ नहीं होता है, और तब आपको अधिक सावधान रहने की आवश्यकता होती है।

**नींद पूरी ना होने पर :** यूं तो सुबह की कसरत आपके ऊर्जा के स्तर को बढ़ावा देकर आपको अधिक एक्टिव फील करवाती है। लेकिन अगर आपकी कई रातों से नींद पूरी नहीं हो रही हैं या फिर आप खुद को बहुत थका हुआ महसूस कर रहे हैं तो ऐसे में वर्कआउट स्किप करना ही अच्छा है। वर्कआउट करते हुए आपके शरीर को अतिरिक्त ऊर्जा खर्च करनी पड़ सकती है। चूंकि आपके भीतर पहले से ही ऊर्जा का स्तर काफी कम है तो यह आपके लिए परेशानी भरा हो सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि इस स्थिति में आप अपने शरीर को थोड़ा आराम दें और अगर जरूरत महसूस हो तो आप डॉक्टर से भी संपर्क कर सकते हैं।

❖ **मिताली जैन**

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार का सहयोग मिलेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेत रहें। कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**वृष राशि :** बातचीत में संयत रहें। कारोबार में भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सेहत का ध्यान रखें।

**मिथुन राशि :** नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। यात्रा के योग भी बन रहे हैं। कुछ पुराने मित्रों के साथ यात्रा देशाटन के लिए जा सकते हैं।

**कर्क राशि :** मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। आशा-निराशा के मिश्रित भाव रहेंगे।

**सिंह राशि :** बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता हो सकती है। आय में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों में विवाद हो सकता है।

**कन्या राशि :** परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्च अधिक रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अधकारियों से सन्तुलन बनाये रखें। आत्मविश्वास में कमी भी रहेगी।

**तुला राशि :** परिश्रम अधिक रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कोई पैतृक सम्पत्ति प्राप्त हो सकती है।

**वृश्चिक राशि :** कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। आशा-निराशा के भाव मन में रहेंगे।

**धनु राशि :** कारोबार का प्रस्ताव मिलेगा। रहन-सहन थोड़ा अव्यवस्थित हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**मकर राशि :** भवन के रखरखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। मन अशान्त रहेगा। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। उच्च पद की प्राप्ति भी हो सकती है।

**कुंभ राशि :** परिवार के साथ यात्रा के लिए जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिल सकते हैं। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। सन्तान को कष्ट होगा।

**मीन राशि :** खर्चों में कमी आ सकती है। आय में वृद्धि होगी। सन्तान सुख में बढ़ोतरी के योग हैं। मानसिक शांति रहेगी, परन्तु वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## न्यायालय ने कानून की विदेशी डिग्री धारकों से संबंधित याचिका का किया निस्तारण



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने विदेशी डिग्री धारक भारतीय नागरिकों के लिए अर्हता परीक्षा के परिणाम घोषित करने के संबंध में बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) को निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिका का निस्तारण कर दिया है। न्यायमूर्ति अनिरूद्ध बोस और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ को बताया गया कि परीक्षा परिणाम सात जून को घोषित किये जा चुके हैं। याचिकाकर्ता के वकील ने न्यायालय को बताया कि कानून की विदेशी डिग्री धारक भारतीय नागरिकों के लिए 18वीं बार काउंसिल ऑफ इंडिया क्वालिफाइंग एग्जामिनेशन के परिणाम सात जनू 2023 को प्रकाशित किये जा चुके हैं। पीठ ने कहा, इसे ध्यान में रखते हुए मौजूदा याचिका पर सुनवाई की जरूरत नहीं है। उल्लेखनीय है कि सात जून को याचिकाकर्ता अंचिता नय्यर की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने तत्काल सुनवाई का अनुरोध करते हुए कहा था कि यदि इस महीने परिणाम अधिसूचित नहीं किये जाते हैं तो 75 से अधिक उम्मीदवार इस साल के अंत में होने वाली ऑल इंडिया बार काउंसिल परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे। बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा सितंबर-अक्टूबर में यह परीक्षा आयोजित किये जाने की संभावना है। यह परीक्षा कानून के डिग्री धारकों को वकालत करने के लिए प्रमाणपत्र जारी करने के वास्ते आयोजित की जाती है।

### केन्द्रीय गृह मंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर किया प्रहार

# 'देश की सीमा सुरक्षित हुई है'

**एजेंसी। पाटण/अहमदाबाद**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केन्द्र में नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में शनिवार को पाटण में आयोजित जनसभा में विकास कार्यों के क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियां गिनाई। शाह ने कहा कि पिछले 10 वर्ष विकास और डिजिटल इंडिया का था। 9 साल के दौरान देश में बहुत परिवर्तन आया है। भारत की सीमा और सेना के साथ कोई छेड़खानी नहीं कर सकता। देश की सीमा सुरक्षित हुई है। इसके बावजूद कांग्रेस कुछ सीखती नहीं। राहुल पर वार करते हुए शाह ने कहा कि



राहुल बाबा विदेश वैकेशन में गए हैं और विदेश में जाकर भारत की निंदा करते हैं। विदेश जाकर देश की राजनीति की चर्चा कर उसकी निंदा करना किसी नेता के लिए शोभा नहीं देता।

पाटण जिले के सिद्धापुर में आयोजित सभा में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कोई मानता नहीं था कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया जा सकता है। राहुल बाबा कहते थे कि कश्मीर में खून की नदियां बहेगी। राहुल बाबा कहते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे, तारीख नहीं बताएंगे, लेकिन अब तारीख आ गई है। राहुल बाबा श्रद्धा है तो टिकट तैयार रखें। अमित शाह ने कहा देश में पहली बार एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाया गया है। संसद के नए भवन का विरोध किया गया। सेंगोल का भी विरोध हुआ। नेहरू को सेंगोल स्थापित करना था। इसे प्रधानमंत्री ने किया। विपक्ष की विरोध करने की राजनीति है, मोदी की विकास की राजनीति है। पूर्ववर्ती यूपीए की सरकार के 10 साल का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि उन्होंने 10 साल में 12 लाख करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार किया।

## पीएम आज करेंगे देश के पहले राष्ट्रीय प्रशिक्षण सम्मेलन का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 10:30 बजे प्रगति मैदान के अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन केंद्र में देश के पहले राष्ट्रीय प्रशिक्षण सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। वो कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे। यह जानकारी आज प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने दी। पीएमओ की विज्ञप्ति के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी, प्रशासनिक सेवा के क्षमता निर्माण के माध्यम से, देश में शासन प्रक्रिया और नीति कार्यान्वयन में सुधार के समर्थक रहे हैं। इस विजन के मार्गदर्शन में, राष्ट्रीय प्रशासनिक सेवा क्षमता निर्माण कार्यक्रम 'मिशन कर्मयोगी' की शुरूआत की गई, ताकि सही दृष्टिकोण, कौशल और ज्ञान के साथ, भविष्य की जरूरतों के अनुरूप प्रशासनिक सेवा तैयार की जा सके।

# राजस्थान : कुल्फी खाने से बच्चे सहित 60 लोग बीमार

### उल्टी-दस्त की शिकायत

**एजेंसी। राजस्थान**

राजस्थान के अलवर में कुल्फी खाने से बच्चे सहित करीब 60 लोग बीमार पड़ गये। सभी को उल्टी, दस्त और पेट में दर्द की शिकायत होने लगी। आनन-फानन में सभी को राजगढ़, रैणी और बांदीकुई अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से सात बच्चों की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने सभी को अलवर और जयपुर रेफर कर दिया है। जिससे सभी ने कुल्फी खरीदी थी, उसकी कुल्फियों का सैंपल टेस्ट के लिए भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, राजगढ़ थाना क्षेत्र के खुर्द गांव में शाम पांच बजे के बाद कुल्फी बेचने वाला



आया था। गांव के बच्चे सहित अन्य लोगों कुल्फी खायी। कुल्फी खाने के दो से तीन घंटे के बाद सभी को उल्टी, दस्त और पेट में दर्द की शिकायत होने लगी। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्रशासन को दी। जिसके बाद सभी को अलवर, बांदीकुई और राजगढ़ के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इनमें से कुछ को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। जबकि कुछ का इलाज अस्पताल में किया गया।

### प्रधानमंत्री ने किया आरबीआई के निर्णय का स्वागत, कहा

# 1,514 शहरी सहकारी बैंक होंगे मजबूत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 1,514 शहरी सहकारी बैंकों को मजबूत करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निदेशों का स्वागत किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के एक ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट किया, यह सहकारी क्षेत्र के लिए अद्भुत है और कई लोगों को सशक्त करेगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि के विजन को साकार करने के लिए देश में 1,514 शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) को मजबूत करने की दिशा में चार महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के



साथ हुई विस्तृत चर्चा के बाद, आरबीआई ने शहरी सहकारी बैंकों को मजबूत करने के लिए इन महत्वपूर्ण उपायों को अधिसूचित किया है।

इसमें पहला है, अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए शहरी सहकारी बैंक (यूसीबी) अब नई शाखाएं खोल सकते हैं। दूसरा, यूसीबी भी वाणिज्यिक बैंकों के बराबर वन टाइम सेटलमेंट कर सकते हैं। तीसरा, भारतीय रिजर्व बैंक ने यूसीबी के लिए प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (पीएसएल) लक्ष्यों को दो साल तक यानी 31 मार्च, 2026 तक हासिल करने के लिए समय सीमा बढ़ाने का फैसला किया है।

### मध्यम वर्ग विकास-नवाचार में सबसे आगे : पीएम मोदी

पीएम ने देश के मध्यम वर्ग को मजबूत करने और उनके अवसरों का विस्तार करने वाली पहलों के बारे में लेख, ग्राफिक्स, वीडियो और जानकारी साझा की है। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, मध्यम वर्ग विकास और नवाचार को चलाने में सबसे आगे है। उनकी कड़ी मेहनत नए भारत की भावना को परिभाषित करती है। हमारी सरकार ने मध्यम वर्ग के लाभ के लिए 'ईज ऑफ लिविंग' की दिशा में लगातार काम किया है।

## अदालत ने देवास के सीईओ रामचंद्रन विश्वनाथन को भगोड़ा घोषित किया

**बेंगलुरु।** देवास मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रामचंद्रन विश्वनाथन को यहां की एक विशेष अदालत ने भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया है। 21वें अतिरिक्त सिटी सिविल और सत्र न्यायाधीश, जो सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश भी हैं, ने गुरुवार को विश्वनाथन को एक भगोड़ा आर्थिक अपराधी (एफईओ) घोषित किया। अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 की विभिन्न धाराओं के तहत दायर एक आवेदन की अनुमति दी।



# आईएसआईएस के आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश, महिला समेत चार गिरफ्तार

### पोरबंदर में चला गुप्त ऑपरेशन, चारों गिरफ्तार आरोपितों के पाक कनेक्शन का खुलासा

**एजेंसी। पोरबंदर/अहमदाबाद**

गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने पोरबंदर में बड़ा ऑपरेशन चला कर एक महिला समेत 4 आरोपितों को गिरफ्तार किया जिन पर आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ खुरासान प्रोविंस (आईएसकेपी) के लिए काम करने का आरोप है। इनका आईएसआईएस और पाकिस्तान कनेक्शन सामने आया है। आईजी दीपेन भद्रन की अगुवाई में शुक्रवार रात इस ऑपरेशन को पूरा कर आतंकी साजिश का पदार्फाश किया गया है। गुजरात के डीजीपी विकास सहाय ने प्रेंस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि चारों गिरफ्तार आरोपित इस्लामिक स्टेट ऑफ खुरासान प्रोविंस (आईएसकेपी) के सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से तीन भारत के रहने वाले हैं। जबकि एक विदेशी नागरिक है। चारों आईएसकेपी के सक्रिय सदस्य हैं और उनके कब्जे से कई प्रतिबंधित चीजें मिली हैं। गुजरात एटीएस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिबंधित आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ खोरासान प्रोविन्स (आईएसकेपी) के साथ जुड़े कट्टर युवाओं को गुजरात के पोरबंदर समुद्र किनारे के रास्ते भारत से पलायन करने की योजना बनाने के दौरान पकड़ा गया। ये तीनों ईरान होते हुए इस्लामिक अमीरात ऑफ अफगानिस्तान जाने वाले थे। इस सूचना के आधार पर गुजरात एसटीएस की टीम ने 9 जून को तड़के पोरबंदर रेलवे स्टेशन पर सख्त निगरानी शुरू की। यहां तीन संदिग्ध युवकों को देखकर इन्हें पकड़ा गया और पूछताछ की गई। पकड़े गए युवकों में उबेद नासिर मीर, हनान हयात शॉल और मोहम्मद हाजिम शाह (तीनों का ठिकाना श्रीनगर) शामिल हैं। पूछताछ में पता चला कि तीनों को उनके हैंडलर अबु हमजा ने कट्टरपंथी होने का प्रशिक्षण दिया था, जिसके बाद से वे इस्लामिक स्टेट ऑफ खोरासन प्रोविन्स (आईएसकेपी) से जुड़ गए थे। तीनों से पूछताछ में पता चला कि अन्य दो व्यक्ति भी आईएसकेपी के इसी मॉडयूल के सदस्य हैं।

## झारखंड से लाया गया 2801.05 किलोग्राम अफीम डोडा चूरा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी। जोधपुर**

जिले की ग्रामीण पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम की कड़ी में शनिवार अलसुबह बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने एक ट्रक से 2801.05 किलोग्राम अफीम डोडा चूरा को बरामद करते हुए तस्कर को पकड़ा है। वह यह किसके लिए लाया था, इस बारे में पुलिस ने जानकारी जुटाई है। अब मंगाने वाले की धरपकड़ के प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि जिले में मादक पदार्थो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला जोधपुर ग्रामीण में जिला स्पेशल टीम द्वारा नाकाबंदी के समय एक ट्रक वाहन से भारी मात्रा में 2801 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद कर मुलजिम को गिरफ्तार कर परिवहन में प्रयुक्त वाहन ट्रक को जब्त करने में सफलता प्राप्त की। जिला स्पेशल टीम के कांस्टेबल मदन मीणा द्वारा आसूचना एकत्रित की गई। भारी मात्रा में डोडा चूरा जोधपुर ग्रामीण में विभिन्न तस्करों को वितरण के लिए झारखड से जोधपुर आ रहा है। सूचना पर जिला स्पेशल टीम प्रभारी लाखाराम मय टीम द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 25 पर रवाना हुए। जहां पुलिस थाना कापरड़ा के पास थानाधिकारी जमील खां मय जाब्ता के साथ सूचना के आधार पर थाने के पास नाकाबंदी शुरू की गई। तब 10 चक्का ट्रक आता दिखाई दिया। जिन्हें रोकने का प्रयास किया लेकिन चालक तस्कर ट्रक को अधरें में भगाने के प्रयास में था, लेकिन पुलिस टीम की तत्परता से ट्रक का कब्जे में लेकर अभियुक्त बिरामी डांगियावास निवासी दिनेश विश्नोई पुत्र बागाराम विश्नोई से पूछताछ की गई।

# शरद पवार ने किया प्रफुल्ल पटेल और सुप्रिया सुले को राकांपा का कार्यकारी अध्यक्ष घोषित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राकांपा के प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया। इस घोषणा को पार्टी में एक पीढ़ीगत बदलाव के साथ ही पवार के भतीजे अजित पवार को वस्तुतः दरकिनार करने तौर पर देखा जा रहा है, जो अपने बगावती तेवरों के लिए पहचाने जाते हैं। पवार ने पार्टी की 24वीं वर्षगांठ पर यहां कार्यकारी अध्यक्षों के नामों की घोषणा की। राकांपा के वरिष्ठ नेता अजित पवार की मौजूदगी में यह घोषणा की गई। गौरतलब है कि पवार और पी.ए. संगमा ने 1999 में पार्टी की स्थापना की थी। पवार ने अजित पवार, छगन



भुजबल, सुनील तटकरे, फौजिया खान सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में कहा, प्रफुल्ल पटेल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे।

सुप्रिया सुले भी पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष होंगी। इस घोषणा के बाद उदास नजर आ रहे अजित पवार मीडिया से बातचीत किए बिना ही पार्टी कार्यालय से चले गए। अजित पवार ने 2019 में उस समय सभी को चौंका दिया था, जब उन्होंने भाजपा के साथ हाथ मिलाकर तड़के ही उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, जबकि देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि वह पवार की घोषणा से उत्साहित हैं और पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करना जारी रखेंगे।




## 'आई लव यू' सीन के लिए 14 घंटे तक पानी में रहीं रकुल प्रीत सिंह



**एक्ट्रेस** रकुल प्रीत सिंह ने अपनी आने वाली फिल्म 'आई लव यू' की तैयारी शुरू कर दी है। फिल्म के एक सीन के लिए, एक्ट्रेस को दो मिनट 30 सेकंड के लिए पानी के अंदर रहना पड़ा और इसकी तैयारी के लिए एक्ट्रेस ने वह सब कुछ किया जो वह पानी में रहकर कर सकती थी! ट्रेनिंग के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, भावनाओं को गहराई से समझने के लिए फिल्म के लिए मुझे एक खास तरह की सोच की जरूरत थी। कुल मिलाकर, मैंने अपनी भावनाओं के साथ सही मायने में जुड़ने के लिए एक महीने तक कड़ी तैयारी की। अंडरवाटर सीक्वेंस के लिए ट्रेनिंग पर अजहान एडनवाला नाम के एक स्कूबा प्रशिक्षक थे जिन्होंने मुझे दो मिनट 30 सेकंड के लिए अंडरवाटर होल्ड करने के लिए ट्रेंड किया।

## रोम से प्रियंका चोपड़ा की तस्वीरों पर जेसिका अल्बा ने किया कमेंट



**एक्ट्रेस** जेसिका अल्बा ने एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा जोनस की तस्वीरों पर रिएक्शन दिया। दरअसल, प्रियंका रोम में बुलगारी होटल के उद्घाटन में शामिल हुई थीं। इसकी तस्वीर उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। इन फोटोज में एक्ट्रेस को ऑल-व्हाइट थाई-हाई स्लिट गाउन पहने देखा जा सकता है, जिसमें प्लंजिंग नेकलाइन और व्हाइट हील्स हैं। उन्होंने अपने बालों को दो पिगटेल्स में बांधा और एक नेकलेस के साथ अपने लुक को पूरा किया। तस्वीरों के साथ प्रियंका ने लिखा, रोम में बुलगारी होटलों के उद्घाटन पर मेरे बुलगारी परिवार को बधाई।

### उपलब्धि | पीएम मोदी के कार्यकाल में भारत दुनिया के शीर्ष पांच देशों में शामिल हुआ

# देश का कद ऊंचा हुआ : राजनाथ सिंह

**एजेंसी। पटना**

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत का कद बहुत ऊंचा हुआ है। उन्होंने कहा कि 2014 में जहां भारत दुनिया की अर्थव्यवस्था में 10वें नंबर था, वहीं आज नौ साल के नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में भारत दुनिया के शीर्ष पांच देशों में शामिल है।

वे शनिवार को बिहार में रोहतास जिले के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि तकनीक के कारण देश का डंका दुनिया में बज रहा है। देश अमृतकाल के दौर से गुजर रहा है। 2027 आते-आते भारत दुनिया के विकसित देश



में खड़ा हो जाएगा। अब दुनिया के लोग भी इंडिया नहीं भारत कहने लगे हैं। राजनाथ सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि आपकी उपलब्धि में माता-पिता, मित्र व समाज के सभी लोगों का योगदान है। योग्यता के इस शिखर तक पहुंचाने में शिक्षकों के योगदान को नहीं भूलना। शिक्षा से ज्ञान एवं दीक्षा से संस्कार की प्राप्ति होती है। संस्कार के बिना शिक्षा का महत्व नहीं है। संस्कार विहीन को देश कभी सहन नहीं करता। ज्ञान के साथ संस्कार का होना जरूरी है। उपाधि लेने वाले छात्रों से कहा कि पढ़कर अहंकार में नहीं जीना चाहिए। जिन शिक्षकों को बदौलत आप सबको उपलब्धि मिली हैं उन सबको नमन है। दीक्षांत समारोह में विभिन्न संकायों के 729 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की गई। समारोह में मंगला देवी मेमोरियल गोल्ड मेडल 11 छात्रों को, देव नारायण सिंह मेमोरियल गोल्ड मेडल 17 छात्रों को एवं डॉ दरबारी सिंह मेमोरियल गोल्ड मेडल एक छात्र को प्रदान किया गया।बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि दीक्षांत समारोह में डिग्री लेने वाले छात्र-छात्राएं देश का नाम रोशन करें, यही शुभकामना है। 15 लाख बच्चे मैट्रिक पास करते हैं लेकिन मात्र 6 लाख छात्र ही इंटर की पढ़ाई करते हैं। कुछ बाहर प्रदेश में पढ़ने जाते हैं, तो कुछ पढ़ाई छोड़ देते हैं। बिहार हमेशा टॉप पर रहा है। इसके बावजूद शिक्षा व्यवस्था में बेहतर सुधार के लिए हम सबको प्रयास करना चाहिए।

समारोह में बिहार विधान सभा में प्रतिपक्ष के नेता विजय सिन्हा, गोपाल नारायण सिंह विश्व विद्यालय के कुलाधिपति सह पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह समेत अन्य अतिथि मौजूद थे।

# रिलीज हुआ रितेश पांडेय का गाना 'गद्दारी करबे', अब हो रहा वायरल

**अपने** खूबसूरत और धमाकेदार गानों से भोजपुरी म्यूजिक लवर्स के दिलों में बसने वाले सिंगर-एक्टर रितेश पांडेय का नया गाना 'गद्दारी करबे' आज रिलीज हो गया है। यह गाना इतना रोमांचक है कि रिलीज के साथ ही वायरल भी होने लगा है। अब तक इस गाने को लाखों लोग देख चुके हैं। गाने के म्यूजिक वीडियो में रितेश पांडेय के साथ श्वेता म्हारा नजर आ रही हैं, जिनके साथ रितेश की केमिस्ट्री दर्शकों को खूब भा रही है। गाना मस्त अंदाज वाला है, जिसे रितेश पांडेय ने भोजपुरी की म्यूजिक सेंसेशन अनुपमा यादव के साथ मिलकर गाया है। बात करें गाना 'गद्दारी करबे' के थीम की तो यह कपल के ऊपर बनाया गया, जिसमें गाने के बोल से पता चलता है कि एक प्रेमी अपनी प्रेमिका के मोबाइल को रिचार्ज करता है, लेकिन उसकी प्रेमिका किसी और से बात करती है।



### सड़क दुर्घटना में मृत के आश्रितों को मिली मुआवजे की स्वीकृति

# प्रत्येक आश्रित को मिलेगा 1-1 लाख रुपये का राशि



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** विशिष्ट स्थानीय आपदा से प्रभावित व्यक्तियों को हुई क्षतिपूर्ति के लिए जिला प्रशासन की ओर से मुआवजा दिया जायेगा। उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा ने राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना के तहत क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी है। रांची जिला अंतर्गत अनगड़ा, सिल्ली एवं कांके अंचल अधिकारीयों के प्रतिवेदनानुसार राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना के तहत क्षतिपूर्ति स्वरुप मृत व्यक्ति के आश्रित को 1-1 लाख रुपये की मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी।

निम्न आश्रितों को दी जाएगी मुआवजा राशि : 1. आवेदिका-सरस्वती देवी मृतक का नाम :- उदय महतो (पति) ग्राम - हाहे थाना :- अनगड़ा, 2. आवेदिका- लक्ष्मी देवी- मृतक का नाम : तुलेश्वर महतो (पति) ग्राम : नारायण सोसो थाना अनगड़ा जिला : रांची, 3. आवेदक- धनीराम बेदिया मृतक का नाम- राजेश बेदिया(पुत्र) ग्राम- ओबर थाना- सिकिदिरी, 4. आवेदिका- राखी कुमारी मृतक का नाम- अजित कुमार महतो (पति) ग्राम- पैका टोला थाना- अनगड़ा 5. आवेदिका- मंजु ओरंग मृतक का नाम- सोनू संदीप (पति) ग्राम- सेमर टोली थाना- कांके, 6. आवेदिका- किरण देवी मृतक का नाम- मनोज कुमार महतो (पति) ग्राम- लोटा थाना- सिल्ली, 7. आवेदिका- मुनकी देवी मृतक का नाम- महिपाल बेदिया (पुत्र) ग्राम- रामपुर थाना- सिल्ली, 8. आवेदिका- ज्योति कुमारी मृतक का नाम- कृष्ण प्रजापति (पति) ग्राम- लोटा थाना- सिल्ली शामिल हैं। अंचल अधिकारी अनगड़ा, सिल्ली एवं कांके, उप समाहर्ता भूमि सुधार, सदर, रांची एवं अनुमंडल पदाधिकारी,सदर, रांची की अनुशंसा के आलोक में सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि 1000008 = 8,00,000/- (आठ लाख रुपए मात्र) मुआवजा राशि भुगतान की स्वीकृत दी गई हैं।

### झारखंड हिंदू महासभा ने अभय सिंह की रिहाई की मांग को लेकर दिया धरना

**रांची।** झारखंड हिंदू महासभा ने जमशेदपुर हिंसा प्रकरण में गिरफ्तार भाजपा नेता अभय सिंह की रिहाई की मांग को लेकर राजभवन के समक्ष शनिवार को एक दिवसीय धरना दिया। रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि हिंदुओं को एकजुट होने की जरूरत है। हिंदू समाज को हमेशा दबाया जाता है। सरकार वोट के लिए तुष्टिकरण की राजनीति करती है। एक समुदाय विशेष के लोग हमारी संस्थाओं और धार्मिक आस्था पर प्रहार कर रहे हैं। हिंदू समाज इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। हिंदू नेता भैरव सिंह ने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली यह जो सरकार है यह हिन्दू विरोधी है। जमशेदपुर का यह मुद्दा की शुरूआत कैसे हुआ, कौन झंडा में मांस बांधा था ? यह जांच का विषय था लेकिन प्रशासन अभय सिंह को जेल में डाल देती है। जो हिंदुओं और प्रशासन पर वार करते हैं वो बेगुनाह और जो हिन्दू हित की बात करते हैं जो अपने हक की बात करते हैं वो गुनहगार हैं।

# गुरु मंत्रों के साथ 179 छात्र-छात्राओं को दी गयी भावभीनी विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** शनिवार को विद्यालय के वर्ग अष्टम उत्तीर्ण 179 छात्र-छात्राओं के लिये अभिनन्दन, सम्मान, बधाई और विदाई कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें जीएमएस पंडरा रांची परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। उनके उच्चत्तर और बेहतर लक्ष्य आधारित शिक्षा के लिये विद्यालय के प्रिंसिपल एसएमसी अध्यक्ष सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा कई महत्वपूर्ण गुरु मंत्र दिये गये। प्रधानाचार्य अशोक प्रसाद सिंह द्वारा सभी को पांच मंत्रों में अपने माता पिता का सम्मान, राष्ट्र के प्रति समर्पण, गुरुओं का आदर, समाज के प्रति दायित्व निर्वहन, पंडरा स्कूल की माटी को नमन सहित अनुशासित लक्ष्य प्राप्ति के प्रति सचेष्ट रहने का संकल्प दिलाये गये। बाल संसदीय मन्त्रिपरिषद, सदन नेतृत्व मंडल और एसटीएफ के संयुक्त समन्वयन में आयोजित कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, प्रबंधन व माता समिति की सदस्याओं सहित प्रशिक्षु शिक्षिकाओं ने महती भूमिका निभायी। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में हजारों बच्चे और सैंकड़ों अभिभावक कार्यक्रम के साक्षी बने।

## बुराइयों को त्यागकर अच्छाइयों को अपनाएं : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** पालकोट प्रखंड के कुल्लुकेरा पंचायत के सारूबेड़ा में नव निर्मित संत जोसेफ रोमन कैथोलिक चर्च सारूबेड़ा का शनिवार को उद्घाटन किया गया। मौके पर पवित्र मिस्सा पूजा करौंदाबेड़ा के डीन फादर मोजेस खलखो, फादर लॉरेंस टोप्पो,फादर सुशील कुमार मिंज, फादर प्रकाश टेटे , फादर एडमोन बड़ा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसके बाद चर्च का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने फीता काटकर किया। उन्होंने चर्च के निर्माण में प्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग और ईश्वर की कृपा से आज यहां चर्च बनकर तैयार हुआ है। अब ईश्वर के इस पवित्र घर मे लोग प्रतिदिन प्रार्थना करने आएंगे। लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण होगी। उन्हें परम शांति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रभु येसु यहां के लोगों को कृपादानों से भर दें। विधायक ने लोगों को एक दूसरे में प्यार बांटने का संदेश देते हुए कहा कि जीवन मे कभी अमीरी गरीबी का भेदभाव न करें।

### बीएयू ने किया उत्पादक संगठन (एफपीओ) कार्यालय का उद्घाटन

# किसानों को दिया स्प्रयेर मशीन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू), रांची एवं राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (एनआरआरआई), कटक द्वारा समर्थित 4एस4आर फार्मर प्रोडूसर कंपनी लि. मांडर नामक किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के कार्यालय का उद्घाटन मांडर प्रखंड स्थित कनजिया गांव में किया गया। कार्यालय का विधिवत उद्घाटन बीएयू डीएसडब्लू डॉ. बीके अग्रवाल एवं सीडेक, कोलकाता के सह निदेशक रितेश मुखर्जी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बीएयू वैज्ञानिक-गण सहित कृषि से जुड़े हितकरक, स्थानीय प्रतिनिधि एवं भारी संख्या में किसान सदस्य शामिल हुए। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डॉ. बीके अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में बीएयू एवं एनआरआरआई समर्थित पांच एफपीओ के प्रत्यक्ष गठन से गांवों में किसानों को अद्यतन तकनीकी आसानी से उपलब्ध होगी, साथ ही कृषि प्रसार गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि एफपीओ किसानों के बीच प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने और उभरते बाजार के अवसरों का लाभ दिलाने में सहायक होगी। किसानों को सस्ते दर पर बीज, उर्वरक और मशीनरी की आपूर्ति सुलभ होगी, कृषि बाजार से सीधा जुड़ाव होगा, आधुनिक कृषि तकनीकी पर प्रशिक्षण, वित्तीय और तकनीकी सलाह भी हासिल होगी। इसका सीधा लाभ बहुतायत छोटे और सीमांत किसानों को मिलेगा। विशिष्ठ अतिथि रितेश मुखर्जी ने कहा कि कृषि अनुसंधान द्वारा विकसित तकनीकी को उपयोगकर्त्ता किसानों तक हस्तांतरण वैज्ञानिकों के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। सेंटर ऑफ एग्री बिजनस मैनेजमेंट के निदेशक डॉ निभा बाड़ा ने कहा कि प्रदेश के किसानों के सशक्तिकरण में एफपीओ की महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है। एफपीओ के माध्यम से किसानों को कृषि उपज का सही लाभ मिलने से किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी होगी। इस अवसर पर आईसीएआर-अखिल भारतीय समन्वित मुलार्प परियोजना के जनजातीय उपपरियोजना के अधीन आदिवासी किसान सदस्यों को नैपसैक स्प्रयेर मशीन एवं सीड बीन का निःशुल्क वितरण किया गया। मौके पर मुख्य अन्वेषक (मुलार्प) डॉ सीएस महतो ने कहा कि एफपीओ के गठन से बीएयू वैज्ञानिकों को किसानों के बीच उपादानों के वितरण एवं कृषि प्रसार गतिविधियों के संचालन में आसानी होगी।

### 66वें राष्ट्रीय स्कूल गेम्स की कुश्ती प्रतियोगिता के अंतिम दिन पहलवानों ने जीते दो पदक




**रांची।** 06 से 12 जून -2023 दिल्ली में आयोजित 66वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स में कुश्ती प्रतियोगिता के अंतिम दिन झारखंड के पहलवानो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया-जिसमें, रिंपा कुमारी बालिकाओं के 50 केजी भार वर्ग में रजत पदक एवं रिया कुमारी 53 केजी भार वर्ग में कांस्य पदक झारखंड को दिलाया एवं इस कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड के पहलवानों ने कुल तीन पदक जीते। 1-रिंपा कुमारी-रजत पदक, 2-रिया कुमारी-कांस्य पदक 2-अंजीत कुमार मुंडा-कांस्य पदक हासिल किया। झारखंड के पहलवानो को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर,शिक्षा सचिव झारखण्ड एवं हम सभी के अभिभावक, श्री के रवि कुमार, (आईएएस), भोला नाथ सिंह, झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष- जिशन कमर सर, महासचिव-रजनीश कुमार, कोषाध्यक्ष-बबलू कुमार, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी जेईपीसी धीरसेन ए सोरेंग, विजय शंकर सिंह,सीनियर प्लेयर सह राष्ट्रीय प्रशिक्षक राजीव रंजन, मधु तिर्की ने एवं खेल विभाग झारखंड के पदाधिकारियों ने भी शुभकामनाएं दी।

### सिंगिंग क्वीन नाजिया चाहत मुम्बई में मचा रही हैं धमाल



**रांची।** कहते हैं कि हौसलों को कर बुलंद तो उड़ान को पंख जरूर मिलती है। यह पंक्ति को सच कर दिखाया सूबे के गिरिडीह जिले से लगभग 85 किलोमीटर दूरी पर स्थित गावां प्रखंड की रहने वाली नाजिया चाहत ने। मध्यवर्गीय परिवार से आने वाली नाजिया जिस गांव में बेटियों को कम उम्र में शादी करके उसे अपने हाथों में जिम्मेदारियों का बोझ देकर ससुराल विदा कर दिया जाता है उस वर्ग से नाजिया चाहत ने अपने सपनों के लिए सबसे लड़ी और आज वे मुंबई जैसे मायानगरी शहर में रहकर अपने और झारखंड के लिए एक अलग पहचान बनाई है। मुंबई में नाजिया टी- सीरीज विंग्स म्यूजिक कंपनी एंड वन फिल्म एंड म्यूजिक प्रोडक्शन जैसे कंपनियों से गाना गा चुकी हैं। साथ ही उनके और भी प्रोजेक्ट हैं जो बहुत जल्द सुनने को मिलेगा, अपनी मेहनत और लगन से आज डिजिटल युग में इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाखों फॉलोवर्स हैं। नाजिया हाल में ही हिंदी ओनर्स में मास्टर डिग्री की शिक्षा रांची यूनिवर्सिटी से पूरी की है, नाजिया बताती हैं मेरी जर्नी बहुत ही कष्टों से भरी रही है, फिर भी कभी हार ना मान कर अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने की हौसला रखती हूं, अपने गांव में मैं शिक्षिका की भूमिका को भी निभा चुकी हूं। नाजिया कहती हैं शुरूआत के दिनों में लोग मुझे मदद करना नहीं चाहते थे। धीरे-धीरे मेरे मेहनत को लोगों ने देखा उसके बाद मुझे लोग मदद करने लगे।

### संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को सफल बनाने के लिए हुई बैठक

**अनगड़ा।** भाजपा सिकिदिरी मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक शनिवार को बक्सीडीह महतो लाइन होटल में मंडल अध्यक्ष सुनील महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 14 जून को सरला बिरला परिसर महिलौंग में होनेवाने संयुक्त मोर्चा के सम्मेलन को सफल बनाने पर चर्चा की गई। इस दौरान निर्णय हुआ कि संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में सभी मंच और मोर्चा के पदाधिकारी शामिल होंगे। मंच को मजबूत करने के लिए की गयी है। बैठक में संयोजक कामेश्वर सिंह, बुधराम बेदिया, नंदलाल राम, रघुनाथ मुंडा, मनमोहन भोगता, धनेश्वर बेदिया, बलराम साहू, मनोज साह, जयनंदन सिंह, शिवधर रजवार और शमशाद खान आदि मौजूद थे।

### श्री श्याम भंडारे का किया गया भव्य आयोजन

# खाटू नरेश की जयकारों से गूंज रहा था मंदिर परिसर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** श्री श्याम मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडार में सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर भाव विभोर हो गये। भंडारा पाने के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी थी। अवसर था 66 वें श्री श्याम भंडारे का। यजमानश्री परिवार के श्रवण तोदी सविता तोदी विशांत तोदि व स्नेहा तोदी ने परिवार के साथ मंदिर में विराजमान खाटू नरेश शिव परिवार हनुमान जी महाराज लड्डू गोपाल शालिग्राम व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया की अगुवाई में यजमानश्री तोदी परिवार ने भोग भजनों का गायन कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। भोग लगे प्रसाद को तोदी परिवार ने विशाल भंडारे के प्रसाद में मिश्रित कर महाप्रसाद बनाकर सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों का चंदन करके भंडारे का प्रसाद खिलाकर दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में मंदिर में ही प्रसाद के रूप में केसरिया जलेबी गट्टा पुलाव अजवाइन पूरी आलू चना लौकी मिश्र सब्जी शीतल गुलाब शरबत बनाया गया था। टॉफी अलग से भक्तों को दी जा रही थी। श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच भंडारे का वितरण तोदी परिवार ने प्रारंभ किया। खाटू नरेश की जयकारों से हरमू रोड गूंज रह। इस अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण तोदी, सविता तोदी, विशांत तोदी, स्नेहा तोदी, श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू, अनिल नारनौली, पूर्व सांसद अजय मारू, अरुण बुधिया अनुज मोदी आशीष डालमिया सुरेश जैन रमा सराओगी मनोज खेतावत मनीष वर्मा उपेंद्र पांडे झूलन मुंडा सहित 50 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

### सांसद संजय सेठ ने नमो क्रिकेट एकेडमी खोलने की घोषणा की

**रांची।** रांची में क्रिकेट की अपार संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए रांची के सांसद संजय सेठ ने नमो क्रिकेट कैंप का 10 दिवसीय आयोजन किया। शनिवार को इस कैंप का समापन हुआ। समापन समारोह में सांसद ने कहा क्रिकेट कैंप का मुख्य उद्देश्य झारखंड में छिपी प्रतिभा को आगे लाना है। रांची में कई ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ी है, जिन्हें प्रशिक्षण की आवश्यकता है। उन्होंने बच्चों के उत्साह को देखते हुए नमो एकेडमी क्रिकेट कोचिंग सेंटर खोलने की घोषणा की। सांसद सेठ ने कहा कि इस एकेडमी में बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला और राज्य स्तर पर खेलने के लिए बच्चों को तैयार किया जाएगा।

### पुरस्कार — चिन्मय मिशन के दिवसीय बाल विहार शिविर का हुआ समापन

# बच्चों ने शिविर में अपने व्यक्तित्व का निखारा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** चिन्मय मिशन, रांची के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने काफी लाभ उठाये। मंत्रों के उच्चारण, योगाभ्यास, कथा, कविता, नृत्य, कला के माध्यम से बच्चों ने इस देश की महान सनातन संस्कृति को जाना। उपरोक्त गतिविधियों में प्रतिभागियों के प्रदर्शन एवं पूरे शिविर में इनके व्यवहार के आधार पर इन्हें प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। शिविर के संचालन में प्रशिक्षक व मार्गदर्शक के रूप में दोनों दिन निम्नलिखित संयोजिकाएं उपस्थित थीं। मंगला बागला, रम्या, अनुप्रिया सरायका, नेहा मोदी, अल्का सरायका, कनक शर्मा, पूजा बगड़िया। निम्नलिखित स्वयंसेविकाएं भी दोनों दिन उपस्थित थीं - विमला टोरका, करूणा बागला, ललिता नारसरिया, स्वाती अग्रवाल, शिल्पा केजरीवाल। पूज्य स्वामी जी का सत्संग, विजय सरायका का योग प्रशिक्षण एवं श्री जीवी एसआर प्रसाद के थीम को बच्चों द्वारा बहुत पसंद किया गया। श्याम टोरका, संजय सुल्तानिया, ओम प्रकाश, जीपी त्रिवेदी, राजीव रंजन, बसंत शर्मा, अशोक मंगल, राजेश कौशिक, वेद प्रकाश बागला, राजेश अग्रवाल, सुरेश खेमका सुश्री मुक्ति प्रकाश की सेवा को संयोजिकाओं द्वारा सराहा गया। विशेष रूप से वी एम धामोरिकर, आर के चौधरी, मुकुन्द गाड़ोदिया आदि उपस्थित थे। जेरी लैंड के जेरी ने शिविर में आकर प्रतिभागियों को बहुत आनन्दित किया। बच्चों ने अपने अनुभव सुनाएं एवं ऐसे शिविर को पुनः शीघ्र ही करने की मांग की।

### खलारी में पिस्टल के बल पर स्टेशन मास्टर से लूटपाट

**मैकलुस्कीगंज।** खलारी के स्टेशन मास्टर जीतेन्द्र कुमार से पिस्टल के बल पर तीन अपराधियों ने बाइक, मोबाइल और पर्स लूटकर बीजूपाड़ा की ओर भाग गए। घटना शुक्रवार की रात 12 बजे की है। मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र की हुटाप बस्ती के पास मैकलुस्कीगंज-पतरातू सड़क पर जैसे स्टेशन मास्टर पहुंचे वहां पहले से घात लगाए बैठे तीन अपराधियों ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद एक अपराधी ने पिस्टल की बट से जीतेन्द्र के सिर पर मारकर घायल कर दिया। वे मैकलुस्कीगंज स्थित अपने क्वार्टर से बाइक से खलारी स्टेशन आ रहे थे। घटना के बाद जीतेन्द्र पैदल ही खलारी रेलवे स्टेशन पहुंचे और स्टेशन अधीक्षक जे सोरेन और यातायात निरीक्षक उमेश कुमार को जानकारी दी। सूचना मिलने पर खलारी और मैकलुस्कीगंज थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घटना के बाद स्टेशन मास्टर जीतेन्द्र कुमार को अवकाश देकर उनके पैतृक घर जहानाबाद भेज दिया गया है। इस मामले में मैकलुस्कीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## पेज एक के शेष

### डैम में नहाने ...

घटना के बाद सैकड़ों की संख्या में लोग जानकारी लेने डैम पहुंचे। डैम पर परिजनों की सिर्फ चीख पुकार सुनाई दे रही थी।

**मृतक सोनू उरांव आया था अपने नानी के घर :** सोनू की मां ने बताया कि यह मेरा इकलौता लड़का था और नानी के घर घूमने आया था। इसके पिता बाहर ओडिशा में गाड़ी चलाते हैं। उसी से हम लोग का घर चलता है। सोनू उरांव पढ़ने में बहुत तेज था वह बड़े होकर डॉक्टर बनना चाहता था। मृतक बच्ची रूपा कुमारी के पिता बाहर कमाते हैं, जो 7 साल से घर नहीं आए हैं। रूपा कुमारी के दो भाई और दो बहन है। किसी तरीके मेहनत मजदूरी कर इनका घर चलता है।

**परिजनों को मिलेगी हरसंभव सहायता :** मुक्तेश्वर घटना के बाद झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय डैम पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि झामुमो परिवार इस हृदय विदारक घटना से मर्माहत है परिजनों को आपदा प्रबंधन के तहत तय मुआवजे की राशि दिलाई जाएगी। साथ ही अन्य सरकारी सहायता भी परिजनों को उपलब्ध कराया जाएगा। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद केसरी ने घटनास्थल का जायजा लिया और मृतक के परिजनों से कहा कि आगे इस तरह की घटना ना हो इसके लिए हम लोग सुरक्षा का बंदोबस्त करेंगे और घटना कैसे हुई इसकी जांच की जाएगी।

### मुख्यमंत्री की...

द्वारा पत्र भेज दिया गया है। पत्र में लिखा गया है कि मुख्यमंत्री 15 जून को विधि व्यवस्था, वारंट तामिल, लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति, सर्टिफिकेट केस की स्थिति, अवैध खनन, अवैध मादक पदार्थ ,अवैध शराब और पुलिस के इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधी मुद्दों की समीक्षा करेंगे। बताया जाता है कि 15 जून को मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक से पहले 12 जून को ही डीजीपी अजय सिंह राज्य के सभी जिलों के एसपी और वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ पुलिस मुख्यालय में बैठक करेंगे। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की समीक्षा को लेकर क्या-क्या तैयारियां पुलिस विभाग के द्वारा की गई है, उसका जायजा डीजीपी लेंगे। समीक्षा को लेकर तैयारियों में अगर कोई कमी डीजीपी को नजर आएगी तो उससे संबंधित निर्देश फिर से पुलिस अधिकारियों को जारी किए जाएंगे, जिससे वे 15 जून से पहले सभी तैयारियां पूरी करके ही मीटिंग में बैठे।

### पटना व रांची ...

डिविजनल ऑपरेशंस मैनेजर को रिवाइज्ड लेटर जारी कर व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। पत्र के मुताबिक दानापुर के एक ट्रैफिक इंसपेक्टर को पटना से गया तक फुट प्लेटिंग और मिनट टू मिनट टाइम रिकॉर्डिंग करने को कहा गया है जबकि धनबाद डिवीजन को गया से रांची जाने और लौटने के दौरान फुट प्लेटिंग और मिनट टू मिनट टाइम रिकॉर्डिंग करना है। ट्रायल रन के दौरान वंदे भारत की आठ बोगियां लगाई जाएंगी। हालांकि, अभी तक इसके किराये का खुलासा नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि पटना और रांची के बीच शुरू होने जा रही वंदे भारत ट्रेन को लेकर दोनों राज्यों के लोग बेहद उत्साहित हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि, यह ट्रेन ना सिर्फ आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी, बल्कि यह महज 6 घंटे में पटना और रांची के बीच की दूरी तय कर लेगी।

# अलेक्जेंडर का मुकाबला जोकोविच से



**एजेंसी। पेरिस**

पिछली सफलताओं का अनुकरण करना कभी आसान नहीं होता है, लेकिन कैस्पर रुड ने विगत शुक्रवार को रौलां गैरो में इसे वैसा ही बना दिया। नार्वे के खिलाड़ी ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ सेमीफाइनल में 6-3, 6-4, 6-0 से जीत दर्ज की और फाइनल में उनका मुकाबला पूर्व नंबर एक सर्बिया के नोवाक जोकोविच से होगा। रुड, जो एक साल पहले पेरिस में और 2022 यूएस ओपन में फाइनलिस्ट थे, ने ज्वेरेव को अभिभूत करने और कोर्ट फिलिप-चैटरियर पर दो घंटे, नौ मिनट की जीत हासिल करने के लिए अपने ट्रेडमार्क क्लीन बेसलाइन खेल का प्रदर्शन किया। रूड ने अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, ₹ईमानदारी से मैं बस वहां गया था और बहुत अधिक भावनाओं के बिना खेलने की कोशिश की थी। अगर यह टूनामेंट के अंत की ओर है, तो आज यहां खेलने वाले हर किसी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए मैंने बिना दबाव के खेलने की कोशिश की, बिना ज्यादा सोचे, और बहुत अधिक भावना के साथ नहीं खेलने की कोशिश की। आज का दिन वास्तव में अच्छा गया। शुरूआत से लेकर आखिरी बिंदु तक सब कुछ मेरे हिसाब से चल रहा था, सौभाग्य से, और मैं इस मैच को जीतकर बहुत खुश हूं। रुड ने रविवार के चैंपियनशिप मैच में अपना स्थान बुक करने के लिए अर्जित 10 ब्रेक प्वाइंट में से छह को भुनाया, जहां वह अपने पहले प्रमुख खिताब के लिए खेलेंगे। वहां उनके प्रतिद्वंद्वी दो बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच होंगे, जिन्होंने इससे पहले कार्लोस अल्काराज को 6-3, 5-7, 6-1, 6-1 से हराया था। रूड वर्ष में 16-11 के मामूली रिकॉर्ड के साथ रौलां गैरो पहुंचे थे, लेकिन 2023 की कठिन शुरूआत के बाद उन्होंने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में वापसी के हालिया संकेत दिखाए थे। 24 वर्षीय ने अप्रैल में एस्टोरिल में अपना 10वां एटीपी टूर खिताब जीता था। वह मई में रोम में एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में पहुंचे और पेरिस में उन्होंने अपने तीसरे प्रमुख फाइनल के रास्ते में सिर्फ दो सेट गंवाए। अप्रैल में मियामी में तीसरे दौर से बाहर होने के बाद रूड पेपरस्टोन एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में 83वें स्थान पर थे, लेकिन अब वह आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं क्योंकि वह निट्टो एटीपी फाइनल्स में लगातार तीसरी बार उतरने की तलाश में हैं।

## फीफा महिला रैंकिंग में अमेरिका शीर्ष पर बरकरार



**जेनेवा।** इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) की ताजा महिला रैंकिंग में अमेरिका शीर्ष पर बना हुआ है जबकि शीर्ष पांच टीमों में भी कोई बदलाव नहीं आया है। समाचार की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, स्वीडन, इंग्लैंड और फ्रांस रैंकिंग में शीर्ष पांच टीमें हैं, रैंकिंग को तीन महीने के बाद ताजा किया गया है। इस अवधि के दौरान कुल 101 अंतर्राष्ट्रीय खेल खेले गए क्योंकि टीमें ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड में आगामी फीफा महिला विश्व कप की तैयारी कर रही हैं, जो 20 जुलाई से शुरू होना है। अप्रैल में यूरोपीय दौरे के दौरान टीम के स्विट्जरलैंड के साथ 0-0 से बराबरी करने और स्पेन से 3-0 से हारने के बाद चीन 13वें से 14वें स्थान पर आ गया है।

# एशियाई खेलों में तभी भाग लूंगी जब मसला सुलझ जाएगा : साक्षी मलिक

**नवीन मेल संवाददाता। सोनीपत**

पहलवानों के मुद्दों को सुलझाने के लिए चल रही बातचीत के बीच पहलवान साक्षी मलिक ने शनिवार को कहा कि जब तक मामला पूरी तरह से सुलझ नहीं जाता, वे एशियाई खेलों में भाग नहीं लेंगी। सोनीपत में संवाददाताओं से बात करते हुए मलिक ने कहा कि कोई नहीं समझ सकता कि पहलवान रोज मानसिक रूप से किस स्थिति से गुजर रहे होते हैं। 30 वर्षीय पहलवान यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के इस्तीफे की मांग कर रहे पहलवानों के लिए भविष्य की रणनीति तय करने के लिए महापंचायत में भाग लेने सोनीपत पहुंचीं। साक्षी ने कहा, हम



एशियाई खेलों में तभी भाग लेंगे जब इन सभी मुद्दों का समाधान हो जाएगा। आप नहीं समझ सकते कि यह मानसिक रूप से कितना थका देने वाला है और हम हर रोज किस स्थिति से गुजर रहे हैं। साक्षी की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब एशियाड के लिए ट्रायल इसी महीने में होने वाले हैं। विरोध में शामिल लोगों सहित सभी पहलवानों को ट्रायल में भाग लेने और एशियाई खेलों के लिए भारत की टीम में अपनी जगह अर्जित करने की आवश्यकता है, जो 23 सितंबर से 8 अक्टूबर, 2023 तक हांगझाऊ, चीन में आयोजित किया जाएगा।

इससे पहले बुधवार को साक्षी ने बजरंग पूनिया और अन्य लोगों के साथ केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से उनके घर पर मुलाकात की थी और कहा था कि सरकार ने पुलिस जांच पूरी करने के लिए 15 जून तक का समय मांगा है। साक्षी ने 'आईएएनएस' से कहा, सरकार ने पुलिस जांच पूरी करने के लिए 15 जून तक का समय मांगा है। वह कुश्ती से संबंधित हमारे अधिकांश प्रस्तावों पर सहमत हो गई है।

## पेरिस डायमंड लीग : मुरली श्रीशंकर लंबी कूद में तीसरे स्थान पर रहे



**पेरिस।** भारत के मुरली श्रीशंकर ने यहां पेरिस डायमंड लीग 2023 में पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा में 8.09 मीटर की प्रभावशाली कोशिश के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। मुरली ने अपने तीसरे प्रयास में शुक्रवार रात की अपनी सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाई। 8.09 मीटर के प्रयास ने उन्हें दूसरे स्थान पर रखा, केवल मौजूदा ओलंपिक और डायमंड लीग चैंपियन ग्रीस के मिल्टियाडिस टेंटोग्लू से पीछे, जिन्होंने 8.13 मीटर की छलांग के साथ पेरिस डायमंड लीग जीती। हालांकि, चौथे प्रयास में मुरली के एक फाउल और स्विट्जरलैंड के साइमन एहमर द्वारा 8.11 मीटर की छलांग ने भारतीय लॉन्ग जम्पर को तीसरे स्थान पर धकेल दिया।

# अर्जेंटीना की चीन पर रोमांचक जीत

## ऑस्ट्रेलियाई पुरुषों ने नीदरलैंड को रौंदा



**एजेंसी। लुसाने (स्विट्जरलैंड)**

अर्जेंटीना की महिलाओं ने आइंडहोवन में एफआईएच हॉकी प्रो लीग मुकाबले में चीन को रोमांचक अंदाज में 2-1 से हरा दिया जबकि हॉकी के दो दिग्गजों के बीच मुकाबले में, ऑस्ट्रेलियाई पुरुषों ने सनसनीखेज प्रदर्शन करते हुए नीदरलैंड को 7-2 से रौंद दिया। चीन ने अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में अधिक कब्जे और अधिक क्षेत्र के साथ पहले हाफ में दबदबा बनाया, लेकिन किसी भी कीपर को बहुत अधिक दबाव में नहीं रखा गया क्योंकि दोनों टीमें कुछ ही बार सर्कल में घुस पायीं। अर्जेंटीना को तीसरे क्वार्टर की शुरूआत में एक और गियर मिला, जो गेंद पर बेहतर और एक टीम के रूप में अधिक सामंजस्यपूर्ण दिख रहा था। उन्हें उनके प्रयासों का फायदा मिला जब विक्टोरिया साउज ने 25 गज की दूरी से गेंद को मारा जो डेल्फीना थोम की हॉकी से डिफ्लेक्ट होकर गोल में चला गया। अर्जेंटीना को 1-0 की बढ़त मिल गयी। चीन ने तीसरे क्वार्टर के अंतिम कुछ मिनटों में सकारात्मक खेल के साथ खेल में वापसी की लेकिन कोई गोल नहीं कर सकीं। चीन ने अंततः चौथे क्वार्टर में बराबरी का गोल दागा। झांग सियाओसूए ने सर्कल में अपना रास्ता बनाया और एक शॉट लिया जिसे कीपर ने बचा लिया लेकिन गेंद फिर रिबाउंड होकर उनके पास वापस आ गयी। इस बार उन्होंने बराबरी का गोल दाग दिया।

## मुख्य कोच थॉमस ब्रडरिक ने छोड़ा चेन्नईयिन एफसी का साथ

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी और कोच थॉमस ब्रडरिक ने फुटबॉल सीजन 2022-23 के समापन के बाद अपने-अपने रास्ते अलग कर लिए हैं। क्लब ने शनिवार को उक्त जानकारी दी। ब्रडरिक के नेतृत्व में चेन्नई ने 28 मैच खेले, जिसमें दस में टीम को जीत मिली, आठ मैच ड्रॉ रहे और 10 में हार मिली। इस अवधि में, टीम ने 53 गोल किए और 52 गोल खाए। पूर्व जर्मन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ब्रडरिक ने डूरंड कप के दौरान क्लब में अपना कार्यकाल शुरू किया, जहां टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में कामयाब रही। वह हीरो इंडियन सुपर लीग के दौरान भी प्रभारी थे, जहां चेन्नई की टीम 27 अंकों के साथ आठवें स्थान पर रही। चेन्नईन एफसी ने कोच थॉमस को उनके योगदान और जुनून के लिए धन्यवाद दिया और उन्हें अपने भविष्य के सभी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी। क्लब जल्द ही 2023-24 सीजन के लिए मुख्य कोच पर निर्णय लेगा।

# एशियाई खेलों से पहले महिला टीम जर्मनी व स्पेन का दौरा करेगी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय महिला सीनियर हॉकी टीम इस साल जुलाई में जर्मनी दौरे के आमंत्रण टूर्नामेंट के लिए फ्रैंकफर्ट जाएगी। सप्ताह भर के दौरे के दौरान, भारतीय महिला टीम पहले रसेलशेम, फ्रैंकफर्ट में प्रशिक्षण लेगी, जिसके बाद जर्मन और चीनी राष्ट्रीय टीमों के खिलाफ टेस्ट मैचों की श्रृंखला होगी। जर्मनी में इस एक्सपोजर दौरे के बाद, टीम भारत वापस जाने से पहले दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और स्पेन के खिलाफ चार देशों के टूर्नामेंट को खेलने के लिए टेरासा, स्पेन जाएगी। जर्मन दौरा भारतीय टीम को आगामी एशियाई खेलों की तैयारी में मदद करेगा, जो हॉकी के लिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन इवेंट भी है। एक बयान में कहा गया, राष्ट्रीय खेल महासंघ योजना के लिए युवा मामलों और खेल मंत्रालय की सहायता के तहत अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर टूर को वित्त पोषित किया जा रहा है और इसमें टीम और सहायक कर्मचारियों की हवाई यात्रा लागत, वीजा शुल्क, बोर्डिंग और लॉजिंग लागत, भोजन खर्च, स्थानीय खर्च शामिल होंगे।

# वेस्ट इंडीज ने यूएई टीम को 3-0 से क्लीन स्वीप किया



**एजेंसी। शारजाह**

एलिक अथानाज ने वेस्टइंडीज के लिए धमाकेदार और रिकॉर्ड-बराबरी करने वाले अर्धशतक के साथ शानदार शुरूआत करते हुए यहां शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में तीसरे वनडे में संयुक्त अरब अमीरात पर चार विकेट से जीत और सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप दिला दी। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के क्रुणाल पांड्या द्वारा बनाए गए एकदिवसीय पदार्पण के रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए केवल 26 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। अथानाजे ने अपनी पहली 11 गेंदों का सामना करते हुए 30 रन बनाए, और 45 गेंदों में 65 रन बनाए, क्योंकि वेस्टइंडीज ने विगत शुक्रवार रात श्रृंखला स्वीप को पूरा करने के लिए 89 गेंद शेष रहते संयुक्त अरब अमीरात के 185 के लक्ष्य का सफल पीछा किया। 24 वर्षीय अथानाजे को भारत के भविष्य के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल से आगे अंडर19 विश्व कप 2018 में सर्वाधिक 418 रन बनाने के बाद वेस्टइंडीज की शुरूआत के लिए इंतजार करना पड़ा। अथानाजे को अभी वेस्टइंडीज के लिए एक टेस्ट या टी20 में भाग लेना है, लेकिन अब उन्हें राष्ट्रीय सेटअप के लिए एक रोमांचक संभावना के रूप में देखा जा रहा है। वेस्टइंडीज ने भी केविन सिंक्लेयर को श्रृंखला में पहली बार बड़ी सफलता के लिए लाइन-अप में बुलाया, क्योंकि ऑफ स्पिनर ने 7.1 ओवर में 4/24 लिया। 23 वर्षीय ने रमीज शहजाद (27) को यूएई के 142/3 के स्कोर पर आउट कर दिया और इसके तुरंत बाद वृत्य अरविंद (70) का महत्वपूर्ण विकेट निकाल दिया।

## भारत के सबसे सफल बाएं हाथ के स्पिनर बने रवींद्र जडेजा

**लंदन।** भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में देश के सबसे सफल बाएं हाथ के स्पिनर बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने पूर्व स्पिनर बिशन सिंह बेदी को पीछे छोड़ दिया है। जडेजा ने यह उपलब्धि शुक्रवार को ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के दौरान हासिल की। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में, जडेजा ने पहले स्टीव स्मिथ (34) और ट्रैविस हेड (18) के विकेट लिए। उन्होंने नौ ओवरों में 2/25 के आंकड़ों के साथ दिन का अंत किया। जडेजा ने अब 65 टेस्ट मैचों में, 24.25 के औसत और 2.44 के इकोनॉमी दर से 267 विकेट लिए हैं, जबकि बिशन सिंह बेदी के नाम 67 मैचों में 266 विकेट हैं। कुल मिलाकर, जडेजा चौथे सबसे सफल बाएं हाथ के स्पिनर है। वह श्रीलंका के रंगना हेराथ (93 मैचों में 433), डैनियल वेटोरी (113 मैचों में 362) और इंग्लैंड के डेरेक अंडरवुड (86 मैचों में 297 विकेट) के पीछे हैं।

# उदयपुर के प्रणय और बीकानेर की युक्ति ने जीते गोल्ड मेडल



**एजेंसी। जयपुर**

66वें नेशनल स्कूली गेम्स में नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में खेले गए शतरंज के मुकाबलों में राजस्थान के स्कूली शिक्षा विभाग की टीम के दो खिलाड़ियों उदयपुर के प्रणय चौर्डिया (द स्टडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल, बाड़ी, उदयपुर) एवं बीकानेर की युक्ति हर्ष (राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, हर्षों का चौक, बीकानेर) ने व्यक्तिगत गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। स्कूल गेम्स फैडरेशन आफ इंडिया के बैनर तले शतरंज के मुकाबलों में पहली बार शिरकत कर रही राजस्थान की टीम के ये दो युवा सितारे, छात्र और छात्रा वर्ग में अपने-अपने बोर्ड पर अविजित रहे। प्रणय चोर्डिया ने जहां प्रथम बोर्ड पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए सभी छह राउंड की बाजियों में अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर पूरे छह अंक हासिल किए, वहीं युक्ति हर्ष ने पांच बाजियों में से तीन में जीत और दो ड्रा के साथ 4 अंक अर्जित करते हुए व्यक्तिगत स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने में सफलता प्राप्त की। राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद के शतरंज मुकाबलों में राजस्थान की टीमों ने छात्र वर्ग में कोच हर्ष वर्द्धन हर्ष व मैनेजर किशन लाल व्यास तथा छात्रा संवर्ग में कोच महादेव चौधरी और मैनेजर कृष्णा आचार्य के निर्देशन में भाग लिया। शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला, शिक्षा राज्यमंत्री जाहिदा खान, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव नवीन जैन, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक डॉ. मोहन लाल यादव और स्कूल शिक्षा निदेशक कानाराम ने नेशनल स्कूल गेम्स में प्रणय और युक्ति को प्रदेश के लिए व्यक्तिगत गोल्ड मेडल जीतने पर बधाई देते हुए, भविष्य में ऐसी ही और सफलताओं के लिए शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी विद्यालयों में ह्यनो बैग डेह्य और ह्यचैस इन स्कूलह्य एक्टिविटीज के नवचार लागू किए गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती (19 नवम्बर 2022) को प्रदेशभर में ह्यचैस इन स्कूल एक्टिविटीह्य के तहत सरकारी विद्यालयों के 38 लाख 21 हजार 9 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिसे वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड्स में भी दर्ज किया गया।

**सफलता** 23वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के करीब पहुंचे जोकोविच ने कहा-

# अब हमारी नजरें अगला मैच जीतने पर



**एजेंसी। पेरिस**

सर्बिया के नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचने के लिए वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्काराज को हराकर रिकॉर्ड 23वीं मेजर ट्रॉफी की एक जीत के भीतर पहुंच गए हैं। वह अब बस अगला मैच जीतने के बारे में सोच रहे हैं। जोकोविच ने शुक्रवार को शारीरिक रूप से बीमार स्पैनियार्ड से पहले दो सेटों की धमाकेदार शुरूआत के बाद चार सेटों में जीत हासिल की और इतिहास के कगार पर पहुंच गए। ग्रैंड स्लैम खिताब की दौड़ में राफेल नडाल से आगे निकलने के लिए रविवार के फाइनल में सर्बियाई का सामना कैस्पर रूड से होगा। एटीपी टूर ने जोकोविच के हवाले से कहा, ₹दबाव हमेशा मेरे कंधों पर होता है, इसलिए यह अलग नहीं होने वाला है। लेकिन यह मेरे खेल का हिस्सा है, मेरे जीवन का हिस्सा है, जो मैं करता हूं। मुझे लगता है कि दबाव होना एक विशेषाधिकार है। लेकिन यह प्रेरणा का स्रोत है, जैसा कि अच्छा खेलने और रविवार तक पहुंचने के लिए महान प्रेरणा। उन्होंने कहा, टूर्नामेंट से पहले मैं कह रहा था कि निश्चित रूप से मेरे लिए रौलां गैरो एक ग्रैंड स्लैम है, और यह इस सतह पर सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। इसलिए मैं अच्छी तरह से तैयार था ताकि मैं इस स्थिति में रह सकूं, ताकि मैं तैयार रह सकूं इस दूसरे ग्रैंड स्लैम खिताब को जीतने के लिए। जोकोविच ने कहा, मुझे उम्मीद है कि मैं रविवार को अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलूंगा। अब मैं केवल इतना कह सकता हूं कि मैं बहुत फोकस्ड हूं। इतिहास हमेशा मेरे ऊपर मंडराता रहता है, लेकिन मैं इस खेल का इतिहास लिखने की स्थिति में आकर बहुत खुश हूं, लेकिन मैं सिर्फ अगला मैच जीतने के बारे में सोच रहा हूं। जोकोविच ने अल्काराज के खिलाफ पेरिस में पखवाड़े के अपने सर्वश्रेष्ठ टेनिस का प्रदर्शन किया, लेकिन स्पैनियार्ड ने सेमीफाइनल को एक-सेट-ऑल पर बराबर करने के लिए वापसी की, जब वह एक क्रैम्प के शिकार हो गए जिससे कोर्ट फिलिप-चैटरियर पर उनका मूवमेंट गंभीर रूप से बाधित हो गया। सच्ची चैंपियन शैली में, जोकोविच मैच में एक आरामदायक जीत हासिल करने के लिए अपने खेल पर केंद्रित रहे, जो रौलां गैरो क्लासिक बनने के लिए तैयार लग रहा था।

## मंगोलिया पर मिली जीत से स्टिमैक ने भारतीय टीम के प्रदर्शन को सराहा

**भुवनेश्वर।** इंटरकांटिनेंटल कप 2023 के उद्घाटन मैच में मंगोलिया के खिलाफ मिली 2-0 की जीत के बाद मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने भारतीय फुटबॉल टीम के प्रदर्शन की जमकर तारीफ की है। मैच के बाद के प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्टिमैक ने कहा, ₹हम अपने प्रदर्शन से खुश हैं। हमने जो कुछ चाहा, वह किया। लड़कों ने पिच पर अपने समय का आनंद लिया, गेंद को पास किया, मौके बनाए और गोल किया। हम कुछ और गोल कर सकते थे, क्योंकि ऐसा करने के लिए हमें पर्याप्त मौके मिले, कुल मिलाकर इस जीत से मैं खुश हूं। उन्होंने आगे कहा, मंगोलियाई टीम ने अच्छी तरह से बचाव किया। वे मैच के मध्य भाग में अच्छे थे, लेकिन हमें परेशान नहीं कर सकते थे क्योंकि हमारे पास अपूया और थापा जैसे शानदार मिडफील्डर थे, जो गेंद पर बहुत आश्वस्त हैं। हम जानते थे कि यदि हमारे पास अच्छे होंगे तो गोल के अवसर मिलेंगे।


